राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 303
लखनऊ, रविवार 5 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





फार्मर रजिस्ट्री न बनाने पर 352 कर्मचारियों पर कार्रवाई 10

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद को अर्पित की पुष्पांजलि 03


# मोदी-योगी की जोड़ी ने यूपी को उत्तम प्रदेश बनाया : नितिन

- उ.प्र. में 2027 में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





**नितिन नवीन ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ हनुमान सेतु मंदिर में किया दर्शन**

नितिन नवीन ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ हनुमान सेतु मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। इसके बाद लखनऊ की प्रख्यात शर्मा चाय प्रतिष्ठान पहुंचकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ चाय पी और बंद मक्खन खाया। वहीं उन्होंने पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ होटल ताज में एक बैठक भी की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का नेतृत्व करने वाला राज्य बनकर उभर रहा है। हमें वर्ष 2047 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए नितिन नवीन ने दावा किया कि वर्ष 2027 में लगातार तीसरी बार प्रचंड बहुमत से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास कार्यों का कीर्तिमान बनाया है। मोदी-योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाया है। भाजपा अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए वे जनता का ध्यान भटकाने के लिए नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं। हमें विपक्ष के झांसे में नहीं आना है। हमें उप्र के विकास के लिए काम करना है। किसी के दिल में अगर जगह बनानी है, तो उस तक पहुंचना पड़ेगा।

नितिन नवीन ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको हर गांव में प्रवास करना है। हर घर, हर व्यक्ति तक पहुंचना है। आपको हर मतदाता तक डबल इंजन सरकार की योजनाओं एवं पार्टी के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से पहुंचाना होगा। हमारे लिए राजनीति भोग नहीं त्याग है और हमारे लिए राजनीति ऐशो-आराम नहीं तपस्या है।

बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी भी उपस्थित थे।

इससे पहले चौधरी चरण सिंह अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष का स्वागत किया।

एयरपोर्ट से निकलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रथ पर सवार होकर रोड शो निकाला। एयरपोर्ट से लेकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक रास्ते में जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। आलमबाग, चारबाग, दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका, महाराणा प्रताप चौराहा और अशोक सिंहल चौराहा होते हुए रोड शो भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा।

# प्रभावी रणनीति से भारत सबसे बड़े ऊर्जा संकट से उभर पाया : मोदी

**एजेंसी, बालोतरा।**



- पश्चिम एशिया में युद्ध ने पूरी दुनिया में सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया
- बड़े-बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में मचे हाहाकार के कारण आज बड़े बड़े देश ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं लेकिन इस बड़े ऊर्जा संकट पर 21वीं सदी के नये भारत की इच्छा शक्ति और प्रभावी रणनीति एवं हर स्तर पर सही फैसले लेने से देश इस संकट से उभर सका है।

श्री मोदी शनिवार को यहां बालोतरा जिले के पचपदरा में रिफाइनरी और अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध ने पूरी दुनिया में सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। बड़े बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं लेकिन 21वीं सदी के नये भारत की इच्छा शक्ति और भारत के प्रयास इन संकटों पर भारी पड़े। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सही फैसले लिए और संकट का समय रहते सटीक आकलन किया तथा प्रभावी रणनीति बनाई। भारत के संसाधनों का संतुलित उपयोग, कूटनीति के सकारात्मक उपयोग से देश संकट से उभर पाया हैं। उन्होंने कहा कि जब सार्वजनिक तौर कुछ ताकतें अफवाह और आशंका फैलाने में व्यस्त थी तब दिन रात काम हो रहा था कि किस तरह स्थिति को संभाला जाए।

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,46,880/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,34,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,10,200/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर सुरक्षा ड्यूटी के दौरान कार्बाइन से चली गोली, तीन घायल

**वाराणसी।** वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर द्वार संख्या चार के पास शनिवार को ड्यूटी पर तैनात पीएसी के एक जवान की कार्बाइन से दुर्घटनावश गोली चलने से तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि गोली चलने से गोदौलिया से लेकर विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार तक अफ्रातफ्री की स्थिति बन गई। पुलिस उपायुक्त गौरव बांसवाल ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या चार पर तैनात श्प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरीश् के जवान के हाथ से कार्बाइन छूट गई जिसके कारण उससे दो चक्र गोली चल गयी। उन्होंने बताया कि दोनों फायर जमीन पर हुए थे लेकिन वहां फूल–माला बेचने वाले तीन लोगों को गोली के छर्रे लग गए। उन्होंने कहा कि घायलों की पहचान निक्की गुप्ता, रामबाबू और विकास यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति के हाथ में, दूसरे की कमर में और तीसरे के पैर में छर्रे लगे हैं। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### चंपत राय के बचाव में उतरे अयोध्या के संत, ट्रस्ट से इस्तीफा स्वीकार नहीं करने की अपील

**अयोध्या।** श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र (ट्रस्ट) के महासचिव चंपत राय के इस्तीफे को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अयोध्या संत मंडल उनके समर्थन में उतर आया है। संतों ने ट्रस्ट से चम्पत राय का इस्तीफा स्वीकार नहीं करने की अपील की है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, लेकिन इस पर अभी फैसला नहीं हुआ है। ट्रस्ट की छह जुलाई को अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई है, जिसमें उनके इस्तीफे पर विचार हो सकता है। बैठक से पहले संतों ने चंपत राय का समर्थन करते हुए उनका बचाव किया है। शनिवार को अयोध्या संत मंडल की एक बैठक हुई जिसके बाद संतों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। संतों ने कहा कि चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट आने तक किसी निष्कर्ष पर न पहुंचने की अपील की। महंत राघवेश दास दास वेदांती ने कहा कि दान राशि में गड़बड़ी के आरोपों की सच्चाई एसआईटी जांच के बाद ही सामने आएगी। उन्होंने मांग की कि ट्रस्ट से चंपत राय का इस्तीफा मंजूर न किया जाए। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे आगे आकर आय–व्यय का पूरा डेबिट–क्रेडिट सार्वजनिक करें।

# मोदी सरकार का बड़ा फैसला, जैश-लश्कर से जुड़े 23 लोगों को घोषित किया आतंकवादी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

- आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति के तहत गृह मंत्रालय ने उठाया महत्वपूर्ण कदम



केंद्र सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 23 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 4 जुलाई 2026 को इस संबंध में गजट नोटिफिकेशन जारी किया। जारी अधिसूचना में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई पाकिस्तान आधारित व्यक्तियों के नाम शामिल हैं। सरकार के अनुसार, इन सभी पर आतंकियों की भर्ती, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, हथियारों की आपूर्ति, घुसपैठ और आतंकी हमलों में भूमिका निभाने जैसे आरोप हैं।

गृह मंत्रालय की ओर से जारी सूची में मसूद इलियास कश्मीरी का नाम शामिल है, जिसे वर्ष 2022 के सुनजवां आर्मी कैंप हमले की साजिश से जोड़ा गया है। इसके अलावा मोहम्मद मुसद्दिक पर सुनजवां हमले में घुसपैठ और आतंकी ऑपरेशन के समन्वय का आरोप लगाया गया है।

वहीं मुफ्ती मोहम्मद असगर खान को वर्ष 2016 के नागरोटा आर्मी कैंप हमले से जुड़े घुसपैठ नेटवर्क का प्रमुख संचालक बताया गया है।

नई सूची में हाफिज अब्दुल शकूर का नाम भी शामिल है। गृह मंत्रालय के अनुसार, उस पर वर्ष 2016 के नागरोटा हमले से पहले स्थानीय नेटवर्क के संपर्क और घुसपैठ में भूमिका निभाने के आरोप हैं। इसके अलावा अब्दुल्ला जेहादी (शाह नवाज, अल हिजामा) पर नागरोटा हमले में शामिल आतंकियों की सहायता करने और जैश-ए-मोहम्मद के कई प्रशिक्षण शिविरों के संचालन से जुड़े आरोप लगाए गए हैं। गृह मंत्रालय ने फिरदौस अहमद भट को लश्कर-ए-तैयबा का लॉन्चिंग कमांडर बताते हुए उसे घुसपैठ और लॉजिस्टिक सपोर्ट नेटवर्क से जुड़ा बताया है। वहीं बिलाल अहमद मीर उर्फ अहमद भाई पर सीमा पार आतंकी गतिविधियों के संचालन और लश्कर व टीआरएफके लिए हथियारों की आपूर्ति कराने का आरोप है। उसे भी आतंकवादी घोषित किए गए 23 लोगों की सूची में शामिल किया गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, अधिसूचना में शामिल सभी 23 व्यक्तियों की भूमिका विभिन्न आतंकी गतिविधियों, भर्ती, प्रशिक्षण, हथियारों की आपूर्ति, फंडिंग और घुसपैठ जैसे मामलों में सामने आई है। इन्हीं आधारों पर यूएपीए के तहत उन्हें आतंकवादी घोषित किया गया है।

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) भारत का प्रमुख आतंकवाद-रोधी कानून है। इसका उद्देश्य देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा के खिलाफ होने वाली गैरकानूनी तथा आतंकवादी गतिविधियों को रोकना है। इस कानून के तहत सरकार व्यक्तियों और संगठनों को आतंकवादी घोषित करने सहित कई कानूनी कार्रवाई कर सकती है।

# खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोह में गूंजे ट्रंप को मार डालो के नारे

- सुप्रीमो के साथ 14 माह की पोती का ताबूत देख रो पड़े राष्ट्रपति पजशकियान

**एजेंसी, तेहरान।**



ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए शनिवार को राजधानी तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला में लाखों लोग जुटे। शिया परंपरा के अनुसार लोग काले कपड़े पहनकर पहुंचे और छाती पीटकर मातम मनाया। समारोह के दौरान कई जगह अमेरिका मुर्दाबाद, बदला, बदला और खून बहेगा जैसे नारे भी सुनाई दिए।

ईरान में 3 जुलाई से अंतिम संस्कार से जुड़ी रस्में शुरू हुई हैं, जो 9 जुलाई तक चलेंगी। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हालांकि कई देशों के शीर्ष नेताओं ने समारोह में हिस्सा नहीं लिया और उनकी ओर से निचले स्तर के प्रतिनिधि भेजे गए। तेहरान में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। सेना और पुलिस की भारी तैनाती की गई है, प्रमुख सड़कों पर सैन्य वाहन तैनात हैं और संवेदनशील इलाकों की कड़ी निगरानी की जा रही है। सरकार ने अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों के लिए विशेष सुविधाएं भी उपलब्ध कराई हैं। योजना के अनुसार, खामेनेई की अंतिम यात्रा तेहरान, कोम, इराक के कर्बला और नजफसे होते हुए 9 जुलाई को मशहाद में समाप्त होगी, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## एटीएस ने जाली नोट तस्कर को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



यूपी की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने भारतीय जाली नोटों की तस्करी करने वाले गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से गिरफ्तार किया है। उस पर 25 हजार रुपये के इनाम था।

एटीएस ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि कुछ दिनों से यह सूचनाएं मिल रही थीं कि बांग्लादेश में छपी भारतीय जाली नोटों की तस्करी पश्चिम बंगाल के रास्ते उत्तर प्रदेश समेत भारत के अन्य राज्यों में की जा रही है। मामले को संज्ञान लेकर एटीएस ने जांच शुरू की और बीते दिनों वाराणसी से सुलेमान अंसारी और इदरीश को दो लाख के जाली नोटों के साथ पकड़ा था। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि बांग्लादेश में छपी भारतीय जाली नोटों को पश्चिम बंगाल में मालदा जिला के रहने वाल जाकिर उन्हें उपलब्ध कराता था। जाकिर तक यह नोट बांग्लादेश निवासी रफीकुल पहुंचाता था। इसके बाद यह भारतीय जाली नोट जाकिर हम लोगों की मदद से उत्तर प्रदेश समेत भारत के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करवाता था। एटीएस ने शुक्रवार को मालदा पहुंचकर आरोपित जाकिर को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया के तहत वाराणसी लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। एटीएस का कहना है कि अभियुक्त के पास से मिली जानकारी के आधार पर अन्य सदस्यों के संबंध में और अधिक जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा मानसून सत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद के दोनों सदनों के मानसून सत्र 2026 को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। किरण रिजिजू ने अपने पोस्ट में बताया कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई 2026 से शुरू होगा और 13 अगस्त 2026 तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यह सत्र राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय के लिए महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। सरकार की ओर से उम्मीद जताई गई है कि दोनों सदनों में जनहित और राष्ट्रीय हित से जुड़े विषयों पर व्यापक और रचनात्मक चर्चा होगी। मानसून सत्र के दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयक और नीतिगत प्रस्ताव संसद में पेश कर सकती है।

# सरकार ने प्याज का खरीद मूल्य 250 रुपये बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्र ने मूल्य स्थिरीकरण योजना के तहत प्याज का सरकारी क्रय मूल्य 13 प्रतिशत (250 रुपये) बढ़ा कर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है जो शनिवार से ही प्रभावी हो गया है।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि देश में प्याज की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सामान्य है पर वर्षा में देरी से प्याज की रोपाई महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ इलाकों में धीमी चल रही है। इससे खास कर प्याज की बड़े स्तर पर खेती करने वाले महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों के किसानों को बेहतर मुनाफा मिलेगा और मूल्य स्थिरीकरण बफर-स्टॉक के लिए खरीदारी बढ़ेगी। सरकार प्याज जैसी कुछ फसलों के दामों पर तेज उतार-चढ़ाव के दौर में किसानों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए मूल्य स्थिरीकरण योजना के तहत बफर स्टॉक रखती है। सरकार यह खरीद नाफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन) और एनसीसीएफ (भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड) के माध्यम से प्याज की खरीद कराती है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार प्याज का खरीद मूल्य 13 प्रतिशत बढ़ा कर 1,875 रुपये प्रति क्विंटल से 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। संशोधित खरीद मूल्य 4 जुलाई प्रभावी हो गया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस निर्णय से प्याज किसानों को बेहतर लाभ मिलेगा और साथ ही बफर खरीद प्रयासों को भी समर्थन मिलेगा।

## दोहरी नागरिकता के आरोप में 25 नेपालियों पर मामला दर्ज

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** बलरामपुर जिले के जरवा कोतवाली में 25 नेपालियों के विरुद्ध दोहरी नागरिकता के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि फर्जी ढंग से विभिन्न सरकारी दस्तावेज बनवाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई महीनों से रह रहे थे। तुलसीपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार मल्ल ने शनिवार को बताया कि पुलिस उप निरीक्षक शंभु सिंह की तहरीर पर नामजद मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है। नामजद आरोपितों में अब्दुल कादिर सिद्दीकी, सलीम सिद्दीकी, अब्दुल अलीम, खुतीजा खातून, अब्दुल वाहिद, करीम सिद्दीकी, समीउल्लाह, अब्दुल रहमान, निसार अहमद, अब्दुल रहीम, जकरुनिशा, जाहिद खातून, हलीमा खातून, रेशमा, कमाल अहमद, जमीला, शाहिद अख्तर, सनाउल्लाह, निसरत, नूरसबा, यासिर अराफात, ओसामा, सनाउल्लाह और अनस सिद्दीकी, फातिमा सिद्दीकी एवं सोनू सहित 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वांगचुक की सेहत बिगड़ी, कॉजपा का प्रदर्शन 15वें दिन भी रहा जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का जंतर-मंतर पर अनशन शनिवार को सातवें दिन भी जारी रहने के बीच, कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा कि उनका वजन पांच किलोग्राम कम हो गया है और उनकी सेहत तेजी से बिगड़ रही है। संगठन ने परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की अपनी मांग दोहराई।

कॉजपा की शुरुआत करने वाले अभिजीत दीपके ने एक्स पर कहा कि हर गुजरते दिन के साथ वांगचुक की हालत बिगड़ती जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधान को पद से अब तक क्यों नहीं हटाया गया। दीपके ने कहा, सोनम का वजन पांच किलोग्राम घट गया है और हर गुजरते दिन के साथ उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है। धर्मेंद्र प्रधान को हटाने के लिए प्रधानमंत्री और कितना समय लेंगे? उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के लिए धर्मेंद्र प्रधान इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं कि 20 विद्यार्थियों की मौत के बावजूद वह अब भी उन्हें नहीं हटा रहे? दीपके ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि यदि सामाजिक कार्यकर्ता के साथ कुछ भी गलत हुआ तो सरकार जिम्मेदार होगी। दीपके ने एक व्यंग्यात्मक कार्टून भी साझा किया, जिसमें एक व्यक्ति उन कागजों को खाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है जिन पर परीक्षा पत्र लिखा है और दो कॉकरोच उसे रोक रहे हैं। उन्होंने कार्टून साझा करते हुए लिखा, धर्मेंद्र प्रधान वापस जाओ। वांगचुक ने शुक्रवार देर रात एक्स पर एक पोस्ट साझा कर क्षेत्र की मांगों को लेकर केंद्र और लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत में हुई प्रगति का स्वागत किया और सरकार से अब शिक्षा में जवाबदेही पर ध्यान देने का आग्रह किया। कॉजपा का यह आंदोलन नीट सहित परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं के विरोध में 20 जून को शुरू हुआ था।

**निर्णय** | मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल लागू की गई नई व्यवस्था

# अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी शासकीय भूमि से जुड़े वादों की सुनवाई

- लखनऊ और प्रयागराज में गठित हुई विशेष बेंच

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति (यदि कोई हो) से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ (थ्री मेंबर बेंच) द्वारा की जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष बल देते रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा–9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई व्यवस्था लागू की गयी है। इसका उद्देश्य इन संवेदनशील मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता, न्यायिक गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है।

इसके तहत लखनऊ एवं प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इन श्रेणी के सभी लंबित और नए वाद अब विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसार आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई अब परिषद की एकल पीठ अथवा सर्किट कोर्ट द्वारा नहीं की जाएगी। इन मामलों पर विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ सामूहिक रूप से विचार करेगी। इससे महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न न्यायिक दृष्टिकोणों का समावेश होगा और निर्णय प्रक्रिया अधिक मजबूत, निष्पक्ष तथा न्यायसंगत बन सकेगी। विशेष पीठ हर बुधवार को करेगी मामलों की सुनवाईपरिषद की अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग–अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे सरकारी और सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण संभव होगा। साथ ही पूरे प्रदेश में निर्णय प्रक्रिया में एकरूपता भी स्थापित होगी।

# यूपीटीईटी-2026 : एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (UPTET) परीक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा जनपद गोण्डा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया, चेकिंग/फ्रिस्किंग व्यवस्था, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया गया।

इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता भी चेक की गई, जिससे परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए तथा अभ्यर्थियों की नियमानुसार सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए। एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

परीक्षा दिनांक 02.07.2026 से 04.07.2026 तक दो पालियों में आयोजित की गयी है। प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से 05:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी एवं अधिकारीगण तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों के आसपास सतत निगरानी रखी जा रही है तथा भ्रमणशील पुलिस टीमें लगातार गश्त कर रहीं है, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं। जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न जा रहा है।

महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को भंग न कर सके। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधन के प्रयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संलिप्त पाए जाने पर कड़ी विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नए डीपीआरओ ने सफाई कर्मियों पर लिया एक्शन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिले में रहे डीपीआरओ लालजी दूबे के सेवानिवृत्त के बाद जिले की कमान गोवर्धन दास जैन ने संभाल ली है। कार्यभार ग्रहण करते ही ऐक्शन मोड में आते ही एक सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया। उनके इस तरह के कार्य को देख सफाईकर्मियों में हड़कंप मच गया।

शनिवार को जिले में डीपीआरओ के पद पर तैनात गोवर्धनदास जैन ने पत्रकारों से अनौपचारिक बात करते हुए बताया कि वो पिछले ढाई सालो से वो जिले में एडीपीआरओ के पद रहते हुए सेवा दे रहे थे। 1996 में ललितपुर से एडीओ पंचायत के पद से सेवा शुरू करने वाले श्री जैन ने 6 दिसंबर 2023 में जिले में




एडीपीआरओ के पद पर पदभार ग्रहण किया था। उसके बाद निरंतर सेवाभाव से कार्य करते हुए उन्होंने 1 जुलाई 2026 को जिलाधिकारी के निर्देश पर डीपीआरओ का पदभार ग्रहण किया। बताया जाता है कि पदभार ग्रहण करते ही एक्शन मोड में आकर नवाबगंज विकासखंड के सफाईकर्मी गंगाप्रसाद निषाद पर कार्यवाही करते हुए उसे निलंबित कर दिया। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि गंगाप्रसाद निषाद का स्थानांतरण 27 जून को खरगुपुर ग्रामपंचायत के मीरपुर युसुफ गांव में किया गया। लेकिन स्थानांतरण आदेश पारित होने के बावजूद वह अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। जिसके चलते उन्हें आदेशों की अवहेलना व सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन माना गया। जिस कारण सफाईकर्मी को जिले से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं मामले में विभागीय जांच अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### गोण्डा में कार्य क्षेत्र का नया बंटवारा, तीन सीओ को मिला नया कार्यक्षेत्र

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** सीओ शिल्पी वर्मा के कन्नौज स्थानांतरण और पीपीएस योगेंद्र सिंह के जिले में आगमन के बाद पुलिस अधीक्षक श्री विनीत जायसवाल ने सर्कल का कार्यक्षेत्र फिर से तय कर दिया है।

नई तैनाती इस प्रकार है:- 1. आईपीएस अभिषेक दावच्या को क्षेत्राधिकारी सदर बनाया गया है। 2. पीपीएस योगेंद्र सिंह अब क्षेत्राधिकारी नगर का कार्यभार संभालेंगे। 3. पीपीएस आनंद कुमार को क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी विनीत जायसवाल ने आदेश जारी कर सभी अधिकारियों को नए कार्यक्षेत्र का चार्ज तत्काल ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि यह फेरबदल जिले में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है।

### ताला तोड़कर नकदी समेत सोने-चांदी के जेवरात उड़ा ले गए चोर



- वैवाहिक कार्यक्रम में गया था परिवार, पीछे से खाली घर में घुसे चोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात क्षेत्र के सिसई हैदर गांव में चोरों ने एक खाली घर को निशाना बनाते हुए नगदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना उस समय हुई जब घर का पूरा परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गया हुआ था। बताया जा रहा है कि गांव निवासी दिनेश शुक्ला का परिवार शादी समारोह में गया था। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे कीमती सामान को खंगाल डाला। पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देखा तो इसकी सूचना तुरंत घरवालों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घबराकर नंगे पांव ही घर पहुंचे।घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने अलमारी का लॉकर भी तोड़ दिया और उसमें रखी नगदी के साथ सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित दिनेश शुक्ला ने थाने में तहरीर देकर जल्द कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी का सघन चेकिंग अभियान



- अवैध नशीली दवाओं की बरामदगी के बाद हर वाहन की गहन जांच

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थित रूपईडीहा बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल ने सघन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। यह कार्रवाई हाल ही में रूपईडीहा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध नशीली कफ सिरप और प्रतिबंधित दवाओं की बरामदगी के बाद की जा रही है। 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गिनीश चंद्र पांडेय के दिशा-निर्देश पर सीमा चौकी रूपईडीहा स्थित बीआईटी ड्यूटी पर तैनात एसएसबी जवान आने-जाने वाले प्रत्येक संदिग्ध व्यक्ति और वाहन की गहन जांच कर रहे हैं। भारत से नेपाल जाने वाले चार पहिया वाहनों के दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की जा रही है। विशेष रूप से वाहनों की आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) का सत्यापन किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। अधिकारियों का कहना है कि सीमा पार होने वाली तस्करी, अवैध नशीली दवाओं की आवाजाही और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। एसएसबी के जवान सीमा पर पूरी सतर्कता, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

### बहोरिकापुर में निर्मित होगा उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील महसी, परगना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम बहोरिकापुर में उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय के निर्माण हेतु खसरा/गाटा संख्या 442 से क्षेत्रफल 0.1900 हेक्टयर तथा 445 से क्षेत्रफल 0.2650 हेक्टयर कुल क्षेत्रफल 0.4550 हेक्टयर श्रेणी 5(1) नवीन परती भूमि का आवंटन उच्चीकृत कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय के निर्माण हेतु बेसिक शिक्षा विभाग, उ.प्र. शासन लखनऊ के पक्ष में किया गया है।

# गोण्डा पुलिस लाइन में दो पुलिस उपाधीक्षकों की गरिमामय विदाई

- एसपी ने दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद से स्थानांतरित हुए दो पुलिस उपाधीक्षकों को शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में आयोजित इस समारोह में जिले भर के अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि दोनों अधिकारी कर्मठ, अनुशासित और कुशल प्रशासक रहे। उनके कार्यकाल में जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्रवाई हुई और आमजन से बेहतर समन्वय स्थापित हुआ।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा स्थापित कार्यशैली अन्य अधिकारियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।



**इनका हुआ स्थानांतरण**
1. सुश्री शिल्पा वर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर - कन्नौज स्थानांतरित
2. पवन कुमार वर्मा, अभिसूचना इकाई - अयोध्या स्थानांतरित

# सुधा हत्याकांड का 36 घंटे में खुलासा : मुठभेड़ में ढेर हुआ आरोपी संजय

- पुलिस पर फायरिंग के जवाब में पैर में लगी गोली, अवैध तमंचा व बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

नगर कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर चकत्ता गांव में 17 वर्षीय सुधा गौतम की हत्या का पुलिस ने 36 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। एसपी विनीत जायसवाल के निर्देश पर गठित चार पुलिस टीमों और एसओजी ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी संजय गौतम को गिरफ्तार कर लिया।

घटना की गंभीरता देखते हुए एसपी ने चार टीमों को खुलासे में लगाया था। शुक्रवार रात 9:30 बजे दुल्लापुर खालसा के पास सूचना पर नगर कोतवाली पुलिस और एसओजी ने घेराबंदी की। बिना नंबर प्लेट की एचएफ डीलक्स बाइक से भाग रहे संजय ने खुद को घिरा देख पुलिस पर अवैध तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे दबोच लिया गया।

घायल संजय को *गोंडा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सर्विलांस और जांच के आधार पर आरोपी को ट्रेस किया गया। बेटी के साथ हैवानियत करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



**छेड़छाड़ का विरोध बना मौत की वजह**
पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सुधा घर के पास मछली तालाब के बाग में गई थी। गांव के ही रहने वाले संजय गौतम ने उसे अकेला पाकर छेड़छाड़ का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने गुस्से में सुधा का गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गया।

# डीएफओ ने किया पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ

- पौधा रोपित कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



रिसिया स्थित बीना देवी बृजनरेश एनपीएस जीआईसी, गुरुदत्तपुरवा में डीएफओ सुन्देरेशा ने वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर डीएफओ सुन्देरेशा ने वृक्षों को पृथ्वी का जीवनदाता बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ वायु, जल संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हर व्यक्ति को पौधे लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रति वर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रेंजर पीयूष गुप्ता, वन विभाग के अमित वर्मा और वन दरोगा प्रदीप ने भी वृक्षारोपण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। विद्यालय की ओर से आनंद मोहन, अशोक चौहान और प्रवीण ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के संस्थापक बृज नरेश और प्रबंधक बीना देवी की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के दर्जनों पौधे लगाए गए। सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर वन विभाग के कर्मी, विद्यालय के छात्र और शिक्षक मौजूद रहे।

# जिले में 972 वाहनों पर लगा जुर्माना

- 11 लाख 68 हजार 400 रुपये जुर्माना वसूला
- ब्लैक फिल्म लगाने वालों पर भी कार्रवाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 972 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने दो दिवसीय सघन चेकिंग अभियान चलाकर 11 लाख 68 हजार 400 रुपये का अर्थदंड वसूला। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर जिले की यातायात पुलिस और विभिन्न थाना क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान किए गए। यातायात प्रभारी राम प्रसाद यादव ने बताया कि अभियान के तहत अस्पष्ट नंबर प्लेट, दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी और चारपहिया वाहनों पर काली फिल्म लगाने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त, अवैध स्टैंड बनाकर सवारियां ढोने वाले आठ चारपहिया वाहनों को भी सीज किया गया है। यादव ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की, ताकि जिले में होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके और जनहानि रोकी जा सके। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस और विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर लोगों को नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## बिना लाइसेंस चल रहे तीन प्राइवेट अस्पताल सीज



- जिले में स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से मचा हड़कंप
- यश मेडिकल, आर.एस. और आशीर्वाद हॉस्पिटल हुए सीज
- मानकों के उल्लंघन पर स्वास्थ्य विभाग ने तीनों अस्पतालों पर लटकाया ताला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन प्राइवेट अस्पतालों को सीज कर दिया। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, कैसरगंज क्षेत्र में संचालित यश मेडिकल फार्मा और आर.एस. हॉस्पिटल को बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालित पाए जाने पर सीज कर दिया गया। वहीं शहर के छोटी बाजार स्थित आशीर्वाद हॉस्पिटल पर भी कार्रवाई करते हुए उसे बंद कराया गया।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच के दौरान पाया कि ये अस्पताल निर्धारित मानकों और नियमों का पालन नहीं कर रहे थे, साथ ही इनके पास आवश्यक लाइसेंस और दस्तावेज भी नहीं थे। इसके बाद विभाग ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए अस्पतालों को सीज कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद अन्य निजी अस्पताल संचालकों में भी हड़कंप का माहौल बना हुआ है।

## जियो नेटवर्क की खराबी से सादुल्लानगर के उपभोक्ता बेहाल

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जियो नेटवर्क की खराब स्थिति से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉल ड्रॉप, इंटरनेट की धीमी स्पीड और बार-बार नेटवर्क गायब होने की समस्या के कारण लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह और शाम के समय नेटवर्क की समस्या सबसे अधिक रहती है। इससे छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन और अन्य डिजिटल कार्यों में कठिनाई हो रही है। वहीं व्यापारियों को ऑनलाइन भुगतान और बैंकिंग लेन-देन करने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीण शफीक अहमद, विनोद, राजेश कुमार, आरजू, नीबर और बिजय ने बताया कि पिछले कई दिनों से जियो का सिग्नल बेहद कमजोर है। कई बार कॉल तक नहीं लग पाती और इंटरनेट सेवा भी लगभग ठप रहती है, जिससे आवश्यक कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने जियो कंपनी से जल्द नेटवर्क व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर अपना मोबाइल नंबर दूसरे नेटवर्क में पोर्ट कराने पर विचार करेंगे।

# अंधेरे में डूबा लखनपुर गांव, ग्रामीणों में आक्रोश

- एक सप्ताह में दूसरी बार फुंका ट्रांसफार्मर

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विकास क्षेत्र के लखनपुर गांव में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव के बीचों-बीच स्थापित 16 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार फुंक जाने से पूरा गांव अंधेरे में डूब गया है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, 16 केवीए क्षमता के इस ट्रांसफार्मर पर लगभग 80 से 90 विद्युत कनेक्शन जुड़े हुए हैं। क्षमता से अधिक भार होने के कारण ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो रहा है।

शनिवार को नाराज ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और एसडीओ अश्वनी कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपकर गांव में 25 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि कम क्षमता का ट्रांसफार्मर होने के कारण आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। एक सप्ताह पहले ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद उसे बदला तो गया, लेकिन नया ट्रांसफार्मर भी महज दो दिन के भीतर फुंक गया। इससे साफ है कि वर्तमान क्षमता का ट्रांसफार्मर गांव के विद्युत भार को वहन करने में सक्षम नहीं है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समस्या की जानकारी पहले ही विद्युत विभाग के जूनियर इंजीनियर तबरेज खान को दे दी गई थी, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। अब बार-बार ट्रांसफार्मर खराब होने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने मानकों के अनुरूप पर्याप्त क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में हृदय नारायण साहू, विजय गुप्ता, सदाशिव, मुन्नी देवी, रामवती, निर्मला, धर्मराज, सुगना, सलीम मनिहार, जोखू रावत, मुंशीलाल मौर्य, जीवनलाल मौर्य, सोमई वर्मा, सोना देवी, जाकरून, देवनारायण, राघवेंद्र, शंकर, कैलाश साहू, जोखूराम, हनीफ, सलीम खान, खलील, रक्षाराम, ननकू वर्मा, संदीप, गंगाराम चौकीदार, रामसजन मौर्य, छेदीराम मौर्य, बाबूराम साहू, किशनलाल साहू, ननके साहू, जुम्मन, अनीस, मुन्ना, बाबूराम, बाबादीन सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे। जूनियर इंजीनियर तबरेज खान से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिला। वहीं, एसडीओ अश्वनी कुमार पांडे ने बताया कि गांव में 25 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्थापित कराने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गांव में लगे अन्य ट्रांसफार्मरों से लोड का वितरण कर शनिवार शाम तक गांव की विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा।

# रिसिया, मिहींपुरवा, महसी अधीक्षकों को चेतावनी पत्र जारी




- डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान जननी सुरक्षा योजना में भुगतान की स्थिति ब्लॉक रिसिया, मिहींपुरवा एवं महसी के संतोषजनक न होने पर अधीक्षक को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड के माध्यम से लाभान्वित हुए कुल लाभार्थियों की सूची सक्सेस स्टोरी के साथ अग्रिम बैठक में साझा करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पियर एजुकेटर एवं समुदाय में शिक्षा से वंचित किशोर किशोरियों समीक्षा एवं भूमिका के संबंध में चर्चा की गई। टीबी कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों की भूमिका एवं सुपरविजन के प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग कम किया जा रहा है जिसमें सक्रिय भागीदारी हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, डीपीआरओ, डीपीओ, विभिन्न कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि, अधीक्षक एवं ब्लॉक मैनेजमेंट टीम, स्वयंसेवी संस्थान के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्पदंश पर झाड़-फूक में न पड़ें, तुरंत पहुंचे अस्पताल : सीएचसी अधीक्षक

- समय पर इलाज से बच सकती है जान

सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

बरसात के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए रेहरा बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षक डॉ. विजयभान ने क्षेत्रवासियों से सतर्क रहने और किसी भी स्थिति में झाड़-फूंक या अंधविश्वास का सहारा न लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सांप के काटने के बाद इलाज में एक-एक मिनट की देरी मरीज की जान के लिए



खतरा बन सकती है। ऐसे में पीड़ित को बिना समय गंवाए नजदीकी सरकारी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाना ही सबसे सुरक्षित और प्रभावी कदम है।

डॉ. विजयभान ने बताया कि सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) उपलब्ध है और प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम सर्पदंश के मरीजों के उपचार के लिए हर समय तैयार रहती है। उन्होंने कहा कि समय पर एंटी स्नेक वेनम दिए जाने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इसलिए किसी भी प्रकार के भ्रम, घरेलू उपचार या तांत्रिक एवं ओझाओं के चक्कर में पड़ने से बचना चाहिए।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर विजयभान ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान खेतों, झाड़ियों, जलभराव वाले स्थानों और घरों के आसपास सांप निकलने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में रात के समय टॉर्च का प्रयोग करें, खेतों में काम करते समय जूते पहनें और बच्चों को भी सतर्क रहने के लिए जागरूक करें।

उन्होंने बताया कि जिले के सरकारी अस्पतालों के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सर्पदंश के इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो घबराने के बजाय उसे शांत रखें और बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि जागरूकता और समय पर उपचार ही सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकने का सबसे प्रभावी उपाय है।

# डीएम-एसपी के निर्देशन में यूपीटीईटी 2026 परीक्षा सकुशल संपन्न

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 (UPTET), जो जनपद में विगत तीन दिनों से संचालित हो रही थी, आज अंतिम दिवस पर सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए गए।

जनपद में कुल 06 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर




सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा की निष्पक्षता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी की गई तथा उड़नदस्तों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया।

# राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद को अर्पित की पुष्पांजलि

- जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि
- स्वामी विवेकानंद का जीवन भारत की सनातन चेतना का एक जीवंत प्रकाश-स्तंभ : आनंदी बेन पटेल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को जन भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जन भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र एवं समाज की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर जन भवन के शिक्षा विभाग की ओर से स्वामी विवेकानंद के जीवन, व्यक्तित्व एवं विचारों पर आधारित सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इसमें स्वामी विवेकानंद की बातें अमल में लाओ गीत पर भावपूर्ण समूह गायन हुआ। वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के दिए गए ऐतिहासिक उद्बोधन के अंशों की नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से स्वामी के सार्वभौमिक बंधुत्व, मानवता, सहिष्णुता एवं भारतीय संस्कृति के शाश्वत संदेश को सजीव एवं प्रभावपूर्ण ढंग से अभिव्यक्त किया गया। इस मौके पर



राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन भारत की सनातन चेतना का एक जीवंत प्रकाश-स्तंभ है। उन्होंने अपने अल्प जीवनकाल में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना का ऐसा विराट संचार किया, जिसका प्रभाव आज भी संपूर्ण विश्व अनुभव कर रहा है। स्वामी विवेकानंद दूरदर्शी राष्ट्रचिंतक, युवा शक्ति के प्रखर प्रेरणा-स्रोत तथा ऐसे युगद्रष्टा थे, जिन्होंने उस समय भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना की, जब देश राजनीतिक पराधीनता और मानसिक निराशा के दौर से गुजर रहा था। उन्होंने संसार को यह संदेश दिया कि भारत मानवता, करुणा, सहिष्णुता, ज्ञान, आध्यात्मिकता तथा वसुधैव कुटुम्बकम् की अनंत परंपरा का प्रतिनिधि है और विश्व को नैतिक एवं आध्यात्मिक नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता रखता है। राज्यपाल ने कहा कि किसी भी महापुरुष का सच्चा सम्मान उनके विचारों को अपने आचरण, कार्य और जीवन में उतारने से होता है।

### स्थायी शांति शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, संवाद व साझा उत्तरदायित्व से स्थापित होती है

राज्यपाल ने कहा कि आज जब भारत विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आत्मनिर्भरता, नवाचार, समावेशी विकास और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तब स्वामी विवेकानंद का यह संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर अनंत शक्ति निहित है, आवश्यकता केवल उसे पहचानने, जागृत करने और सही दिशा में प्रयुक्त करने की है। राज्यपाल ने कहा कि आज विश्व संघर्ष, असहिष्णुता, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक असमानता तथा विभिन्न मानवीय संकटों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद के विचार हमें स्मरण कराते हैं कि स्थायी शांति शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, संवाद और साझा उत्तरदायित्व से स्थापित होती है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन लखनऊ पहुंचे, योगी ने किया स्वागत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन दो दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे पर शनिवार को लखनऊ पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप्र भाजपा अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत भाजपा के अन्य नेताओं ने उनका अमौसी हवाई अड्डे पर स्वागत किया। उनके स्वागत को लेकर राजधानी लखनऊ को भव्य तरीके से सजाया गया है।

योगी आदित्यनाथ सरकार के सभी मंत्रियों, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों ने होर्डिंग लगाकर नितिन नवीन का स्वागत कर रहे हैं। कृष्णा नगर मोड़ से यूपी बीजेपी



ऑफिस तक होगा भव्य रोड शो शुरू हो गया है। आज भाजपा अध्यक्ष उप्र भाजपा की नवगठित टीम का मार्गदर्शन करेंगे। नितिन नवीन मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री, भाजपा सांसद एवं विधायकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में उप्र की कोर कमेटी की बैठक भी होगी। आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति बनेगी। इसके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कई प्रमुख हस्तियों से भी मुलाकात करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### चिराग पासवान लखनऊ में आज करेंगे कार्यकर्ता सम्मेलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान कल 5 जुलाई को लखनऊ में कार्यकर्ता सम्मेलन करने जा रहे हैं। कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा। सम्मेलन 2027 यूपी विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी की संगठनात्मक ताकत बढ़ाने और रणनीति तय करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। चिराग पासवान इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को चुनावी दिशा देंगे और दलित प्रतिनिधित्व को लेकर पार्टी की रणनीति साझा करेंगे।लोजपा रामविलास को प्रदेश प्रभारी अरुण भारती ने कहा कि विपक्ष ने 2024 लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण खतरे में है। का झूठा नैरेटिव फैलाया था। चिराग पासवान हमेशा स्पष्ट करते आए हैं कि जब तक रामविलास पासवान के विचारों के उत्तराधिकारी मौजूद हैं, तब तक संविधान और आरक्षण को कोई खतरा नहीं है कांग्रेस चुनाव हारने पर दलित चेहरों को आगे करती है। एनडीए गठबंधन को लेकर उन्होंने किसी भी तरह की अंदरूनी खींचतान से इनकार करते हुए कहा कि सहयोगी दल पूरी तरह एकजुट हैं।

### दिव्यांग खिलाड़ी 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ी, साथी खिलाड़ी पर लगाया है रेप का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में शनिवार को एक दिव्यांग खिलाड़ी 150 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गई। उसका आरोप है कि साथी दिव्यांग खिलाड़ी ने उसके साथ रेप किया है। उसके (आरोपी के) साथ उसकी शादी कराई जाय या फिर रेप की एफआईआर लिखी जाए। पुलिस ने उस दिव्यांग खिलाड़ी को करीब 2 घंटे तक मनाया तब वह नीचे उतरी। मामला पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर का है। बैडमिंटन महिला खिलाड़ी दाहिने हाथ से दिव्यांग है। उसने अपने साथी खिलाड़ी राहुल कुमार वर्मा पर रेप का आरोप लगाया है। उसका पुलिस पर भी आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी पर कार्रवाई नहीं कर रही है। टावर से नीचे उतारने के लिए पुलिस को लिखित आश्वासन देना पड़ा। जालौन की मूल निवासी यह खिलाड़ी डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। वह पारा क्षेत्र में किराये के कमरे में रहती है। युवती के अनुसार, उसने 26 अप्रैल को अपने सहपाठी राहुल कुमार वर्मा के खिलाफपारा थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। बाद में, जब आरोपी के परिवार ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी, तो उसने छात्रा से विवाह करने से इन्कार कर दिया। छात्रा का कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफकोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। वह लगातार थाने और चौकी के चक्कर लगाती रही। पुलिस की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध होकर उसने आत्महत्या के उद्देश्य से मोबाइल टावर पर चढ़ने का यह कदम उठाया। समाजसेवी कुलभूषण की पहल पर पुलिस ने कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद छात्रा नीचे उतर आई। मोहान रोड चौकी प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि इस मामले में आरोपी को न्यायालय से गिरफ्तारी पर अंतरिम राहत (स्टे) प्राप्त है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बहू से रेप करने वाला रेलवे का सेक्शन इंजीनियर गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ की मड़ियांव पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी ससुर को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी रेलवे में सेक्शन इंजीनियर है। आरोपी के खिलाफपहले दर्ज मुकदमे में विवेचना के दौरान दुष्कर्म की धारा भी बढ़ाई गई थी। गायत्री नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 23 नवंबर 2023 को सेक्टर-ए महानगर निवासी अभिषेक तिवारी पुत्र मुकेश कुमार से हुई थी। शादी में करीब 55 लाख रुपए खर्च हुआ था। पीड़िता ने बताया कि विदाई के बाद घर पहुंची तो पार्टी के दौरान छोटी ननद सोना व मोना ने जबरन शराब पिला दी और मुंह में सिगरेट जबरदस्ती लगा दी। मना करने पर गला दबाकर सिगरेट मुंह में घुसेड़ दिया। इससे पीड़िता की तबियत खराब हो गई। पति अपनी और ननद अपने दोस्तों को बुलाकर रोजाना अय्याशी करते थे। ससुर से शिकायत करने पर बोला कि तुम छोटे घर से आई हो, ये बड़े लोगों के शौक हैं। यह सब इसी तरह चलता रहा। पीड़िता अपने मायके चली गई। वहां से लौटने पर 20 अप्रैल 2024 को पीड़िता को जबरदस्ती शराब पिला दी। इसका फायदा उठाकर ससुर मुकेश तिवारी ने कमरे में देर रात को जबरदस्ती गलत काम किया। उसमें पूरे परिवार ने ससुर का साथ दिया। इसके बाद कमरे में बंद कर दिया। ये सिलसिला तीन दिन तक चलता रहा। मौका पाकर पुलिस को फोन कर मदद मांगी। पुलिस ने मां-बाप को भी सूचना दी गई। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की शिकायत पर मड़ियांव थाने में पति अभिषेक तिवारी, ससुर मुकेश कुमार तिवारी, ननद मोनिका उर्फमोना और श्रुति तिवारी उर्फ सोना के खिलाफदहेज उत्पीड़न, मारपीट, धमकी और छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान छेड़छाड़ की धारा हटाकर साक्ष्यों के आधार पर दुष्कर्म की धारा जोड़ी गई। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि शनिवार सुबह रामराम बैंक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मामले में वांछित आरोपी सेक्टर-ए महानगर निवासी मुकेश कुमार तिवारी (58) कैरिज रिपेयर वर्कशॉप के सामने आलमबाग में मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मुकेश रेलवे विभाग में सीनियर सेक्शन इंजीनियर है।

# जनभवन में 'मैंगो बायर-सेलर मीट' का आयोजन

- आम निर्यातकों व उत्पादकों के बीच हुए एमओयू
- आम को वैश्विक बाजार दिलाने पर जोर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 के दूसरे दिन जनभवन में 'मैंगो बायर-सेलर मीट' का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आम निर्यातकों व आम उत्पादकों के मध्य अनुबंध भी हुए।

राज्यपाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस मीट का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रगतिशील आम बागवानों और किसानों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों से सीधे जोड़ना है, ताकि विश्वप्रसिद्ध उत्तर प्रदेश के आमों को वैश्विक मंच और सही मूल्य मिल सके। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि यह पहला आम महोत्सव है जो जनभवन के आंगन में हो रहा है।



उन्होंने राज्यपाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम तो सपने में नहीं सोचते थे कि उद्यान विभाग का किसान जनभवन के आंगन में बैठकर आम महोत्सव का लाभ लेगा। महामहिम ने जनभवन का आंगन किसानों के लिए खोलकर उनका मनोबल बढ़ाया है, इसे हमेशा याद किया जाएगा।

योगी सरकार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की समृद्धि के लिए हर स्तर पर काम हो रहा है। भारत के कुल आम उत्पादन में यूपी की 26फीसदी हिस्सेदारी है। उन्होंने उद्योगपतियों से अपील की कि वे प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ लगाएँ, जिस पर योगी सरकार 50फीसदी तक सब्सिडी देती है।

उन्होंने 'काशी ब्रांड शहद' का उदाहरण देते हुए कहा कि ब्रांडिंग से वैश्विक बाजार मिलेगा और मधुमक्खी पालकों की आय बढ़ेगी। जेवर एयरपोर्ट बनने से अब पूरा कार्गो सीधे मास्को जैसे बाजारों तक जाएगा, जिससे 80 रुपये का आम 800 रुपये किलो बिक सकेगा और किसानों का मनोबल बढ़ेगा। राज्य की कुल कृषि भूमि में उद्यान फसलों का क्षेत्रफल मात्र 9फीसदी है, लेकिन उत्पादन में हिस्सेदारी 42फीसदी और मूल्य में 52फीसदी है। उद्यान विभाग एक एकड़ में 15 लाख रुपए का शिमला मिर्च और 20 लाख रुपए की स्ट्रॉबेरी तैयार कर किसानों की समृद्धि का रास्ता प्रशस्त कर रहा है। हाईटेक नर्सरियों में अब कमल के पौधे और कंद तैयार कर किसानों को दिए जा रहे है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि योगी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा कर रही है।

# आठ जुलाई को वाराणसी में बेसिक शिक्षा व एसबीआई के बीच होगा समझौता

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। आठ जुलाई को वाराणसी में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारंभ के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समझौते का उद्देश्य विभाग के स्थायी एवं संविदा कार्मिकों की सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को और मजबूत करना है।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में वाराणसी के हस्तकला संकुल (ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर) में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ भी होगा। निर्देशों में कहा गया है कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम के समानांतर सभी जनपदों में जिलाधिकारी तथा तहसील मुख्यालयों पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में भारतीय स्टेट बैंक और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच होने वाले एमओयू का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक शिक्षक और कर्मचारी इस पहल से अवगत हो सकें।

# पूर्णेन्दु सिंह बने आईपीएस

### पीपीएस अधिकारी को मिला भारतीय पुलिस सेवा में प्रमोशन



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा के वर्ष 2000 बैच के अधिकारी पूर्णेन्दु सिंह को 1 जुलाई 2026 की भारत सरकार की अधिसूचना के द्वारा भारतीय पुलिस सेवा - आईपीएस में चयनित किया गया है। पूर्णेन्दु सिंह मूलतः जनपद सुलतानपुर के ग्राम लामा बनकठा, थाना मोतिगरपुर के निवासी हैं। प्रारंभिक शिक्षा प्राइमरी पाठशाला गोपालपुर बड़ा गांव, केन्द्रीय विद्यालय अमहट व एमजीएस इंटर कॉलेज सुलतानपुर से की। उच्च शिक्षा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से पूर्ण की। समाजशास्त्र विषय में गोल्ड मेडलिस्ट रहे। 2000 में यूपीपीएससी परीक्षा में 11वां स्थान पाकर पीपीएस में चयन हुआ।

सेवा के दौरान उन्होंने प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, गोण्डा, फिरोजाबाद, मऊ, मिर्जापुर में पुलिस क्षेत्राधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक यातायात के पद पर कार्य किया। कुंभ-माघ मेला प्रयागराज में यातायात-भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लखनऊ में पुलिस अधीक्षक यातायात के रूप में भी लंबा अनुभव रहा। विजिलेंस, पावर कार्पोरेशन, इंटेलिजेंस जैसी विशेष इकाइयों में भी कार्य किया। सीबीआई एकेडमी, तकनीकी सेवा, प्रतिष्ठान सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित हैं। प्रधानमंत्री द्वारा प्रशंसा पत्र, मुख्यमंत्री द्वारा कुंभ सेवा मेडल, डीजीपी द्वारा कमेंडेशन डिस्क - रजत, स्वर्ण, प्लैटिनम, डीजी कानून व्यवस्था द्वारा प्रशंसा पत्र मिले। 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों व सामाजिक संगठनों ने सम्मानित किया। गुणवत्तापूर्ण विवेचना के लिए पूर्णेन्दु सिंह को केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा श्रेष्ठ विवेचक का दक्षता मेडल प्राप्त हुआ।

# बंटवारे की लड़ाई खोल देगी सारे राज : अखिलेश यादव

- राम मंदिर चढ़ावे का सच सामने आकर रहेगा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) नेतृत्व पर परोक्ष रुप से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राम मंदिर चढ़ावे का सच सामने आकर रहेगा और असली पापी अपने कर्मों की सजा से नहीं बच पाएंगे।

यादव ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि आखिरकार सुरंगजीवियों को बाहर आना ही पड़ा क्योंकि अब बुराई का पानी सुरंग में गले तक भर गया है।

उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि 140 करोड़ देशवासी और दुनिया भर के चंदा-दान देने वाले सनातनी यह जानना चाहते हैं कि हर काम में आगे रहने वाले, इस घोर-गंभीर मसले पर खुद सामने क्यों नहीं आए, अपने से पीछे वाले को आगे क्यों कर दिया। क्या इसमें भी ये सोचकर साजिश की गई है कि महापाप के दोष और जनाक्रोश से खुद को बचा लो और दूसरे को फंसाकर उससे सफाई दिलवा



दो। सपा मुखिया ने कहा कि जो षड्यंत्रजीवी रहे हैं अब तो वो आपस में भी एक-दूसरे की मुखबिरी कर रहे हैं। बंटवारे की लड़ाई सारे राज खोल देगी। यादव ने कहा कि जो शातिर सेंध लगाकर, बोरी भरकर सुरंग के रास्ते बहुत दूर निकल गए हैं, वो असली पापी याद रखें जहां भूमिगत मार्ग खत्म होगा, उस अगले छोर पर सत्य उनके पापों की सजा देने के लिए प्रतीक्षा कर रहा है। इन्हें ना अयोध्या क्षमा करेगा, ना देश, ना वो परम प्रभु, जिसके खजाने को इन्होंने बेरहमी, बेदर्दी और बेशर्मी से लूटा है। यह बयान ऐसे समय आया है जब श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से जुड़े कुछ मुद्दे सार्वजनिक चर्चा का विषय बने हुए हैं। भाजपा या संबंधित पक्ष की ओर से इन आरोपों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# राजधानी में यूपी-टेट परीक्षा, गूगल मैप ने गलत सेंटर पहुंचाया, लेट पहुंचने पर कईयों की छूटी परीक्षा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में यूपी-टेट 2026 के तीसरे और अंतिम दिन शनिवार को 46 परीक्षा केंद्रों पर एक पाली में परीक्षा आयोजित की गई। अभ्यर्थियों को थ्री लेयर जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही एग्जॉम हॉल में एंट्री दी गई। इस बीच कुछ अभ्यर्थियों की परीक्षा भी छूट गई। बाराबंकी से आए प्रियांशु यादव गलत गूगल मैप लोकेशन के कारण समय पर केंद्र नहीं पहुंच सके।

वहीं आगरा से पत्नी को परीक्षा दिलाने आए राहुल ट्रेन लेट होने के कारण सही समय से सेंटर पर नहीं



पहुंच पाए। वहीं ज्यादातर अभ्यर्थियों ने पेपर को आसान और संतुलित बताया, जबकि कुछ को मैथ्स और इंग्लिश टफ लगी। शुक्रवार को दूसरे दिन शहर में करीब पहली पाली में 92.99: और दूसरी पाली में 94.84: उपस्थिति रही। एक महिला पुलिसकर्मी ने एक युवती की परीक्षा छूटने से बचा ली। दरअसल, युवतीकेवी की जगह गलती से केकेसी परीक्षा केंद्र पहुंच गई। शहर में बने 46 परीक्षा केन्द्रों पर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

बायोमेट्रिक सत्यापन और सघन चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। केन्द्रों की निगरानी में लगे 92 मजिस्ट्रेट, 46 सेक्टर मजिस्ट्रेट और इतने स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी सुबह 7 बजे से पहले ही पहुंच गए। कई केंद्रों ने सुबह 7.30 बजे से अभ्यर्थियों को प्रवेश देना शुरू किया।

### लाठी-डंडों से हत्या करने वाला 24-घंटे में गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पीजीआई थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव में हथियार, लाठी-डंडों, लोहे पटले से हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अखिलेश रावत को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आरोप है कि उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर 23 वर्षीय अभिषेक रावत को पीटकर मार डाला था। पुलिस ने आरोपी अखिलेश रावत को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर से डिस्चार्ज होते ही हिरासत में ले लिया। वह भी शुक्रवार की घटना में घायल हो गया था। पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वहीं, शाम करीब 6.30 बजे मृतक अभिषेक के परिजनों ने पीजीआई थाने के सामने सड़क जाम करने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अखिलेश रावत के खिलाफपहले से ही लूट, डकैती, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

**तैयारी** | यूनिट टेस्ट, बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया, आईसीटी प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति व प्रवेश संबंधी कार्यों को मिलेगी गति

# योगी सरकार शिक्षा व व्यक्तित्व विकास के लिए चलाएगी गतिविधियों का व्यापक अभियान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रखकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बना रही है। इसी सोच के अनुरूप जुलाई में प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में नियमित पठन-पाठन के साथ बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया, सतत मूल्यांकन, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सांस्कृतिक गतिविधियों और करियर मार्गदर्शन का व्यापक अभियान चलेगा।

शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, पूरे माह संचालित होने वाली गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है। नियमित शिक्षण के साथ सीखने की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अनुशासन और व्यावहारिक कौशल को भी समान



रूप से बढ़ावा दिया जाएगा।

जुलाई में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस, विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान, वन महोत्सव, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान तथा करियर काउंसिलिंग (साइकोमेट्रिक टेस्ट) जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, सामाजिक दायित्व और भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा।

जुलाई माह में अभिभावक-शिक्षक संघ की सामान्य सभा एवं कार्यकारिणी का गठन कराया जाएगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अरुणाचल प्रदेश और मेघालय की संस्कृति, लोककला और परंपराओं से परिचित कराया जाएगा।

स्काउट-गाइड गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ विद्यालयों में योग, खेलकूद, प्रार्थना सभा आधारित प्रेरक कार्यक्रम तथा डिजिटल शिक्षण गतिविधियों का भी आयोजन होगा। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और सामाजिक सहभागिता का विकास होगा।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि जुलाई का शैक्षणिक कैलेंडर विद्यार्थियों के समग्र विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नियमित पढ़ाई के साथ मूल्यांकन, डिजिटल शिक्षा, छात्रवृत्ति, खेल, स्वास्थ्य, पर्यावरण, करियर मार्गदर्शन और सह-शैक्षणिक गतिविधियों को समान महत्व दिया गया है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक विद्यालय, कैलेंडर का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और अवसर भी प्राप्त हों।

### नियमित पढ़ाई के साथ आगे बढ़ेगी बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया

जुलाई में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित शिक्षण कार्य जारी रहेगा। कक्षा 9 से 12 तक प्रवेश संबंधी कार्य पूरे किए जाएंगे। कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के विवरण का मिलान कर बोर्ड परीक्षा आवेदन प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जबकि कक्षा 11 के विद्यार्थियों का पंचम पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाएगा। विद्यार्थियों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन भी कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

### यूनिट टेस्ट से होगी सीखने की प्रगति की समीक्षा

कक्षा 9 से 12 तक जुलाई के दूसरे सप्ताह में प्रथम यूनिट टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इसमें मई माह के गृहकार्य का मूल्यांकन तथा अप्रैल से जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की प्रगति का आकलन किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक अनुश्रवण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# बच्चे की मौत, मां हॉस्पिटल में छोड़कर भागी, शरीर पर मिले चोट के निशान

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में साढ़े चार साल के एक मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मां का कहना है कि 3 जुलाई को शाम 6 बजे वह बाथरूम में नहा रहा था। तभी पैर फिसलने से उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन उसे तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मौत की जानकारी मिलने के बाद महिला बच्चे को अस्पताल में छोड़कर चली गई थी और सुबह वापस आई।

बच्चे के शरीर पर कई चोटों के निशान मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है। मूल रूप से बीघापुर उन्नाव निवासी दिनेश कुमार मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया उनकी पत्नी पूनम सबसे छोटे बेटे अहम के साथ लखनऊ में रहती हैं। शुक्रवार रात लालगंज गांव के शिव शंकर ने आकर बताया बेटे की मौत हो गई है।

इस पर परिवार के साथ लखनऊ पहुंचे। दिनेश ने बताया उनकी शादी पूनम से करीब 15 साल पहले हुई थी। दोनों के तीन बेटे प्रदीप, अभिषेक और अहम हैं। दिसंबर महीने में पत्नी पूनम तीनों बच्चों के साथ लखनऊ के मड़ियांव इलाके में अपनी बहन के पास आकर रहने लगी। कुछ दिन बाद उन्नाव वापस लौटकर बच्चों को ससुराल में छोड़कर खुद बंधु खेड़ा उन्नाव स्थित अपने मायके चली गई।

अप्रैल महीने में अचानक से बीघापुर थाने पहुंची और बच्चों की कस्टडी मांगने लगी। इस पर पुलिस के सामने समझौता होने के बाद पूनम बेटे अहम को लेकर साथ चली आई। वह लखनऊ में बेटे के साथ रहने लगी। इस दौरान मौसी ने वापस जाने के लिए कहा तो उसको छोड़कर अलग किराए का कमरा लेकर रहने लगी।

शुक्रवार रात अचानक से बेटे की मौत की खबर मिली। वहीं अस्पताल सूत्रों की मानें तो महिला मौत की जानकारी होते ही बच्चे को अस्पताल में छोड़कर भाग गई थी। इसके बाद काफी संपर्क करने के बाद सुबह आई। बच्चे के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले हैं। वहीं मामले में मां का कहना है डॉक्टर ने सुबह आने के लिए कहा था। इस वजह से चली गई थी। मामले में मड़ियांव इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा का कहना है शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### महिला एवं बाल कल्याण प्रभारी टीम ने नाबालिग लड़की का विवाह रुकवाया

**कल होनी थी शादी, पोर्टल पर शिकायत के मद्देनजर हुई कार्यवाही**



**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** बाल विवाह किए जाने की शिकायत पर महिला एवं बाल कल्याण प्रभारी पुलिस टीम के साथ गांव पहुंची । मामले की पड़ताल कर लड़की के बालिग न होने तक शादी न किए जाने की कड़ी हिदायत देते हुए लड़की पक्ष से लिखित पत्र लिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव मंसूर पुर में एक नाबालिक लड़की की शादी 6 जुलाई को शादी होना तय थी। किसी ने पोर्टल पर बाल विवाह की शिकायत कर दी । जिस पर महिला बाल कल्याण प्रभारी विनय शर्मा व योगेंद्र प्रताप पुलिस टीम के साथ शनिवार दोपहर गांव मंसूरपुर पहुंचे। जांच में 6 जुलाई को होने वाली लड़की की शादी की शिकायत की पुष्टि होने पर प्रभारी विनय शर्मा ने परिवार के लोगों से बातचीत कर उन्हें बाल विवाह निषेध अधिनियम कानून की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह करना कानून अपराध है।

अधिकारियों के समझाने के बाद परिवार के लोगों ने टीम और पुलिस को लिखित आश्वासन दिया । कि वह बेटी भी के बालिग होने से पहले विवाह नहीं करेंगे। इसके बाद शादी की सभी रस्में रोक दी गई । टीम रिपोर्ट बनाकर गंतव्य को रवाना हो गई।

### चलती ट्रेन से युवक को फेंका, गंभीर घायल को सीएचसी से किया जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** जौनपुर से दिल्ली जा रहे युवक को परस्पर झगड़ रहे युवकों ने चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने सीएचसी से भिजवाया । घायल के बहनोई उसे कायमगंज लेजाकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव धनेली के लोगों ने एक युवक को रेलवे ट्रैक के किनारे घायल अवस्था में पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे सीएचसी भिजवाया । जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इस दौरान घायल युवक घायल युवक ने स्वयं को जौनपुर के बसीरपुर का निवासी अंकित कुमार बताया । उसने बताया कि वह शुक्रवार शाम जौनपुर जंक्शन से दिल्ली के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था। शनिवार सुबह वह ट्रेन के गेट पर खड़ा था। इसी दौरान दो युवक आपस में झगड़ा करते हुए उसके पास आ गए और उनमें से एक युवक ने उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया । जिससे वह ट्रेन से गिर कर घायल हो गया। घायल अंकित ने फर्रुखाबाद के कायमगंज में रहने वाले अपने बहनोई श्रीकृष्ण के बारे में जानकारी दी । जिसके बाद अंकित के साथ हुई घटना की श्रीकृष्ण को जानकारी दी गई । दोपहर में श्रीकृष्ण जिला अस्पताल पहुंचे । उन्होंने अंकित को कायमगंज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### 22 पत्रावलियों पर सुनवाई व 1 दम्पति को विदा किया गया



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन जनपद में किया गया। जिसमें 22 पत्रावलियों पर सुनवाई की गयी तथा 1 दम्पत्ति को विदा किया गया। इसमें थाना कांट के एक दम्पत्ति जिनकी शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व हुई थी। आवेदिका की 1साल की बेटी है ।आवेदिका 1 माह से अपने मायके में रह रही थी, आवेदिका का पति शराब पीकर मारपीट करता था जिस कारण वह अपने मायके चली आई। आवेदिका का पति उसे खर्चा दे तो वह अपने पति के साथ रहना चाहती है। द्वितीय पक्ष ने अपनी गलती मान ली है वह अपनी बीबी बच्चों का खर्चा उठाने के लिए तैयार है दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। और दोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया। परामर्श उपरांत दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है। दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र महिला उपनिरीक्षक मधु यादव, चंद्रकांता शर्मा, नेहा चैहान, शीतल चैहान, मोनिका कुमारी,निशा मिश्रा आदि मौजूद रही।

### एसडीएम ने आर्य समाज के विवादित दोनो पक्ष किए तलब

**हाईकोर्ट के आदेश जारी न होने तक शांति कायम रखने के दिए निर्देश**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** आर्य समाज में हुए विवाद पर एसडीएम जीत सिंह राय ने कडा रुख अपनाते हुए दोनों पक्षों को तलब कर उनके दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए दलीलें सुनीं। हाई कोर्ट में दोनों पक्षों का मामला लंबित होने पर यथा स्थिति बनाए रखने के साथ ही हाई कोर्ट के निर्णय होने तक शांति कायम रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने स्कूल महर्षि दयानंद शिक्षा सदन के संचालन में बाधा डालने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उधर गुरुवार से विद्यालय का संचालन विधिवत शुरू किया गया। प्रबंधक ने बताया कि छह जुलाई से बच्चों का शिक्षण कार्य प्रारंभ होगा। गौरतलब है कि बीती 28 जून को शिवराम सिंह व विजयपाल सिंह यादव द्वारा दर्जनों साथियों के साथ आर्य समाज में घुसकर कब्जे का प्रयास किया गया था। इस दौरान हमलावरों ने आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य पर जानलेवा हमला किए जाने पर आर्य समाज में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल लोगों द्वारा लोकेश आर्य को बचाने में 10 बारातियों को भी हमलावरों ने घायल कर दिया था । उक्त मामले में लोकेश आर्य की ओर से हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। उक्त घटनाक्रम को एसडीएम जीत सिंह राय ने गम्भीरता से लेते हुए शुक्रवार को दोनों पक्षों को तलब कर उनके दस्तावेजों का अवलोकन कर दलीलों को सुना। एसडीएम ने दोनों पक्षों को सुनते हुए हाई कोर्ट में मामला लंबित होने तक यथा स्थिति बनाए रखने के साथ ही किसी भी प्रकार की उड्डन्ता से बाज आने की चेतावनी दी।

# अभियानः एनडीआरएफ ने आपदा-बाढ़ सुरक्षा जनजागरूकता का पढ़ाया पाठ

- शहर के लोदीपुर वार्ड में आपदा प्रबंधन को लेकर जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन को लेकर चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत लोधीपुर में एनडीआरएफ की टीम द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू के कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ इंस्पेक्टर दीपिका ने बाढ़ एवं अन्य आपदाओं के समय बचाव के उपाय, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी, आपातकालीन सहायता तथा आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय प्रशासन एवं बचाव दल के निर्देशों का पालन करें तथा अफवाहों से बचें। इस अवसर पर लेखपाल विशाल वर्मा डा. मुस्कान गुप्ता, मोहसिन सईद फार्मासिस्ट, गायत्री यादव रिहाना आंगनबाड़ी, निगम सुपरवाइजर विशाल,दीपक कुमार, फाजिल अली,फुरकान बेग,जितेंद्र गौतम,मुकेश कुमार, अमित वर्मा, यामीन, सौरभ राजवंशी, आनंद श्रीवास्तव, शब्बू, लालू मिश्रा, कबीर, अनीश, शमीम, अकीब, शिव कुमार, जगदीश प्रसाद, राहुल कुमार, नजीम, सुभाष बाल्मीकि आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में एनडीआरएफ टीम ने आपदा के समय उपयोग होने वाले बचाव उपकरणों का प्रदर्शन भी किया तथा लोगों के प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें जागरूक किया। लोगों ने जनहितकारी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## उड़ान संस्था ने बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत किया। संस्था सदस्यों का कहना है कि बुजुर्गों का साथ पाकर चेहरे खिल उठते है। घर से अपेक्षित यह बुजुर्ग थोड़ा सा समय और प्रेम पाकर बच्चो की भांति उत्साहित हो जाते है। आशीर्वाद की झड़ी लगा देते है, उनकी आत्मीयता में जैसे मायके में मां बाप का प्यार हमे भी मिल जाता है। आम और समोसे सबने मिलकर खाया। वृद्धाश्रम के व्यवस्थापक ब्रहमदेव बहुत प्यार से वहां व्यवस्था देखते है। सभी बुजुर्ग खुश थे- अच्छा लगा। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्ष से वह वृद्धाश्रम नियमित रूम से हर माह जाती है, उन्हें वहां आकर मानसिक शांति मिलती है। इस अवसर पर संस्था सचिव रेखा मोदी, सहसचिव रश्मि गुप्ता, वृद्धाश्रम संचालक रमेश भैया की पुत्रवधू शीना आदि मौजूद रहे।

## नहर में डूबने की आशंका, युवक लापता, परिजन तलाश में जुटे



**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव नगला बलेटू निवासी 18 वर्षीय अमिर हसन पुत्र जाबिर हसन शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि वह शारदा नहर में डूब गया है। सूचना मिलने के बाद परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार अमिर हसन शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे खेत पर धान की रोपाई करने गया था। परिजनों का कहना है कि लगभग 10 बजे वह शौच के लिए शारदा नहर के किनारे गया, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी देर तक इंतजार करने और आसपास तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इससे परिजनों ने आशंका जताई कि वह नहर में डूब गया होगा। ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि शारदा नहर में मगरमच्छ होने की संभावना रहती है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने पुलिस को अवगत कराया। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया सूचना मिली जानकारी की जा रही है।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती मनाई गई.इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया.इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और बाबा लक्खीशाह बंजारा के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी,सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल,सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस ने कुलपति को दिया एक सप्ताह का अल्टीमेटम



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की घोषणा के बावजूद जिले के महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू न होने और रजिस्ट्रेशन के नाम पर मनमानी फीस वसूली को लेकर जिला युवा कांग्रेस ने तीखा विरोध जताया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीबी सिंह को एक कड़ा मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में कहा गया कि विश्वविद्यालय की घोषणा के बाद पूरे जिले के महाविद्यालयों को बरेली विश्वविद्यालय से हटाकर इसके अधीन कर दिया गया, लेकिन अभी तक यूजीसी से मान्यता तक नहीं ली गई है और न ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। युवा जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि नवीन विश्वविद्यालय की वजह से जिले के सभी महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया ठप पड़ी हुई है। छात्र-छात्राएं असमंजस की स्थिति में हैं। जुलाई का पहला सप्ताह बीत चुका है, लेकिन विश्वविद्यालय अभी तक कोई स्पष्ट कार्यक्रम घोषित नहीं कर पाया है। हम मांग करते हैं कि अगले एक सप्ताह के अंदर प्रवेश कार्यक्रम जारी किया जाए, अन्यथा युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि कई महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश रजिस्ट्रेशन के नाम पर छात्रों से मनमानी फीस वसूल रहे हैं। विश्वविद्यालय को इस गैरकानूनी फीस वसूली पर तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए और अपनी छवि का भरोषा दिलाना चाहिए,हम छात्र हित में किसी भी कीमत पर संघर्ष करेंगे।जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी ने कहा कि जुलाई का पहला सप्ताह बीत चुका है, फिर भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। महाविद्यालय फीस वसूल रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय का कोई ठोस कार्यक्रम नहीं है, यह छात्रों के साथ धोखा है।इस मौके पर युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने छात्रों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और विश्वविद्यालय प्रशासन से त्वरित कार्यवाही की मांग की।इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, प्रवक्ता शाश्वत मिश्रा, जिला महासचिव शिवओम मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शाहनबाज खान, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष सिकन्दर अली, महानगर अध्यक्ष अनुभव कटारिया, सुधांशु मिश्रा, नितिन तिवारी, अजय, शिवम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया। 2 जुलाई को एक पीड़िता के पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि ग्राम करदौला निवासी आकाश पुत्र सुरेश ने उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था, जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई थी। 4 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी अरविन्द सिंह चैहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरैया मोड के पास से आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर लिया। घ्पूछताछ और विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। गिरफ्तार करने वाली मुख्य टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह चैहान, व.उ.नि. सकतावत सिंह और आरक्षी सनी कुमार शामिल रहे।

## ट्रांसफार्मर की चपेट में नशेड़ी के सिर से उठी आग की लपट

- कुछ देर बाद ही नशे में झूमता नजर आया

समृद्धि न्यूज



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नशे में धुत युवक बिजली ट्रांसफार्मर के जाल में घुस गया । केबिल से छेड़छाड़ करते ही हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आते ही उसके सिर से जोरदार आग की लपट उठी और वह जाल के भीतर ही धराशाई हो गया। यह घटना शुक्रवार अपरान्ह करीब चार बजे राजनपुर रोड पर चाँद मैरिज लॉन के समीप स्थित ट्रांसफार्मर पर घटी। तमाशबीनों ने उसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी । बिजली विभाग के कर्मचारी व पुलिस भी मौके पर पहुंची । तब तक युवक जाल से निकल चुका था । पुलिस से भिड़ते हुए जंगल की ओर चला गया। कुछ देर बाद युवक नशे में झूमता हुआ फिर ट्रांसफार्मर के समीप पहुंचा । और जाल खोलने की कोशिश करने लगा। सिर से लपट उठने से भीड़ के सभी लोगों में उसकी अनहोनी की आशंका उस समय कौतूहल बन गई जब वह उठकर जाल से बाहर आ पहुंचा । नगर के खलील कटरा निवासी धनीराम पुत्र देवी दीन के रूप में युवक की पहचान की गई। इस घटना में धनीराम बुरी तरह झुलस गया । लेकिन चलता फिरता झूमता नजर आया। जाको राखें साइयाँ मर सके न कोय कहावत को चरितार्थ कर दिया।

## जियो कंपनी कर्मी योगेंद्र का शव नहर से बरामद

- स्कूटी से सिम पोर्ट के सिलसिले में गए थे ग्रामीण क्षेत्र में

समृद्धि न्यूज



**तिलहर - शाहजहांपुर।** जिओ सिम कंपनी में के कर्मी का शव नहर में तथा स्कूटी सड़क पर पड़ी होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई । मौके पर पुलिस ने शव को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया । जहां से डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किए जाने से परिजन संतुष्ट नहीं हुए और अन्यत्र क्लिनिक पर ले गए । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया । वहीं कोतवाल प्रिंस शर्मा ने मौके मौके पर पहुंचकर स्थिति का अवलोकन किया। नगर के आसरा आवास कॉलोनी में रहने वाले योगेंद्र कुमार जिओ कंपनी में एक्स बीएसएस के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार शाम वह स्कूटी से सिम पोर्ट के सिलसिले में राजनपुर गांव की ओर गये थे । देर रात कुछ लोगों ने राजनपुर रोड पर नहर पुलिया के पास एक स्कूटी पड़ी देखी और नहर में एक युवक पड़ा देखा। लोगों की सूचना पर पहुंची पीआरबी ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी । और युवक को नहर से निकाल कर एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया । जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाबजूद इसके परिजन उसे अन्य क्लिनिक पर ले गए । अचानक योगेंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया । जिओ कंपनी के जनरल मैनेजर आशीष कुमार सिंह सीएचसी पहुंचे और उन्होंने योगेंद्र के परिजनों को ढाढ़स बंधाया। योगेंद्र की मौत पर उसकी पत्नी सीमा ने हत्या की आशंका जताई ।

वहीं कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना में मौत होना प्रतीत हो रहा है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थित स्पष्ट हो सकेगी।

# बिजली के पंखे से उतरा करंट, उठ गया पांच बच्चों के सिर से मां-बाप का हाथ

- करंट की चपेट में आकर दंपती की दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज़



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के रामगंगा कटरी स्थित कसारी गांव में शुक्रवार रात एक हृदयविदारक हादसा हो गया। घर में बिजली के पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दंपती के पांचों बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है, जिससे पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घ्ईट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। घ्मृतक अमर सिंह (40) गांव के ही निवासी सिकदार के पांच बेटों में सबसे छोटे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वे पत्नी कुसुमा देवी (37) और पांच बच्चों के साथ राजस्थान के एक ईट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। लगभग दस दिन पहले ही वे अपने परिवार के साथ गांव लौटे थे।

**कैसे हुआ हादसा**

परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब नौ बजे दंपती खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे, जबकि उनके बच्चे कमरे के सामने बने छप्पर के नीचे सो रहे थे। रात करीब दस बजे जैसे ही बिजली आई, कमरे में चल रहा फर्राटा पंखा असंतुलित होकर चारपाई पर गिर गया। इस दौरान पंखे में उतरे करंट की चपेट में आकर अमर सिंह और कुसुमा देवी छटपटाने लगे। घ्कमरे के पास मौजूद बड़े बेटे नितिन ने पिता की चीख सुनी तो वह घबराकर रोने लगा। नितिन का शोर सुनकर वहां पहुंची ताई सोनी ने जब कुसुमा को उठाने का प्रयास किया, तो उन्हें भी बिजली का जोरदार झटका लगा, लेकिन गनीमत रही कि वे बाल-बाल बच गई।घ्घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अरविंद चैहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों की मदद से दंपती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया।

**बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता**

इस हादसे ने पांच मासूमों नितिन (12), विवेक (10), शोभित (9), आरुषि (7) और संध्या (5)कृके सिर से माता-पिता का साया छीन लिया है। घर में पहले ही गरीबी का आलम था, अमर सिंह के पास नाममात्र की ढाई-तीन बीघा जमीन थी जो नदी के कटाव के कारण बंजर जैसी है। अब इन बच्चों की परवरिश को लेकर पूरा परिवार फिक्रमंद है।

## मोबाइल से हुआ प्यार...एमपी से शाहजहांपुर पहुंची प्रेमिका

**मध्य प्रदेश पुलिस ने सिंधौली पहुंचकर किशोरी को ले गए साथ**

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** मध्य प्रदेश की एक नाबालिग किशोरी मोबाइल पर हुई दोस्ती और प्रेम संबंध के चलते शाहजहांपुर के सिधौली क्षेत्र स्थित एक गांव पहुंच गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने किशोरी को अपने संरक्षण में लेकर कोतवाली पहुंचाया और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। बताया गया कि किशोरी करीब तीन दिन पहले सिधौली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक नाबालिग लड़के के बुलाने पर यहां आई थी। दोनों के बीच लंबे समय से मोबाइल पर बातचीत होती थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। पुलिस को इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए किशोरी को सुरक्षित कोतवाली लाया गया। सूचना मिलने के बाद शनिवार को किशोरी के परिजन मध्य प्रदेश पुलिस के साथ सिधौली पहुंचे। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि लड़का और लड़की दोनों ही नाबालिग हैं।

## सेंट मैरी स्कूल में हुई बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



समृद्धि न्यूज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा एनसी से एलकेजी तक के नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए रचनात्मकता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। सभी बच्चे अलग-अलग सुंदर और रंगीन वेश भूषाओं में नजर आए और विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर मंचन किया। जिनकी आकर्षक प्रस्तुति ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक रेव. फादर लीजू एंटनी और प्रधानाचार्या रेव. सिस्टर पुनीता ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम प्रभारी सिस्टर बिंसी ने मंच का संचालन किया। आयोजन को सफल बनाने में मनोरमा, पूजा ,शारदा के साथ ही समस्त स्टाफ व अभिभावक गण शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### सदस्यों ने विद्या भारती क्षेत्रीय मंत्री से की चुनाव निरस्त करने की मांग

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर साधारण सभा के सदस्यों ने समिति अध्यक्ष पर फर्जी बैठक व अनुमोदन दर्शाकर 40 सदस्य बढाकर चुनाव कराए जाने का आरोप लगाते हुए विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री से चुनाव निरस्त कराकर जांच कराए जाने की मांग की है। साधारण सभा सदस्यों ने कल (आज) होने वाले चुनाव को अवैध बताते हुए विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय मंत्री से शिकायत की है। कि सरस्वती शिक्षा परिषद तिलहर के अध्यक्ष रविंद्र सिंह के निर्देशन में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रबंध समिति का चुनाव विद्यालय नियमावली के विरुद्ध अवैध सदस्य बनाकर पांच जुलाई को किया जा रहा है। आरोप है कि अध्यक्ष रविंद सिंह द्वारा फर्जी बैठक दर्शाकर एवं फर्जी हस्ताक्षरों द्वारा प्रस्ताव पास कर अवैध तरीके से मूल ढांचे में परिवर्तन करते हुए 40 सदस्य एक साथ बढाकर रजिस्टार सोसायटी के यहां सदस्यों का कूटरचित ढंग से अनुमोदन कराया गया है। आरोप है कि बैठक का फर्जी अनुमोदन सर्वेश कुमार अग्रवाल द्वारा दर्शाया गया है । जबकि सर्वेश कुमार अग्रवाल ने बैठक होने की जानकारी को ही नकार दिया है। साधारण सभा सदस्यों ने पांच जुलाई (आज) होने वाली प्रबंध समिति के चुनाव को तत्काल रुकवाये जाने एवं सक्षम व्यक्ति द्वारा निष्पक्ष जांच कराने के उपरांत ही निष्पक्ष रूप से चुनाव की तिथियां घोषित किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर करने बालों में सर्वेश अग्रवाल, ईश्वर चंद अरोड़ा, अंकित अग्रवाल, रवि कुमार गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, श्याम अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, वैभव रस्तोगी, जयप्रकाश, ज्ञान प्रकाश, जितेंद्र कुमार गंगवार शामिल हैं।

### संकट: मोबाइल पर पहुंचा ओवरलोड का मैसेज बिजली उपभोक्ताओं के छूटे पसीने

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** बगैर कोई पूर्व सूचना के मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से बिजली उपभोक्ताओं को उनके कनेक्शन पर एक किलोवाट का लोड बढ़ाकर एक बड़ा झटका दिया गया। जिसमें एक किलोवॉट के कनेक्शन को दो किलोवॉट, दो किलोवॉट का तीन व तीन किलोवॉट कनेक्शन को सीधे चार किलोवॉट कर दिया गया। अचानक मोबाइल में मैसेज पहुंचने पर बिजली उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। जिसके बाद लोग बगैर देर किए बिजलीघर पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई। हालांकि वहां पर यह कह दिया गया कि यह लोड ऊपर से बढ़ाया गया है। लोड बढ़ने का आक्रोश सोशल मीडिया पर भी छाया रहा। बिजली विभाग की रिपोर्ट मुताबिक जनपद में 2700 उपभोक्ताओं का अभी तक लोड बढ़ाया गया है। बाकी जानकारी मुख्यालय से आने के बाद ही पता चल सकेगी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं के पिछले तीन महीनों की अधिकतम मांग के आधार पर लोड को खुद-ब-खुद अपडेट कर दिया गया है। जिले में 4 लाख 72 हजार बिजली उपभोक्ता है। शहर में 90 हजार बिजली उपभोक्ता हैं। बिजली अधिकारियों की जांच में कई बिजली कनेक्शनों पर ओवर लोड मिला था। जिस पर उन पर जुर्माना लगाया गया था। ओवर लोड लाइन व ट्रांसफार्मर होने से बिजली आपूर्ति में समस्या आ रही थी। कारपोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं की ऑनलाइन मानीटरिंग के आधार पर लोड बढ़ा. दिया गया। **उपभोक्ताओं पर यह बढ़ेगा बोझ-** लोड बढ़ने से जहां सिस्टम पर ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी, वहीं उपभोक्ताओं की जेब पर इसका सीधा असर पड़ेगा। लोड बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं का फिक्स चार्ज (स्थायी शुल्क) बढ़ जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं पर प्रति किलोवाट 110 रुपये और वाणिज्क कनेक्शन पर 450 रुपये प्रति किलोवाट का चार्ज बढ़ जाएंगा। बढ़े हुए लोड के अनुपात में जो अतिरिक्त सिक्योरिटी राशि बनती है, वह उपभोक्ताओं के अगले बिजली बिल में जुड़कर आएगी।

'' मध्यांचल विद्युत लिमिटेड से आदेश जारी किया गया है। इस प्रक्रिया से डाटा किलिंग होगी। जिन लोगों का लोड 1 किलोवॉट का था वर्तमान में भार डेढ़ किलो दर्ज किया उनका लोड ऑटोमेट स्वतः ही बढ़ा दिया गया है। जो विद्युत लोड बढ़ा है, उसका मास्टर डाटा एक दो दिन ने आ जाएगा। जिसके बाद ही कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेंगी।'' **अनुज प्रताप अधीक्षण अभियंता, शाहजहांपुर।**

### वैश्य समाज सम्मेलन में समाज हित के मुद्दों पर हुआ मंथन




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** वैश्य समाज के वरिष्ठ समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले के नेतृत्व में मोहल्ला सराईकाइयाँ स्थित पंचशील लॉन में वैश्य समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 125 से अधिक वैश्य समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज की एकता, सम्मान तथा अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संगठित रहकर कार्य करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज की प्रगति, युवाओं की भागीदारी, शिक्षा, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति के लिए आपसी सहयोग और एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील कुमार गुप्ता फौजी एवं शैलू गुप्ता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित लोगों ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने पर जोर दिया।

## क्षमता से अधिक सवारियां ढो रहे ऑटो व ई-रिक्शा

### हादसों को दे रहे न्योता

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी आम लोगों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। तेज रफ्तार, यातायात नियमों की अनदेखी, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और कई मामलों में बिना पर्याप्त प्रशिक्षण या आवश्यक दस्तावेजों के वाहन संचालन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। खुदागंज-कटरा मार्ग, खुदागंज-फरीदपुर मार्ग, खुदागंज-निगोही मार्ग, खुदागंज-बीसलपुर मार्ग सहित ग्रामीण सड़कों पर बड़ी संख्या में ऑटो और ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। आरोप है कि कई चालक मुख्य चैराहों और सड़कों पर वाहन आड़े-तिरछे खड़े कर सवारियां भरते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तीन से चार यात्रियों की क्षमता वाले वाहनों में आठ से दस तक सवारियां बैठाकर सफर कराया जाता है। अधिक भार होने के कारण अचानक ब्रेक लगाने या वाहन असंतुलित होने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। क्षेत्र में समय-समय पर ऐसे वाहनों से जुड़े सड़क हादसे भी सामने आते रहे हैं। लोगों का यह भी कहना है कि कुछ चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस या पर्याप्त प्रशिक्षण के वाहन चला रहे हैं, जिससे यात्रियों और अन्य राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और परिवहन विभाग से मांग की है कि ऑटो व ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर दस्तावेजों की जांच की जाए, क्षमता से अधिक सवारियां ढोने वालों पर कार्रवाई हो तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# वन महोत्सव के चतुर्थ दिवस जनपद भर में हरित उत्सव

- वृक्षारोपण के साथ वितरित किए गए आम के पौधे
- एक पेड़ माँ के नाम अभियान को मिला जनसमर्थन

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी डा. सुशील कुमार के निर्देशन में वन महोत्सव 1 से 7 जुलाई के चतुर्थ दिवस पर जनपद के विभिन्न वन क्षेत्रों एवं ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा आम भण्डारा के अंतर्गत आम के पौधों का वितरण किया गया। जनसहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा पौधों के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। सदर रेंज की नवदिया बंकी बीट में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। ग्रामीणों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक महत्व से अवगत कराते हुए रोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान लुहिची रामप्रसाद, वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। तिलहर रेंज की ऐठापुर बीट स्थित प्राथमिक विद्यालय, ग्राम ऐठापुर में प्रधान जगपाल, ग्रामीणों द्वारा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। जलालाबाद रेंज की मिर्जापुर बीट के ग्राम जरियनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधान देवेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जलालाबाद रेंज की मदनापुर बीट के कुद्दैया में कटरा-फर्रुखाबाद मार्ग पर कुद्दैया से अतिबरा तक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। प्रधान सर्वेश कुमार, ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पौधे रोपे। साथ ही क्षेत्रीय वनाधिकारी, जलालाबाद द्वारा आम भण्डारा कार्यक्रम के अंतर्गत आम के पौधों का वितरण कर लोगों को फलदार वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि रोपे गए प्रत्येक पौधे का संरक्षण ही इस अभियान की वास्तविक सफलता है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की अपील की।

## लखनऊ आम महोत्सव में जिले से प्रगतिशील किसानों ने किया प्रतिभाग



**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश के अधीन आयोजित उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2026 कार्यक्रम का आयोजन इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठिान गोमती नगर लखनऊ में 3 से 5 जुलाई तक किया जा रहा है। जनपद के लगभग 110 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रगतिशील कृषकों द्वारा आम की विशिष्ट प्रजातियों यथा मोरमई, अब्रेनिसा, सफेदा लखनऊ, तैमूर लंक, शरबती बगरैन, कृष्ण भोग, आमिन सहाए, पचायत पसन्द, रटौल, शमसुल असमार, लड्डू महारानी, नाजबू, जौहरी, गुलाब खास, काला पहाड़, गिलास, अलबेला, अनोखा, दशहरी, लंगड़ा, चैसा, पाटला, मलका, सेन्सेशन, टॉमी एटकिंस, अरुणिका, अम्बिका, मल्लिका, आम्रपाली, गौरजीत आदि उन्नत किस्म के आम प्रर्दशों एवं आम के प्रसंस्कृत उत्पादों का अवलोकन किया गया। उप निदेशक उद्यान बरेली धर्मपाल यादव के साथ जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक द्वारा उपस्थित कृषकों से समन्वय स्थापित करते हुए उन्हें प्रदर्शनी मे लगे 800 से अधिक प्रजातियों के आम के स्टॉल का भ्रमण कराकर कृषकों को बागवानी किये जाने हेतु प्रोत्सहित करते हुए आम की विभिन्न प्रजातियों, विपणन व प्रसंस्करण एवं अन्य जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान कृषकों के साथ डा. धर्मपाल यादव, पुनीत कुमार पाठक, राकेश कुमार, दिव्या यादव, गोविन्द नारायण मिश्रा, पूरन लाल यादव, प्रधान चैधरी आदि उपस्थित रहे।

## बारिश के बाद अलग-अलग इलाकों में बिजली गुल

**पीलीभीत।** शहर में हुई बारिश के बाद अलग-अलग इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इसके अलावा बृहस्पतिवार की रात भी फॉल्ट व कटौती की समस्या रही। बृहस्पतिवार देर शाम से बिजली फॉल्ट और कटौती की समस्या शुरू हो गई। रात आठ बजे के करीब एकता नगर कॉलोनी में तकनीकी समस्या से आपूर्ति बाधित हो गई। इससे लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसके अलावा भी शहर के कई इलाकों में कटौती की समस्या लोगों के लिए गंभीर बनी रही। वहीं, शुक्रवार की सुबह से आपूर्ति कुछ ठीक रही, लेकिन दोपहर बाद एकाएक बिजली फॉल्ट और कटौती की समस्या से लोगों को परेशानी हुई।

## डीएम ने नगर निगम की सड़कों के निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में की समीक्षा बैठक



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में नगर निगम की विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने नगर निगम क्षेत्र की प्रस्तावित सड़कों के निर्माण कार्य एवं टेंडर प्रक्रिया, वर्क ऑर्डर तथा कार्य प्रारंभ की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। डीएम में जल निगम द्वारा डाली जा रही पेयजल जल पाइपलाइन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर पेयजल पाइपलाइन डालने का कार्य पूर्ण हो गया है उन सड़कों के बनने का काम शुरू कर दिया जाए। डीएम ने सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता के लिए लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंताओं को सड़के बांटने को निर्देश दिये। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से कराया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी सहित नगर निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सांड से टकराने के बाद बाइक से टकराई कार, एक की मौत

- पुवायां के गंगसरा में हुआ हादसा, चार लोग गंभीर रूप से हैं घायल

समृद्धि न्यूज



**पुवायां।** थाना क्षेत्र के गंगसरा में हुए सड़क हादसे एक व्यक्ति की जान चली गई। पुवायां की ओर आ रही कार सांड से टकरा गई। जिसके बाद कार अनियंत्रित हो गई और बाइक से टकरा गई। जिसमें बाइक चालक की मौत हो गई और बाइक सवार एक व्यक्ति और कार सवार 4 लोग बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। खुटार थाना क्षेत्र के गांव रूजहा कला निवासी मुरारी लाल पुत्र सावरेन, धर्मेंद्र वर्मा पुत्र कांताप्रसाद, रमेश पुत्र चिरौंजी लाल तथा बिहार के जनपद मुजफ्फरपुर के पूसा रोड निवासी सुधीर पुत्र महेश कार से शुक्रवार को गांव से पुवायां आ रहे थे। जब कार गंगसरा पहुंची तो सड़क के बीच आए सांड से टकरा गई। सांड से टकराने के बाद कार अनियंत्रित हो गई और गुजर रही बाइक से टकरा गई। जिससे बाइक चालक पुवायां थाना के गांव बसखेरा बुजुर्ग निवासी श्यामवीर पुत्र ब्रजपाल और बाइक सवार खुटार थाना क्षेत्र के गांव चमरा बोझी निवासी गोल्डी पुत्र हरबंस गंभीर घायल हो गए। राहगीरों और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बाइक चालक श्यामवीर को मृत घोषित कर दिया और बाइक सवार गोल्डी का इलाज नगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि श्यामवीर मजदूरी का कार्य करता था और एक फार्म पर धान रोपाई करने गया था। वही कार सवार उक्त लोगों का इलाज सीएचसी में चल रहा है। दुर्घटना में सांड की भी मौके पर ही मृत्यु हो गई। जिसको दफनाया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सूचना मिलते ही घायलों के परिजन सीएचसी पहुंचे। वही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि बाइक ओर कार की टक्कर हुई है। जिसमें इन लोगों की मौत हुई है। लेकिन पुलिस के अनुसार सांड ओर कार की भिंड़त हुई है।

## 924 किसान कृषि संबंधित सुविधाओं से हुए वंचित

**बीसलपुर।** लेखपालों की लापरवाही के कारण तहसील क्षेत्र के 924 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया अब तक नहीं हो सकी। इस वजह से ये किसान कृषि विभाग से संबंधित सुविधाओं से वंचित हो गए। उप संभाग कृषि प्रसार अधिकारी के कार्यालय के अभिलेखों के अनुसार, तहसील क्षेत्र के नगर के अलावा विभिन्न गांवों के 924 किसानों के आवेदन पत्रों पर क्षेत्रीय लेखपालों ने रिपोर्ट नहीं लगाई। इस कारण उन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है। आवेदन पत्रों को कृषि विभाग के कर्मचारियों ने तो अपनी रिपोर्ट लगाकर तहसील कार्यालय में सही समय पर भेज दी थी। किसानों के आवेदन पत्र तहसील कार्यालय में पिछले लगभग एक माह से लंबित पड़े हैं। फार्मर रजिस्ट्री न हो पाने के कारण किसानों को खाद, बीज और प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि नहीं मिल पा रही है। वंचित किसान अपने आवेदन पत्रों पर लेखपालों की रिपोर्ट लगवाने के लिए चक्कर लगा रहे हैं।

**इन स्थानों के किसानों के आवेदन लंबित**

बीसलपुर नगर ,बिलसंडा कस्बा, बरखेड़ा कस्बा, दियोरिया, मीरपुर वाहनपुर, रसाया खानपुर, दौलतपुर हीरा, बिहारीपुर कुमिरखा,बमरोली, बिहारीपुर हीरा, ज्योरहा कल्याणपुर, दौलत पुर पट्टी, पैनीया राम किशन, मधवापुर, नौगवां संतोष, ईंट गांव, मानपुर, अमृताखास, नवदिया सितारगंज, करेली, खनंका।

## बिलंदापुर फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप, ग्रामीण बेहाल

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** गंगसरा बिजली उपकेंद्र के बिलंदापुर ग्रामीण फीडर पर शुक्रवार सुबह से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से बिजली न आने पर दोपहर करीब 12 बजे गंगसरा उपकेंद्र के जेई से फोन पर जानकारी की गई। जेई ने बताया कि कृषि फीडर की आपूर्ति सुबह से चालू है, जबकि ग्रामीण फीडर पर बिजली नहीं दी गई है। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि फीडर पर ओवरलोड की समस्या है, इसलिए फिलहाल बिजली आपूर्ति संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शाम करीब 5 बजे बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब तक अच्छी बरसात नहीं होगी, तब तक ओवरलोड की समस्या के कारण बिजली आपूर्ति इसी तरह प्रभावित होती रहेगी। हालांकि शाम तक भी ग्रामीणों को लंबे समय तक बिजली का इंतजार करना पड़ा। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न मिलने से लोगों को पेयजल, पंखे, कूलर और अन्य आवश्यक कार्यों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि बिलंदापुर ग्रामीण फीडर की ओवरलोड समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को भीषण गर्मी में लगातार बिजली संकट का सामना न करना पड़े।

## प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर ने निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली

समृद्धि न्यूज




**पुवायां, शाहजहांपुर।** विकास खंड के जसवंतपुर प्राथमिक विद्यालय जसवंतपुर के प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार के निर्देशन में शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार स्कूल चलो अभियान फेज 2 कार्यक्रम के तहत अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विद्यालय स्टाफ एवं बच्चों ने स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। रैली को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के जागरूकता नारे और स्लोगन का उद्घार किया। रैली द्वारा अभिभावकों से अपने अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में कराने हेतु एवम बच्चो को प्रतिदिन स्कूल समय से भेजने के लिए प्रेरित किया ।इस दौरान प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार ने कहा कि एक भी बच्चा छूटा ,संकल्प हमारा टूटा । सरकार को मंशा के अनुरूप 6 से 11 वर्ष तक का कोई भी बच्चा नामांकन से एवं विद्याल जाने से छूटना नहीं चाहिए। बच्चो को अच्छी और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग प्रतिबद्ध है। बच्चो ने रैली में बड़ी उत्सुकता के साथ हिस्सा लिया और मनमोहक और अच्छे जागरूकता नारे लगाये। रैली के दौरान अलका दुबे, सहायक अध्यापक बबीता देवी, शिक्षा मित्र आंगनवाड़ी रसोइया सफाई कर्मी सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएलएसए प्रशिक्षुओं को सचिव व प्राचार्य ने प्रमाण-पत्र किया प्रदान

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन उपरांत 4 जुलाई को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण हेतु चयनित विद्यार्थियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपेक्षा सिंह एवं स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सचिव अपेक्षा सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विधि विद्यार्थियों को न्यायिक एवं विधिक व्यवस्था के व्यावहारिक पक्षों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। वहीं प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस प्रकार कार्यक्रम उनके शैक्षिक एवं व्यावसायिक विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। आशा है कि भविष्य में ऐसे अनेक कार्यक्रम आयोजित हों। इसी अवसर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस 2025 के अंतर्गत आयोजित नेशनल फोटोग्राफी एंड आर्ट शोकेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अमृत सिंह, अंशिका यादव एवं खुशबू वर्मा को भी सम्मानित किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सहायक आचार्य प्रदीप कुमार सिंह को डीएलएसए के 'संवर्धन' प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिथि व्याख्यान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चीफ एल.ए.डी.सी.एस. दिनेश कुमार मिश्रा, असिस्टेंट एल.ए.डी.सी.एस. विवेक कुमार शर्मा तथा महाविद्यालय के इंटर्नशिप प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में विद्यार्थियों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महाविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने पिया एसिड

#### सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।** एक ग्रामीण क्षेत्र की विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में एसिड पी लिया । हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव सरेली निवासी मोनी पत्नी उमेश 28 ने शनिवार पूर्वान्ह करीब साढ़े 11 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में एसिड पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में मोनी को। सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । विवाहिता द्वारा एसिड पीने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका हैं।

### विश्वविद्यालय में प्रवेश की तैयारियां अंतिम चरण में

#### अगले सप्ताह से लाइव होगा समर्थ पोर्टल

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 की प्रवेश प्रक्रिया को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय का समर्थ पोर्टल लगभग तैयार है। पोर्टल में मौजूद तकनीकी खामियों का सफलतापूर्वक निराकरण कर लिया गया है तथा पेमेंट गेटवे का परीक्षण भी सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अगले सप्ताह से पोर्टल विद्यार्थियों के लिए लाइव कर दिया जाएगा। प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को किसी प्रकार की चिंता की आवश्यकता नहीं है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने व मेरे पति राजेश राव ने अपने पुत्र आशीष राव को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुषमा राव पत्नी राजेश राव**
**नि.ग्रा. सिसौआ चरकुई**
**थाना रोजा, शाहजहांपुर।**

समृद्धि न्यूज़ — राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



## पाकिस्तान के पैरोकार

भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत क्यों करे? राजनयिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, पेशेवर रिश्ते क्यों बहाल करे? एक आतंकिस्तान देश को सबक सिखाना चाहिए अथवा संवाद के जरिए मुहब्बत का इजहार करना चाहिए? जो 117 चेहरे आज पाकिस्तान की पैरवी कर रहे हैं, क्या वे भूल गए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी जारी है? क्या वे पहलगाम का नरसंहार भूल गए? क्या पुलवामा में 40 'शहीदों' की कुर्बानी भूल गए? क्या उरी से लेकर 26/11 मुंबई आतंकी हमले तक पाकपरस्त शैतानों और हत्यारों की साजिशें भी भूल गए? क्या इन पैरोकारों ने आतंकवाद में अपने किसी परिजन को खोया है? यह पीड़ा, हत्या, दर्द, खालीपन, सूने आंगन, उजड़े सिंदूर को कैसे और कौन भूल सकता है? आखिर भारत की मजबूरी क्या है, जो वह पाकिस्तान की आतंकी, हत्यारी हुकूमत के साथ बातचीत करे? इस भूखे, नंगे, कर्जदार देश के पल्ले क्या है, जो वह भारत को मुहैया करा सकता है? और फिर क्या गारंटी है कि संवाद और संबंधों की बहाली के बाद सरहदों पर तनाव ठहर जाएगा? सीमापार से आतंकी भेजे नहीं जाएंगे? वैश्विक मंचों पर, कश्मीर की आड़ में, भारत-विरोधी दुष्प्रचार थम जाएगा? सांप की फितरत बदली है कभी? जिन 117 लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी और कथित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को खुला पत्र लिख कर भारत-पाक संवाद और बेहतर, कारगर संबंधों की गुहार की है, उनमें जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर और सैफुद्दीन सोज भी शामिल हैं। मणिशंकर ने सलमान खुर्शीद के साथ पाकिस्तान जाकर गुहार की थी कि मोदी सरकार हटाने में मदद करें। यह नवंबर, 2015 का वाकया है। दोनों कथित कांग्रेस नेताओं का कहना था कि मोदी को हटाए बिना भारत-पाक संबंध बेहतर नहीं हो सकते। अब पैरोकारों की सूची में शामिल हैं, तो यह बिल्कुल बेमानी है। खुफिया एजेंसी रॉ के प्रमुख रहे एएस दुलत भी सूची में हैं, जो पाकिस्तान की रूह तक से वाकिफ हैं और कई आतंकी हमलों के साक्षी रहे हैं। ओपी शाह, मनोज झा, जवाहर सरकार आदि कितने बड़े कूटनीतिज्ञ हैं, यह हम नहीं जानते, लेकिन सूची में जो 61 नाम भारतीयों के हैं, वे यकीनन प्रधानमंत्री मोदी के कट्टर विरोधी हैं और पाकपरस्त चेहरे हैं। आज उन्हें कौन पूछता है? क्या प्रासंगिकता है इनकी? क्या इनमें से किसी ने भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि आतंकी सांपों को पालना बंद करें? उनके अड्डे खत्म किए जाएं। हुकूमत और फौज आतंकियों की आर्थिक मदद करना और उन्हें 'जेहादी समर्थन' देना भी बंद करें। दरअसल आतंकवाद का जिक्र जब भी होता है, तो ये पैरोकार हकलाने लगते हैं या गाली की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अरे, पाकिस्तान के मंत्री धमकी दे रहे हैं कि हमने 130 परमाणु हथियार भारत के लिए रखे हैं। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो आजकल 'एटमी युद्ध' की धमकी दे रहे हैं। एक नापाक मंत्री ने यहां तक कह दिया कि पानी को हाथ लगाया, तो हाथ तोड़ देंगे। पाकिस्तान के कथित उपप्रधानमंत्री इशाक डार सिंधु नदी का पानी रोकना युद्ध की कार्रवाई मानते हैं। क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' के हमले भूल गया है पाकिस्तान, जिनमें उसके 11 एयरबेस को मिट्टी-मलबा कर दिया गया था? बहरहाल ऐसे आतंकी, धमकीबाज मंत्रियों की हुकूमत से भारत बात करेगा! क्यों करेगा? क्या ये 117 'रिटायर्ड चेहरे' भूल गए हैं कि पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों ने हमारे 40,000 से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्याएं की हैं? मठ-मंदिर ध्वस्त किए हैं? औरतों की आबरू, अस्मत लूटी है? पाकिस्तान में कौन लोग हैं, जो आपसी रिश्ते बेहतर चाहते हैं? अवाम को तो आटा, दाल, चावल, चीनी, फल-सब्जी भी मयस्सर नहीं है। क्या ऐसे अवाम को भयानक, कुरूप यथार्थों की पूरी जानकारी है? पाकिस्तान पहले बलूचिस्तान, खैबर, कथित आजाद कश्मीर में तो हालात शांत करे। वहां नापाक फौज अवाम को सरेआम गोलियों से भून रही है। अवाम विद्रोह पर है और सड़कों पर आंदोलित है। जिसका अपना घर विभाजित है, टुकड़े-टुकड़े है, उससे भारत क्या बात करेगा और उससे क्या हासिल होगा? पैरोकारों को एक-दूसरे के फॉर्म हाउस में पार्टी करनी है और बिरयानी का लुत्फ उठाना है, तो वे स्वतंत्र हैं। भारत किसी आतंकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करेगा।

# प्रदेश के सभी जिलों में 'हुनर से आत्मनिर्भरता' का महा-अभियान

*धर्मवीर खरे*




**उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में केवल पारंपरिक उत्पादन तकनीकों तक ही प्रशिक्षण सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को आधुनिक मशीनों का संचालन, गुणवत्ता प्रबंधन, आकर्षक पैकेजिंग, ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग, उद्यमिता विकास तथा उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप भी प्रशिक्षित किया जाएगा। हर बैच को 'कैपस्टोन प्रोजेक्ट' करना होगा, जिसमें वे अपने प्रोडक्ट का प्रोटोटाइप, कॉस्ट शीट, पैकेजिंग डिजाइन और 30 सेकंड की रील बनाकर जमा करेंगे। बेस्ट तीन प्रोजेक्ट को 'ओडीओपी इनोवेशन अवॉर्ड' के साथ 5 लाख रुपये तक की सीडमनी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद युवाओं को प्रतिष्ठित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण एवं मुद्रा योजना सहित अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। कौशल विकास मिशन ने सिडबी, नाबार्ड, जिला उद्योग केंद्र और प्रमुख बैंकों के साथ मिलकर 'क्रेडिट प्लस स्किल' मॉडल बनाया है। इसके तहत ट्रेनिंग पूरी करने वाले युवा को 24 घंटे में लोन अप्रूवल की सुविधा मिलेगी। हर जिले में ओडीओपी रोजगार मेला लगेगा, जिसमें फ्लिपकार्ट समर्थ, अमेजनकरिगर, रिलायंस रिटेल, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जैसी संस्थाएं हिस्सा लेंगी। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूर्णत: डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी मिशन की आधिकारिक वेबसाइट upsdm.gov.in पर जाकर ओडीओपी लिंक के माध्यम से अपने जिले के प्रशिक्षण केंद्र, उपलब्ध ट्रेड, प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान तथा आवेदन संबंधी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हर क्लास रूम में बायोमेट्रिक अटेंडेंस, सीसीटीवी लाइव स्ट्रीमिंग और एआई बेस्डअसेसमेंट होगा। पास होने वाले युवाओं को स्किल इंडिया डिजिटल वॉलेट में एनसीवीईटी सर्टिफिकेट मिलेगा, जिसे क्यू.आर कोड से वेरिफाई किया जा सकेगा।**

प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने तथा युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (PSDM) द्वारा 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ODOP) योजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में व्यापक कौशल विकास अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से कुल 8,525 युवाओं को उनके जिले के प्रमुख पारंपरिक उत्पादों से जुड़े आधुनिक एवं उद्योगोन्मुखी कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

प्रदेश सरकार की यह पहल स्थानीय उत्पादों को आधुनिक तकनीक, डिजाइन, गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार तथा स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे और स्थानीय उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन प्राप्त होगा। उत्तर प्रदेश का हर जिला किसी न किसी खास हुनर और उत्पाद के लिए जाना जाता है। कहीं की साड़ी, कहीं का इत्र, कहीं का ताला तो कहीं का फर्नीचर। लेकिन बदलते समय के साथ ग्राहक की पसंद, डिजाइन और क्वालिटी के मानक भी बदल गए हैं। ऐसे में पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक कौशल से जोड़ना जरूरी हो गया है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन का यह अभियान इसी जरूरत को पूरा कर रहा है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को दो चरणों में लागू किया है। प्रथम चरण का शुभारंभ 1 अप्रैल 2026 से किया गया, जिसमें प्रदेश के 17 जनपदों के 1,050 युवाओं को 'एक जनपद एक उत्पाद' आधारित विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण की सफलता तथा युवाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए अब अभियान का विस्तार करते हुए दूसरे चरण में शेष 58 जनपदों के 7,475 युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दोनों चरणों को मिलाकर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 8,525 युवाओं को उनके जिले के प्रमुख एक जनपद एक उत्पाद के उत्पादों के निर्माण, डिजाइनिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजिटल मार्केटिंग एवं उद्यमिता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क है और चयनित युवाओं को प्रशिक्षण अवधि में स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। कौशल विकास मिशन द्वारा प्रत्येक जिले के प्रमुख पारंपरिक उत्पाद एवं उद्योग की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। इन मॉड्यूल को तैयार करने में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, आईआईटी कानपुर के इनक्यूबेशन सेंटर और स्थानीय एक्सपोर्ट हाउस की मदद ली गई है। प्रशिक्षण का फोकस केवल 'उत्पाद बनाना' सिखाने पर नहीं है, बल्कि 'उत्पाद बेचना' और 'ब्रांड बनाना' सिखाने पर भी है। हर कोर्स में डिजाइन इनोवेशन, लागत घटाना, जीरो डिफेक्ट प्रोडक्शन, आकर्षक पैकेजिंग, ई-कॉमर्स ऑनबोर्डिंग और सोशल मीडिया मार्केटिंग को शामिल किया गया है।

प्रथम चरण में एटा में 575 युवाओं को हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां पीतल के पारंपरिक घंटों और सजावटी सामान को अब कंटेम्पररी होम डेकोर के हिसाब से बनाया जा रहा है। युवाओं को लेजर कटिंग मशीन, पाउडर कोटिंग, एंटीकफिनिश और अमेजन ग्लोबल सेलिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। मिर्जापुर में 200 युवाओं को कालीन एवं हैंडीक्राफ्ट में डिजिटल लूम चलाना, ऑटो-कैड पर डिजाइन बनाना, नेचुरल डाई का इस्तेमाल और यूरोपीय देशों के सेफ्टीनॉर्म्स सिखाए जा रहे हैं। प्रतापगढ़ में 350 तथा बहराइच में 300 युवाओं को फूड प्रोसेसिंग का प्रशिक्षण मिल रहा है। इसमें आंवला कैंडी, शहद, अचार, रेडी-टू-ईट खिचड़ी और मिलेट बेस्ड स्नैक्स को एफएसएसएआई मानकों के अनुसार बनाना, वैक्यूम पैकेजिंग, न्यूट्रिशन लेबलिंग और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचना शामिल है। गौतमबुद्ध नगर में 200 युवाओं को अपैरल एवं फैशनडिजाइनिंग में डिजिटल फैब्रिक प्रिंटिंग, 3डी सैंपलिंग, बायरकम्युनिकेशन और सस्टेनेबलफैशन की ट्रेनिंग दी जा रही है। आगरा में 75 युवाओं को आधुनिक लेदरटेक्नोलॉजी में इटालियनफिनिशिंग, लेजरइंग्रेविंग, आरईएसीएच कंप्लायंस और प्राइवेट लेबलिंग की जानकारी दी जा रही है।

दूसरे चरण में वाराणसी के 200 युवाओं को आधुनिक टेक्सटाइल एवं डिजाइनिंग में बनारसी साड़ी को डिजिटल जैक्कार्ड पर बुनना, जीआई टैग का सही इस्तेमाल, इंस्टाग्राम और पिंटरेस्ट से इंटरनेशनल कस्टमर तक पहुंचना सिखाया जाएगा। गोंडा के 250 युवाओं को दलहन आधारित फूडप्रोसेसिंग में पैकेज्ड दाल, बेसन, सत्तू, प्रोटीन बार बनाना और होटल-रेस्तरां चेन को बी2बी सप्लाई करना सिखाया जाएगा। महाराजगंज एवं पीलीभीत के 500 युवाओं को आधुनिक फर्नीचर एवं वुडन फिटिंग निर्माण में सीएनसी मशीन ऑपरेशन, फ्लैट-पैक फर्नीचर डिजाइन, नॉक-डाउन फिटिंग और डी2सी ब्रांड बनाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। अन्य जनपदों में भी उनके प्रमुख उत्पादों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। लखनऊ की चिकनकारी को लक्जरी फैशन ब्रांडिंग, कानपुर के लेदर गुड्स को वेजिटेबल टैनिंग और यूरोपीय एक्सपोर्ट, फिरोजाबाद के कांच को मॉडर्न लाइटिंग और आर्ट इंस्टालेशन, मुरादाबाद के पीतल को 3डी प्रिंटेड मोल्ड और कंटेनर शिपमेंट, सहारनपुर की लकड़ी नक्काशी को स्कैंडिनेवियन डिजाइन, भदोही की कालीन को कस्टम साइज और वॉल-टू-वॉल कारपेट, कन्नौज के इत्र को अल्कोहल-फ्री अत्तर और गल्फमार्केट, अलीगढ़ के ताले को स्मार्ट लॉक और बायोमेट्रिक सिस्टम से जोड़ा जाएगा।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में केवल पारंपरिक उत्पादन तकनीकों तक ही प्रशिक्षण सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को आधुनिक मशीनों का संचालन, गुणवत्ता प्रबंधन, आकर्षक पैकेजिंग, ई-कॉमर्स, डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग, उद्यमिता विकास तथा उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप भी प्रशिक्षित किया जाएगा। हर बैच को 'कैपस्टोन प्रोजेक्ट' करना होगा, जिसमें वे अपने प्रोडक्ट का प्रोटोटाइप, कॉस्ट शीट, पैकेजिंग डिजाइन और 30 सेकंड की रील बनाकर जमा करेंगे। बेस्ट तीन प्रोजेक्ट को 'ओडीओपी इनोवेशन अवॉर्ड' के साथ 5 लाख रुपये तक की सीडमनी दी जाएगी।

प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद युवाओं को प्रतिष्ठित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं, बैंक ऋण एवं मुद्रा योजना सहित अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। कौशल विकास मिशन ने सिडबी, नाबार्ड, जिला उद्योग केंद्र और प्रमुख बैंकों के साथ मिलकर 'क्रेडिट प्लस स्किल' मॉडल बनाया है। इसके तहत ट्रेनिंग पूरी करने वाले युवा को 24 घंटे में लोन अप्रूवल की सुविधा मिलेगी। हर जिले में ओडीओपी रोजगार मेला लगेगा, जिसमें फ्लिपकार्ट समर्थ, अमेजनकरिगर, रिलायंस रिटेल, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जैसी संस्थाएं हिस्सा लेंगी।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने प्रशिक्षण प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल एवं पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी मिशन की आधिकारिक वेबसाइट upsdm.gov.in पर जाकर ओडीओपी लिंक के माध्यम से अपने जिले के प्रशिक्षण केंद्र, उपलब्ध ट्रेड, प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान तथा आवेदन संबंधी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। हर क्लास रूम में बायोमेट्रिक अटेंडेंस, सीसीटीवी लाइव स्ट्रीमिंग और एआई बेस्डअसेसमेंट होगा। पास होने वाले युवाओं को स्किल इंडिया डिजिटल वॉलेट में एनसीवीईटी सर्टिफिकेट मिलेगा, जिसे क्यू.आर कोड से वेरिफाई किया जा सकेगा।

यह अभियान 'हुनर से आत्मनिर्भरता' को सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जमीन पर उतरता हुआ मॉडल बना रहा है। जब हर जिले का युवा अपने हुनर से कमाएगा और हर जिले का उत्पाद दुनिया के बाजार में बिकेगा, तभी उत्तर प्रदेश सही मायने में 'उद्यम प्रदेश' बनेगा।

## विचार

# मुख्यमंत्री आवास योजना से फिरोजाबाद में संवर रहे वंचितों के आशियाने

उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार अंत्योदय के अपने मूल संकल्प को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सभी प्रमुख सरकारी योजनाओं का लाभ पूरी संवेदनशीलता के साथ पहुंचा रही है। राज्य सरकार की इस लोक-कल्याणकारी नीति का सबसे प्रभावी और जीवंत रूप फिरोजाबाद जनपद में देखने को मिल रहा है, जहां विकास की मुख्यधारा से कटे और उपेक्षित परिवारों के जीवन में 'मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)' खुशहाली का एक नया सवेरा लेकर आई है। विशेष रूप से जनपद के शिकोहाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत असुआ की रहने वाली माया देवी की कहानी शासन के इसी संकल्प की एक जीवंत और अनुपम मिसाल है। पति की आकस्मिक मृत्यु के बाद दुख में डूबी माया देवी के लिए यह योजना एक नई रोशनी बनकर आई, जिसने न केवल उनके सिर पर सुरक्षित छत दी, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी पूरी तरह सुरक्षित किया।

पति के निधन के बाद माया देवी के जीवन में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। दो छोटे बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी और रहने के लिए कोई पक्का मकान न होना उनकी सबसे बड़ी व्यथा थी। वे अपने परिवार के साथ तिरपाल से बनी एक अत्यंत जर्जर और कच्ची झुग्गी में रहने को मजबूर थीं। बारिश और हाड़ कंपाने वाली ठंड के मौसम में ऐसी कच्ची झुग्गी में समय काटना किसी भयानक चुनौती से कम नहीं था, साथ ही उन्हें हमेशा अपने और बच्चों की सुरक्षा का डर सताता रहता था। जब माया देवी को जानकारी हुई कि प्रदेश सरकार विधवाओं और निराश्रित महिलाओं को विशेष प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया करा रही है, तो उन्होंने आवेदन किया। पात्रता सर्वे के दौरान प्रशासन द्वारा उन्हें उपयुक्त पाया गया और योजना के तहत उनके आवास की स्वीकृति मिल गई। सरकार द्वारा आवास निर्माण के लिए रु. 1 लाख 20 हजार की कुल राशि तीन किस्तों (रु. 40 हजार, रु. 70 हजार और रु. 10 हजार) में सीधे उनके खाते में भेजी गई।

पारदर्शिता की दृष्टि से इस संपूर्ण सहायता राशि को बिचौलियों के हस्तक्षेप से पूरी तरह मुक्त रखा गया है। 'आवास सॉफ्ट' जैसे अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण और त्वरित भौतिक सत्यापन करने के उपरांत यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' के माध्यम से निर्माण कार्य की प्रगति के अनुरूप भेजी जाती है, जिससे सरकारी धन का शत-प्रतिशत सदुपयोग केवल और केवल एक सुदृढ़ मकान के निर्माण में ही सुनिश्चित हो रहा है।

प्रदेश सरकार ने संवेदनशीलता के साथ विभिन्न जनोपयोगी योजनाओं का आपसी समन्वय (कन्वर्जेंस) करके लाभार्थियों को बहुआयामी आर्थिक संबल दिया। इसी कल्याणकारी कड़ी में, माया देवी को आवास निर्माण के साथ-साथ 90 दिन की मनरेगा मजदूरी के रूप में रु. 22,680 की अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दोहरे एवं दूरगामी सहयोग ने उन्हें आर्थिक रूप से टूटने से बचा लिया और वह पूरे सम्मान के साथ अपना घर बना सकीं। इसके साथ ही, उन्हें 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन से भी लाभान्वित किया गया, जिसने उन्हें धुएं से मुक्ति और स्वच्छ ईंधन का उपहार दिया। आज माया देवी का पक्का मकान पूरी तरह बनकर तैयार है, जहां वे अपने बच्चों के साथ पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं और एक खुशहाल जीवन जी रही हैं। इस घर ने उनके बच्चों को शिक्षा के लिए एक बेहतर माहौल दिया है, जिससे उनके जीवन में एक सुनहरे भविष्य की शुरुआत हुई है।

माया देवी जैसी पात्र महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर आवास, उज्ज्वला योजना और मनरेगा मजदूरी का सामूहिक लाभ देकर समाज के सबसे वंचित और जरूरतमंद वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना ही शासन का मुख्य उद्देश्य है। शासन के स्पष्ट निर्देशानुसार प्रशासन का निरंतर यही प्रयास है कि जनपद में कोई भी पात्र व्यक्ति आवास विहीन न रहे। महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन को इस पूरी योजना का सबसे मजबूत स्तंभ बनाया गया है। आवेदनों की बारीकी से जांच और चयन प्रक्रिया के दौरान शासन द्वारा महिलाओं, विशेषकर विधवाओं, एकल माताओं और महिला प्रधान परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

ग्रामीण अंचलों में घरों का मालिकाना हक प्रत्यक्ष रूप से महिलाओं के हाथों में आने से उनका सामाजिक और आर्थिक सम्मान तेजी से बढ़ा है, जिससे वे समाज में अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसके साथ ही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़े वर्गों तथा दिव्यांगजनों को भी प्राथमिकता सूची में ऊपर रखकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि समाज का कोई भी कमजोर तबका पीछे न छूट जाए।

स्थानीय प्रशासन के सक्रिय और योजनाबद्ध प्रयासों के कारण फिरोजाबाद जनपद में इस योजना के भौतिक लक्ष्य अत्यंत सफलतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जा रहे हैं। आंकड़ों के धरातल पर देखें तो बीते वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित किए गए सभी 1553 आवासों के लक्ष्य को शत-प्रतिशत स्वीकृत करते हुए कुल 1541 आवासों का निर्माण पूरी तरह संपन्न कराया जा चुका है तथा शेष 12 निर्माणाधीन आवासों को भी शीघ्र पूरा किया जा रहा है। इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आवंटित कुल 1207 आवासों के लक्ष्य को पूरी मुस्तैदी से स्वीकृत करते हुए 632 आवासों के लिए प्रथम किस्त जारी कर दी गई है, जिन पर निर्माण कार्य युद्धस्तर पर प्रगति पर है और शेष आवासों की प्रक्रिया भी अत्यंत तीव्र गति से आगे बढ़ रही है।

जमीनी स्तर पर मुख्यमंत्री आवास योजना का यह व्यापक प्रभाव केवल परिवारों को आश्रय देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी एक नई गति और ऊर्जा प्रदान कर रहा है। बड़े पैमाने पर हो रहे इन निर्माण कार्यों से क्षेत्र के राजमिस्त्रियों, अकुशल श्रमिकों और निर्माण सामग्री के व्यापार से जुड़े स्थानीय छोटे दुकानदारों के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कच्चे और असुरक्षित घरों की असुरक्षा से निकलकर जब ये निर्धन परिवार एक पक्के और बुनियादी सुविधाओं से युक्त घर में प्रवेश करते हैं, तो उनका आत्मसम्मान बढ़ता है, उनका स्वास्थ्य स्तर सुधरता है और बच्चों की शिक्षा के लिए एक बेहतर, शांत और सुरक्षित माहौल तैयार होता है।

राज्य सरकार द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस दूरगामी योजना में रु. 1,400 करोड़ का भारी-भरकम बजट आवंटित किया गया है, जो इस अभियान की निरंतरता और गति को बनाए रखने में मील का पत्थर साबित होगा। संक्षेप में, उत्तर प्रदेश सरकार की यह संवेदनशील पहल सिर्फ ईंट और गारे के मकान बनाने की कवायद नहीं है, बल्कि यह समाज के वंचित नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा देने, उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने और उनके भीतर एक उज्ज्वल तथा आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत उम्मीद जगाने का एक अत्यंत सराहनीय और प्रभावी सरकारी प्रयास है।

साहित्य



### ग़ज़ल

**संजय एम तराणेकर**

दर्द है हल्का-सा मगर हो रहा है,
दिल किसी याद में बिखर रहा है।
ये रात चुप है, चाँद भी खामोश है,
आँख का ख़्वाब पत्थर हो रहा है।

यूं तो वक्त की ठंडी हवाएँ कह गईं,
हर सफ़र अब मुश्किल हो रहा है।
तेरी आवाज की मीठी-सी गूँज से,
ये घर का कोना मुनव्वर हो रहा है।

कुछ दुआएँ साथ चलती हैं अभी,
वरन जीना भी तो दुश्वार हो रहा है।
अभी लोग कहते हैं सभी अच्छा है,
मन मगर अंदर ही अंदर रो रहा है।

इस दर्द को हँसकर छुपाने की अदा,
आदमी को और बेहतर कर रही है।
हाँ, दर्द है हल्का-सा मगर हो रहा है,
यूं दिल किसी याद में बिखर रहा है।



## राशिफल

**मेष:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**वृषभ:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कन्या:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**धनु:-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभ:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही से बचें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# पर्यावरण नहीं, अस्तित्व का प्रश्न है वनों का संरक्षण

*योगेश कुमार गोयल*

भारतीय संस्कृति में प्रकृति को सदैव पूजनीय माना गया है। हमारे पर्व और उत्सव केवल सामाजिक उल्लास के अवसर नहीं रहे बल्कि प्रकृति और मानव के सह अस्तित्व के प्रतीक भी रहे हैं। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के क्षरण, प्रदूषण और जल संकट जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों से जूझ रही है, तब भारत में 1 से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला 'वन महोत्सव' केवल वृक्षारोपण का अभियान नहीं बल्कि पृथ्वी पर जीवन बचाने का राष्ट्रीय संकल्प बन चुका है। वास्तव में वर्तमान समय की आवश्यकताओं को देखा जाए तो वन महोत्सव से बड़ा कोई उत्सव नहीं हो सकता क्योंकि इसका संबंध केवल पर्यावरण से नहीं बल्कि मानव सभ्यता के भविष्य से है।

भारतीय परंपरा में वनों को देवतुल्य माना गया है। वे केवल पेड़ों का समूह नहीं बल्कि पृथ्वी के फेफड़े, जैव विविधता के सबसे बड़े आश्रय, नदियों के संरक्षक, जलवायु संतुलन के प्रहरी तथा करोड़ों लोगों की आजीविका के आधार हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति से ठीक पहले जुलाई 1947 में दिल्ली में चलाए गए व्यापक वृक्षारोपण अभियान ने वन महोत्सव की अवधारणा को जन्म दिया था, जिसे वर्ष 1950 में तत्कालीन केंद्रीय कृषि एवं खाद्य मंत्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान किया। जुलाई के प्रथम सप्ताह का चयन इसलिए किया गया क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान मिट्टी में पर्याप्त नमी होने से पौधों के जीवित रहने की संभावना सर्वाधिक रहती है। आज यह अभियान भारत के 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन का जीवंत प्रतीक बन चुका है। वनों की स्थिति विश्व स्तर पर चिंताजनक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पृथ्वी का केवल लगभग 31 प्रतिशत भूभाग ही वनाच्छादित है जबकि प्रतिवर्ष लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अवैध कटाई, औद्योगिकीकरण, खनन और अवसंरचनात्मक विकास की भेंट चढ़ रहा है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि यही प्रवृत्ति जारी रही तो आगामी दशकों में विश्व के अनेक वर्षावन गंभीर संकट में पड़ सकते हैं। ऐसे समय में भारत जैसे विशाल और जैव विविधता से समृद्ध देश की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। भारत ने हाल के वर्षों में वन संरक्षण और वृक्षारोपण की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

भारतीय वन सर्वेक्षण की भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) के अनुसार, देश का कुल वन एवं वृक्ष आवरण बढ़कर 8,27,357 वर्ग किलोमीटर हो गया है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 25.17 प्रतिशत है। इसमें 7,15,343 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र तथा 1,12,014 वर्ग किलोमीटर वृक्ष आवरण शामिल है। पिछले आकलन की तुलना में कुल हरित आवरण में 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज हुई। क्षेत्रफल के आधार पर मध्य प्रदेश सबसे अधिक वन क्षेत्र वाला राज्य है जबकि अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ उसके बाद आते हैं। वहीं, वन घनत्व के अनुपात में मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय अग्रणी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्सेज असेसमेंट रिपोर्ट में भारत को कुल वन क्षेत्र के आधार पर विश्व में नौवां स्थान तथा वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में अग्रणी देशों में स्थान प्राप्त हुआ है।

हालांकि इन उपलब्धियों के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि हरित आवरण में हुई वृद्धि का बड़ा हिस्सा प्राकृतिक सघन वनों के बजाय खुले वनों तथा व्यावसायिक वृक्षारोपण के कारण हुआ है। प्राकृतिक वन केवल पेड़ों का समूह नहीं होते बल्कि हजारों वनस्पतियों, जीव-जंतुओं, सूक्ष्म जीवों और जल स्रोतों का जटिल पारिस्थितिकी तंत्र होते हैं। इनका स्थान कृत्रिम पौधारोपण कभी नहीं ले सकता। विशेष चिंता का विषय पूर्वोत्तर भारत है, जहां सड़क निर्माण, जलविद्युत परियोजनाओं, झूम खेती, भूस्खलन तथा अन्य विकास गतिविधियों के कारण कई क्षेत्रों में वन क्षेत्र में कमी दर्ज की गई है। दूसरी ओर विकास परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई के बाद प्रतिपूरक वृक्षारोपण तो किया जाता है लेकिन पौधों की देखभाल, सिंचाई और संरक्षण की अनदेखी के कारण उनमें से अधिकांश जीवित नहीं रह पाते। केवल पौधे लगा देना पर्याप्त नहीं है बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना ही वास्तविक सफलता है।



आज वन मानव स्वास्थ्य के सबसे बड़े संरक्षक बन चुके हैं। वायु प्रदूषण, जल संकट और भूमि के मरुस्थलीकरण जैसी समस्याओं का सबसे प्रभावी और किफायती समाधान वृक्ष ही हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन की गति को धीमा करते हैं, ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं, वर्षा चक्र को संतुलित रखते हैं, भूजल स्तर बनाए रखते हैं तथा मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। बढ़ते प्रदूषण के कारण कैंसर, हृदय रोग, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों में तेजी से वृद्धि हो रही है। साथ ही, अनियमित मानसून, भीषण हीटवेव, सूखा, क्लाउडबर्स्ट और जंगलों में आग जैसी घटनाएं स्पष्ट संकेत हैं कि प्रकृति का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है। इस संकट से निपटने के लिए भारत ने वर्ष 2030 तक अतिरिक्त 2.5 से 3 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कार्बन सिंक विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें वनों की भूमिका निर्णायक होगी।

बहरहाल, वन महोत्सव का वास्तविक संदेश केवल सप्ताह भर लाखों पौधे लगाने तक सीमित नहीं है बल्कि इसकी सफलता इस बात में निहित है कि स्थानीय जलवायु के अनुरूप नीम, पीपल, बरगद, बेल, जामुन, अर्जुन और अन्य देशज प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाए तथा प्रत्येक पौधे की कम-से-कम तीन वर्षों तक नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। जब तक पौधारोपण को जनभागीदारी और जन जिम्मेदारी का अभियान नहीं बनाया जाएगा, तब तक हरित भारत का सपना अधूरा रहेगा।

विकास और पर्यावरण परस्पर विरोधी नहीं बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। आर्थिक प्रगति, आधुनिक तकनीक और अवसंरचनात्मक विकास आवश्यक हैं किंतु वे स्वच्छ वायु, शुद्ध जल और संतुलित जलवायु का विकल्प नहीं बन सकते। यदि वन सुरक्षित रहेंगे तो नदियां जीवित रहेंगी, भूजल समृद्ध होगा, जैव विविधता संरक्षित रहेगी और मानव सभ्यता का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इसलिए वन महोत्सव केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व और राष्ट्रीय आंदोलन बनना चाहिए। आज आवश्यकता केवल वृक्ष लगाने की नहीं बल्कि उन्हें बचाने की भी है क्योंकि आने वाली पीढ़ियां हमसे विकास की ऊंची इमारतें नहीं बल्कि सांस लेने योग्य स्वच्छ पृथ्वी की विरासत चाहेंगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र महोबा 230 व चरखारी 231 के मतदेय स्थलों की सूची का प्रकाशन

**समृद्धि न्यूज,महोबा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी गजल भारद्वाज नें बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-25 में दिये गये उपबन्धों के अनुसरण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन करते हुए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 230-महोबा तथा 231-चरखारी के अन्तर्गत आने वाले मतदेय स्थलों की सूची तैयार कर ली गई है, जिसका आलेख्य प्रकाशन दिनांक 04 जुलाई 2026 को कर दिया गया है। प्रकाशित की गई मतदेय स्थलों की यह प्रस्तावित सूची निःशुल्क निरीक्षण हेतु सम्बन्धित तहसील कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय महोबा एवं ऑनलाइन डी0ई0ओ0 पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। 04 जुलाई 2026 को आलेख्य के रूप में प्रकाशित की गई मतदेय स्थलों की प्रस्तावित सूची में यदि किसी प्रकार की आपत्ति / सुझाव हों तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय महोबा में निर्धारित दिनांक तक किसी भी कार्य दिवस में दिया जा सकता है।

### मेडिकल कॉलेज निरीक्षण में डीएम ने मरीजों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को उपलब्ध सुविधाओं तथा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी व वार्डों का भ्रमण किया और भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर उपचार, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय सेवाओं तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में संचालित पूछताछ केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि पूछताछ केंद्र पर तैनात कर्मचारियों के नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर प्रदर्शित नहीं किए गए हैं। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूछताछ केंद्र पर कर्मचारियों का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके तथा संबंधित चिकित्सक या विभाग तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी (इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर) कक्ष का भी निरीक्षण किया और वहां पारदर्शिता एवं बेहतर निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कक्ष में पारदर्शी ग्लास लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर, त्वरित एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. प्रशांत निरंजन, वित्त नियंत्रक आशुतोष चतुर्वेदी सहित अन्य चिकित्सक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्राइम ब्रांच टीम ने 2020 से फरार आरोपी को रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद की क्राइम ब्रांच टीम ने वर्ष 2020 से धोखाधड़ी के एक चर्चित मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पर पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने उसे उरई रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। विवरण के अनुसार 16 अगस्त 2020 को कोतवाली कोंच में वादी शैलेन्द्र कुमार गौतम ने तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने पेट्रोल पंप का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर उनसे कुल 39 लाख 68 हजार 685 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए। इतना ही नहीं आरोपियों ने फर्जी पेट्रोल पंप लाइसेंस तैयार कर उसे वादी के व्हाट्सएप पर भेज दिया जिससे उन्हें काफी समय तक धोखे में रखा गया। शिकायत के आधार पर कोतवाली कोंच में मुकदमा संख्या 63/2020 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराओं 419, 420, 465, 467, 468, 471, 120-बी तथा आईटी एक्ट की धारा 66-सी और 66-डी में मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान इस संगठित धोखाधड़ी में कुल 12 अभियुक्तों के नाम सामने आए थे जिनमें से सात आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के पर्यवेक्षण में क्राइम ब्रांच टीम फरार आरोपियों की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। इसी क्रम में मिली सटीक सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच टीम ने संजय रविदास पुत्र सीताराम रविदास निवासी ग्राम महमदपुर थाना औगारी जनपद नालंदा (बिहार) को उरई रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगी गई कुल धनराशि में से 2 लाख 98 हजार 500 रुपए आरोपी संजय रविदास के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। आरोपी से पूंछतांछ के आधार पर पुलिस मामले में फरार अन्य अभियुक्तों की तलाश भी तेज कर रही है। इस कार्रवाई को क्राइम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पाण्डेय एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि साइबर एवं आर्थिक अपराधों में शामिल आरोपियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और फरार सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।



### डीआईओएस ने 23 कोचिंग सेंटरों के पंजीयन खत्म होने पर अमान्य घोषित किया

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित ने जनपद में संचालित 23 कोचिंग सेंटरों की पंजीकरण समाप्त होने पर उन्हें अमान्य घोषित कर दिया। गौरतलब हो कि कार्यालय द्वारा अभिलेखों के आधारपर तीन वर्ष के लिए पंजीकरण किया गया था। लेकिन पंजीकृत कोचिंग सेंटरों की निर्धारित अवध पूर्ण हो जाने के उपरांत कोचिंग सेंटरों के संचालकों ने नवीनीकरण प्रक्रिया संपादित नहीं जिससे नफीस अहमद सिद्दीकी की जीएस प्वाइंटर एकेडमी पटेल नगर उरई, आशा देवी की आदर्श कोचिंग सेंटर ईटों, कौशल किशोर की आर डीसेन्ट कोचिंग जालौन, अभिषेक कुमार की चौधरी एजूकेशन ग्रुप एण्ड कोचिंग सेंटर जालौन, राकेश कुमार की जीनियस एकेडमी यूको बैंक के पास रामनगर उरई, मोहित याज्ञिक की महास्वेता अकादमी राजमार्ग उरई, रतन सिंह यादव की सनराइज इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशनल अकबरपुर मड़ैया, मोहित तिवारी की स्वामी विवेकानंद शिक्षण संस्थान मंडी बाजार कोटरा, शाहित अहमद की अम्पेक्ट कोचिंग क्लासेस गोपालपुरा, प्रवेन्द्र सिंह यादव की न्यू पीएस कोचिंग सेंटर रामनगर उरई, प्रीती जेतली की प्रकाश जेतली शिक्षा सदन कालपी, की मिशन इन्सीट्यूट रावगंज कालपी शामिल है।

# समाजसेवी क्रांतिकारी बाबा लक्खीशाह बंजारा की मनाई गयी जयंती

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में मासिक बैठक संपन्न हुई तथा नेतृत्व के निर्देशानुसार महान समाजसेवी क्रांतिकारी बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती भी मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक में वक्ताओं ने उनके जीवन पर विस्तृत जानकारी दी, मासिक बैठक का मुख्य एजेंडा था एसआईआर के उपरांत प्राप्त मतदाता सूची में गलत नामों की इंट्री की छटनी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के जन्मदिन पर 1 जुलाई से 7 जुलाई तक बूथ स्तर पर वृक्षारोपण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी विधान सभा अध्यक्षों से बिन्दुवार समीक्षा की, बैठक का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। बैठक में मुख्यरूप से पूर्व सांसद डा अशोक पटेल, विधायक ऊषा मौर्या, पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा, संतोष द्विवेदी, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राम शरण यादव, समरजीत सिंह, दयालु गुप्ता, दलजीत निषाद, सदस्य प्रदेश कार्यकारणी विपिन यादव, महेंद्र बहादुर सिंह, प्रवक्ता एड जगदीश सिंह, राम तीरथ परमहंस, रीता प्रजापति, रामकिशोर प्रजापति, अनिरुद्ध यादव, देवेंद्र लोधी, मनोज यादव, एड सुघर सिंह, मोइन खान, डीजी कुशवाहा, जंग बहादुर मखलू, कु. रत्नेश रत्ना, आरती बघेल, कमलेश निषाद,अनूप यादव, प्रेमनाथ विश्कर्मा, सऊद अहमद, नफीस उद्दीन, शकील गोल्डी, नूरुल हुदा, इंजीनियर सिद्धार्थ कोरी, जयकरण यादव, श्रीचंद्र विश्वकर्मा, आजम खान, अमित मौर्य, नरेश कोरी, हीरा लाल साहू, डा0 अमित पाल, एड जगनायक सचान, नरेंद्र प्रजापति, शहनवाज हुसैन आदि लोग मौजूद रहे। वही सपा नेता महेंद्र निषाद ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें सपा के संस्थापक और मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव का चित्र भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दिया।



## आईआईएम अहमदाबाद में प्रशिक्षण के लिए जाएंगे डायट प्रवक्ता विनय मिश्र

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर के प्रवक्ता एवं सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्र का चयन भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद में आयोजित होने वाले कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के लिए हुआ है। निदेशक एस0सी0ई0आर0टी0 लखनऊ द्वारा प्रेषित सूची में विनय मिश्र का चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया है। यह प्रशिक्षण 13 से 17 जुलाई 2026 तक आई0आई0एम0 अहमदाबाद गुजरात में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य डायट एवं एससीईआरटी के प्रवक्ताओं के नेतृत्व कौशल, शैक्षणिक प्रबंधन, नवाचार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण दक्षताओं का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को शैक्षिक नेतृत्व, संस्थागत क्षमता निर्माण, प्रभावी प्रबंधन, नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर आईआईएम अहमदाबाद के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में प्राप्त अनुभवों और नवीन अवधारणाओं का उपयोग जनपद में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए किया जाएगा। इस प्रशिक्षण से संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों को एक नई दिशा मिलेगी। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का लाभ जनपद के शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रमों और विद्यालयी शिक्षा व्यवस्था को मिलेगा।



## खाद की किल्लत को लेकर कल देंगे ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के प्रदेश महासचिव व प्रदेश प्रभारी रामदत्त मिश्रा ने बताया कि जनपद में 29-6-26 को मासिक बैठक में कृषि विभाग एवं पीसीएफ विभाग के अधिकारी आकर के बताए थे की 3 दिन के अंदर किसानों को खाद मिलना शुरू हो जाएगी तथा प्रत्येक किसान को जोत के आधार पर सात बोरी यूरिया 5 बोरी डीएपी प्रति हेक्टेयर से दो बार में उपलब्ध करा दी जाएगी किंतु किसान जब समिति में खाद लेने जाते हैं तो उन्हें चाहे जितने बीघे की जोत हो मात्र एक से दो बोरी खाद ही दी जाती है कहते हैं हम दो बोरी से अधिक नहीं दे पाएंगे। ऐसे में उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी को अवगत कराना चाहते हैं कि किसान अगर 30 बीघे का काश्तकार है तो वह 15 बार में खाद लेकर के अपनी फसल कैसे काट सकता है।



## समाजसेवी संतोष तिवारी ने किया वृहद वृक्षारोपण

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।**

पर्यावरण संरक्षण हेतु मनाए जा रहे वन महोत्सव में ष्एक पेड़ मां के नामष् के अंतर्गत भिटौरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर भिटारी में समाजसेवी संतोष तिवारी ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा की प्रकृति को हरा भरा बनाने के लिए हम सब की जिम्मेदारी है कि ज्यादा से ज्यादा पौधों को लगाएं और उन्हें संरक्षित रखें। उन्होंने कहा हर वर्ष बड़ी संख्या में पौधे तो लगा दिए जाते हैं लेकिन उनका संरक्षण नहीं हो पाता है लिहाजा ज्यादातर पेड़ सूख जाते हैं।

इसलिए उन्होंने कहा कि इस वर्ष पेड़ ऐसी जगह लगाया जाए जहां पर उनका सही तरीके से देखभाल हो सके।

इसके साथी उन्होंने यह भी कहा कि जहां पर भी पेड़ लगाया जाए वहां किसी न किसी को जिम्मेदारी दे दी जाए ताकि उन पौधों की रक्षा हो सके और हमारी प्रकृति हरी भरी रह सके।

उन्होंने लोगों से अपील किया कि कम से कम एक पौधा लोग जरूर लगाए और उसे संरक्षित करें।



# साध्वी निरंजन ज्योति ने की समीक्षा बैठक

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग साध्वी निरंजन ज्योति जी की अध्यक्षता में विरमा भवन में पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में माननीय अध्यक्ष ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में कितने ओबीसी छात्रों के प्रवेश मिले हैं तथा छात्रावास में क्या-क्या सुविधा हैं, इसकी जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि छात्रावास में लाइब्रेरी सहित सोलर पैनल, वाटर कूलर आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा करते हुए वृद्धावस्था पेंशन में पिछड़ा वर्ग के कितने लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने वृद्धावस्था पेंशन की जागरूकता हेतु अभियान चलाए जाने तथा कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित आवेदनों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पिछड़ा वर्ग के लोगों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में पिछड़ा वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में संविदा भर्ती व अन्य भर्ती में पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती में पिछड़ा वर्ग की भर्ती अभ्यर्थियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त निगम द्वारा प्राप्त धनराशि से पिछड़ा वर्ग के लोगों को दिए जाने वाले श्रण की अवशेष वसूली लाभार्थियों से किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने कौशल विकास विभाग में पिछड़ा वर्ग के कितने लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है इसकी तथा कितने को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है इसकी जानकारी ली। कौशल विकास विभाग द्वारा बताया गया कि 762 पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें 584 को स्वरोजगार प्राप्त हुआ है। उन्होंने नवोदय विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय में पिछड़ा वर्ग के बच्चों के प्रवेश हेतु आरक्षण लागू किए जाने के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारी से संचालित सहकारी समितियां की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियां विधिवत रूप से संचालित रहे तथा एक विवादित समिति की जांच कराए जाने के निर्देश दिए।



## फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी पाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी पाने के आरोप में ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर थाना पनवाड़ी में मुकदमा दर्ज किया गया है! जानकारी के अनुसार जनपद में तैनात एक ग्राम पंचायत अधिकारी के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने के आरोप में कोर्ट के आदेश पर थाना पनवाड़ी में धारा 318 (4), 336 (3), 338, 340 (2) में मुकदमा दर्ज किया गया है! इस कार्रवाई के बाद विभागीय और प्रशासनिक हल्का में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है! वादी का कहना है कि मुकदमा दर्ज होना न्याय की दिशा में पहला कदम है, लेकिन जब तक आरोपी की गिरफ्तारी और मामले में कठोर कार्यवाही नहीं होती तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा! यह मामला ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल पाठक से जुड़ा होना बताया जा रहा है, शिकायतकर्ता समाजसेवी ओमकार ने मुख्य न्यायाधीश की अदालत में प्रार्थना पर देकर आरोप लगाया था कि राहुल पाठक मूल रूप से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले की पलेरा तहसील स्थित ग्राम लारौन का निवासी है शिकायत के अनुसार उनकी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर स्नातक की पढ़ाई तक मध्य प्रदेश में हुई है तथा उन्होंने वनरक्षक पद पर सेवाएं दी हैं इतना ही नहीं उनके नाम से मध्य प्रदेश का मतदाता पहचान पत्र भी जारी हुआ था वादी ने अदालत में यह भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में सरकारी सेवा का लाभ लेने के उद्देश्य से राहुल पाठक ने महोबा जिले की कुलपहाड़ तहसील अंतर्गत ग्राम सतारी जो उनकी माता का मायका बताया जाता है वहां के पते के आधार पर निवास प्रमाण पत्र बनवाया है।

## ग्राम पंचायत देवगनपुरा में कीचड़ और जलभराव से ग्रामीण बेहाल

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा।** विकासखंड पनवाडी की ग्राम पंचायत देवगनपुरा में गलियों और सड़कों पर फैले कीचड़ व जलभराव से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का आवागमन कठिन हो गया है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। स्वच्छता व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी पनवाड़ी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन-प्रशासन की ओर से स्वच्छता अभियान और साफ-सफाई को लेकर लगातार दावे किए जाते हैं, लेकिन देवगनपुरा की बदहाल गलियां इन दावों की हकीकत बयां कर रही हैं। गांव के कई हिस्सों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा है, जिससे रास्ते कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार बरसात पूरी तरह शुरू होने से पहले ही हालात चिंताजनक हैं। यदि समय रहते जल निकासी और सफाई की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। जलभराव और गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। पंचायत स्तर पर साफ-सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन गांव की कई नालियां लंबे समय से साफ नहीं हुई हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में तत्काल नालियों की सफाई कराई जाए, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कीचड़ और जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सके।



## थाना खन्ना पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला को सकुशल किया बरामद

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**

पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे 'ऑपरेशन सर्च' के तहत थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्यवाही करते हुए गुमशुदा/अपहृता महिला को सकुशल बरामद किया है! घटना के विवरण में बताया है कि थाना खन्ना जनपद महोबा पर वादी कल्लू यादव पुत्र स्व0 बलदेव यादव निवासी ग्राम खन्ना द्वारा 25 मई 2026 को अपनी पत्नी मंजू यादव के बिना बताए घर से चले जाने के संबंध में गुमशुदगी संख्या 09/2026 पंजीकृत करायी गयी थी। तत्पश्चात वादी द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि भऊवा यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम पलहरी थाना नरैनी जनपद बांदा द्वारा उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है तथा इस कार्य में कुछ अन्य लोगों की भी संलिप्तता/साजिश है। इस प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना खन्ना पर मु0अ0सं0 60/2026 धारा 87/61(2) बीएनएस दिनांक 29 जून 2026 को पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में एक पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा गुमशुदा/अपहृता की तलाश हेतु लगातार प्रयास एवं संभावित स्थानों पर दबिश दी गयी। अथक प्रयासों के फलस्वरूप काव्या ढाबा के पास, बहद ग्राम खन्ना थाना खन्ना जनपद महोबा से गुमशुदा/अपहृता को सकुशल बरामद किया गया, बरामदगी के उपरांत नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 निरीक्षक लक्ष्मीनारायण सिंह, हे0का0 प्रवीण कुमार यादव, म0का0 प्रियंका यादव रही।



## आईएएस रिंकू सिंह राही को पुनः जालौन भेजने की मांग को लेकर युवाओं ने निकाला पैदल मार्च

▸ तहसील परिसर में किया धरना प्रदर्शन, सुरक्षा रही चाक चौबंद

**जालौन (उरई)।** पूर्व एसडीएम रिंकू सिंह राही को पुनः जालौन में तैनात किए जाने की मांग को लेकर शनिवार को कुछ युवाओं ने बाराहीं देवी मेला मैदान से तहसील परिसर तक पैदल मार्च निकाला। इसके बाद तहसील परिसर में प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राकेश कुमार सोनी को सौंपा। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे और विभिन्न थानों का पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। पूर्व एसडीएम रिंकू सिंह राही का 30 जून को एसडीएम (न्यायिक) उरई के पद पर स्थानांतरण किया गया था। प्रशासन ने इसे नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बताया है। वहीं, उनके कार्यकाल के दौरान कई विवाद भी सामने आए थे। तहसील कर्मचारियों और लेखपालों ने उनके व्यवहार को लेकर जिलाधिकारी को शिकायतें दी थीं। इसके अलावा एक कोल्ड स्टोरेज निरीक्षण के दौरान ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने भी उनके खिलाफ थप्पड़ मारने का प्रयास और धक्का देने का आरोप लगाते हुए डीएम को शिकायत दर्ज कराई थी। इसकी एक वीडियो क्लिप भी जारी की गई थी। इस प्रकरण की जांच एडीएम से कराई जांच कराई जा रही है। समाधान दिवस के दौरान भी एक जनप्रतिनिधि के साथ विवाद की चर्चा रही थी। शनिवार को हुए प्रदर्शन में शामिल लोगों ने रिंकू सिंह राही को दोबारा जालौन में तैनात करने की मांग की। वहां मौजूद लोगों के अनुसार प्रदर्शन किसी पंजीकृत संगठन के बैनर तले नहीं हुआ और धरना प्रदर्शन में अधिकांश किशोर और युवा ही शामिल हुए नजर आए। इस दौरान युवा डीएम को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े और रिंकू सिंह राही को वापस लाने की मांग कर रहे थे। कोतवाल हरिशंकर चंद के समझाने के बाद युवा एसडीएम को ज्ञापन देने को राजी हुए।



## चप्पल मारने की बेइज्जती का खौफनाक बदला, 15 वर्षों बाद महिला का किया कत्ल

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** थाना रामपुरा क्षेत्र में महिला की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, बांस का डंडा तथा घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। महिला की हत्या का खुलासा करते हुए एएसपी डॉ. ईशान सोनी ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि गत दिवस थाना रामपुरा में वादी देवेन्द्र सिंह ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी मां मीना देवी लगभग 50 वर्ष पत्नी स्वर्गीय कल्लू सिंह राजावत की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। शिकायत के आधार पर थाना रामपुरा में मुकदमा संख्या 51/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत लला उर्फ सहदेव सहित दो लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अम्बुज यादव के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर लगातार दबिश और चेकिंग अभियान चलाया जिसके दौरान दोनों आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। पूंछतांछ में आरोपी रन सिंह उर्फ बसन्तू ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पहले मृतका मीना देवी का उसके पिता जन्ट सिंह से विवाद हुआ था। उस दौरान मीना देवी ने उसके पिता को चप्पलों से पीटा था जिससे वह स्वयं को अपमानित महसूस करता था और उसी घटना की रंजिश उसके मन में बनी हुई थी। वहीं दूसरे आरोपी लला उर्फ सहदेव ने बताया कि उसकी बेटी और मृतका की बेटी के ससुराल आपस में जुड़े हुए गांवों में हैं। मृतका की बेटी के ससुराल पक्ष से मुकदमेबाजी चल रही थी जिसके कारण मृतका उससे भी रंजिश रखती थी। इसी पुरानी दुश्मनी के चलते दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची।



# बच्चे को गाली देने से किया मना, तो तोड़ा हाथ

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



- पीड़ित व उसके लड़के पर सुलह का बनाया जा रहा है दबाव
- आठ दिन बीतने पर भी नहीं दर्ज की रिपोर्ट, न्याय के लिए भटक रहा वृद्ध

थाना बदोसराय की पुलिस इंसाफ दिलाने में नाकाम नाबालिग बच्चे को गाली देने पर मना करने पर मारपीट करके 75 वर्षीय व्यक्ति का हाथ तोड़ देने की शिकायत के बावजूद थाना बदोसराय की पुलिस ने 8 दिन बीत जाने पर भी रिपोर्ट नहीं दर्ज की। वृद्ध आदमी न्याय के लिए भटक रहा।उल्टे थाना बदोसराय की पुलिस आरोपी से मिलकर सुलह का दबाव बना रही है।

उक्त आरोप जिला पंचायत सदस्य सपा जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने लगाते हुए बताया कि दिनांक 27 जून 2026 को ग्राम घुटरु मजरे शेखपुर टुटरू थाना बदोसराय निवासी 75 वर्षीय वृद्ध मायाराम अपने पोते राजकरन के साथ भैंस चरा कर वापस घर आ रहा थे कि तभी रास्ते में इसी गांव के रंजीत कुमार नामक व्यक्ति बेवजह राजकरन को गाली देने लगा। गाली देने से जब मयाराम ने मना किया तो उक्त रंजीत मयाराम को लाठी से मरने लगा जिससे मयाराम व राजकरन के शरीर पर चोटें आई और मयाराम का दाहिना हाथ फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना उसी दिन मयाराम द्वारा थाना बदोसराय पर दी गई। जिस पर सिरौलीगौसपुर अस्पताल में मयाराम व राजकरन की डाक्टरी पुलिस द्वारा कराई गई और हाथ की चोट का एक्सरे जिला अस्पताल बाराबंकी में कराया गया। जिसकी रिपोर्ट मे हाथ में फ्रैक्चर पाया गया। मेडिकल रिपोर्ट थाना बदोसराय आ जाने के बावजूद आज तक पीड़ित मयाराम की रिपोर्ट थाना बदोसराय में नहीं दर्ज की गई। उल्टे थाना बदोसराय में तैनात हल्का सिपाही सुभाष द्वारा पीड़ित व उसके लड़के पर सुलह का दबाव बनाया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य विजय यादव द्वारा मुख्यमंत्री जी को दिनांक 3 जुलाई को प्रार्थना पत्र के साथ एक शिकायती पत्र भेजकर पीड़ित को रिपोर्ट दर्ज कराकर व दोषी पुलिसकर्मी की भूमिका तथा रिपोर्ट न दर्ज करने में थाना बदोसराय पुलिस की लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करके पीड़ित को न्याय दिलाये जाने की मांग किया है।

# नाला सफाई को लेकर अर्धनग्न होकर दिया धरना

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नाला सफाई को लेकर अर्धनग्न होकर स्थल पर धरना देकर बैठे समाजसेवी को मिले आश्वासन के बाद समाजसेवी ने खजूर खाकर पानी पीने के बाद धरने को समाप्त कर दिया है। मामला ग्राम पंचायत अनूपगंज का है फ़ैज़ानुल उलूम जूनियर हाई स्कूल से पुतनहिया तालाब तक जाने वाले नाले की सफाई की मांग को लेकर ग्राम पंचायत अनूपगंज निवासी अताउर्रहमान शनिवार को नाले पर ही अर्धनग्न होकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ कर भूख हड़ताल शुरू कर दी। धरने पर बैठे अताउर्रहमान अंसारी का कहना था कि जब तक नाली की साफ सफाई नहीं कराई जाएगी तब तक उनका धरना और भूख हड़ताल जारी रहेगी। उनका आरोप था कि लंबे समय से नाली की सफाई न होने के कारण क्षेत्र में जलभराव और गंदगी की समस्या बनी हुई है जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। धरने की जानकारी सहयोगियों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाली की शीघ्र साफ-सफाई कराने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद ग्राम विकास अधिकारी ने धरने पर बैठे समाजसेवी अताउर्रहमान अंसारी को खजूर खिलाकर और पानी पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। इसके साथ ही धरना एवं भूख हड़ताल भी समाप्त हो गई।

### दिव्यानंद स्पिरिचुअल फाउंडेशन के वार्षिक सत्संग में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** कोटवा रोड स्थित दिव्यानंद स्पिरिचुअल फाउंडेशन में शनिवार को आयोजित वार्षिक भव्य सत्संग में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र सहित दूर-दराज़ के गांवों और कस्बों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सत्संग में सहभागिता कर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। भजन-कीर्तन और प्रवचनों से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा।

परम संत दिव्यानंद जी महाराज के उत्तराधिकारी पूज्य स्वामी देवेंद्र मोहन भैया जी ने अपने प्रेरक प्रवचन में कहा कि वर्तमान समय में अनेक लोग भगवान की भक्ति भी अपनी सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के उद्देश्य से करते हैं। जब उनकी मनोकामनाएं पूरी नहीं होतीं, तो वे आस्था से विमुख होने लगते हैं और कई बार धर्म परिवर्तन जैसे अनुचित कदम भी उठा लेते हैं। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति किसी स्वार्थ की नहीं, बल्कि अटूट श्रद्धा, विश्वास और पूर्ण समर्पण की प्रतीक होती है।

# दो सदस्यीय गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

- हैदरगढ़ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- चोरी के सामान की खरीद-बिक्री जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त रहा है अपराधी

जनपद में चोरी की घटनाओं में संलिप्त बताए जा रहे दो सदस्यीय गिरोह के खिलाफ हैदरगढ़ पुलिस ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना वीरेन्द्र कुमार कहार है, जो लंबे समय से अपने सहयोगी के साथ मिलकर चोरी और चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त जैसे अपराधों में संलिप्त रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 जुलाई 2026 को प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिरों एवं स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि वीरेन्द्र कुमार कहार पुत्र रमाशंकर कहार निवासी ग्राम कछ्वा, थाना सुबेहा एक संगठित आपराधिक गिरोह संचालित करता है। गिरोह का दूसरा सदस्य जय विश्वकर्मा पुत्र कृष्णानंद विश्वकर्मा निवासी मदारपुर तिराहा, थाना कोठी तथा वर्तमान निवासी देवीगंज भिटरिया रोड, थाना असंद्रा बताया गया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से चोरी की वारदातों को अंजाम देने तथा चोरी के सामान की खरीद-बिक्री जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त रहा है। गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध हैदरगढ़, असंद्रा एवं रामसनेहीघाट थानों में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि गिरोह की गतिविधियों के कारण आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। दोनों आरोपियों को अध्याय-17 में वर्णित अपराधों का अभ्यस्त अपराधी मानते हुए उनके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा तैयार गैंग चार्ट को जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी ने 30 जून 2026 को अनुमोदित किया था। इसके आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(1) के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## 115 रुपये के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कंधईपुरवा में 115 रुपये के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट एवं खूनी संघर्ष में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए जिनमें से एक व्यक्ति का सिर फट गया। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई। ग्राम



कंधईपुरवा शहजादे आलम पुत्र शराफत अली मुन्ना पुत्र खैराती सानू पुत्र कल्लू जामुन तोड़कर बाजार में बेचने गए थे। देर रात सभी लोग वापस लौटे तो जामुन बिक्री से मिले 115 रुपये के बंटवारे को लेकर आपस में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया मुन्ना एव सानू के साथ छोटे मुन्ना एव इकलाख ने शराफत अली, शहजादे आलम, साइमा पत्नी तुफैल तथा शबाना पर लाठी-डंडों से हमला कर हमले में सहजादे आलम का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। साइमा गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि सबाना और जावेद को भी काफी चोटें आई हैं। मारपीट और चीख-पुकार सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही सफदरगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही विपक्षी फरार हो गए थे। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हल्का प्रभारी रिषभ सिंह चंदेल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना: कारीगरों को मिलेगा दस दिन का नि:शुल्क प्रशिक्षण

- 18 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन,बढ़ई से धोबी तक 9 ट्रेड शामिल

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**




पारम्परिक कारीगरों को स्वरोजगार और आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से ÷विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना÷ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि योजना के तहत बढ़ई,नाई,दर्जी, कुम्हार, लोहार, सोनार, राजमिस्त्री, हलवाई,मोची एवं धोबी ट्रेड के पारम्परिक कारीगरों को 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इच्छुक कारीगर 18 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल https://msme.up.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो,बैंक पासबुक, स्व हस्ताक्षर और नगर पालिका अध्यक्ष-जिला पंचायत अध्यक्ष-सदस्य-ग्राम प्रधान से पारम्परिक कारीगरी होने का प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कारीगर सौमैया नगर,देवा रोड स्थित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र में कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं। फोन नं. 05248-297051 और ई-मेल gmdicbarabanki@gmail.com पर भी जानकारी ली जा सकती है। उपायुक्त ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र,सांसद आदर्श ग्रामों और आकांक्षात्मक विकासखण्डों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक आवेदन कराएं।

## खबरें एक नजर में

### नहीं रहे पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह, क्षेत्र में शोक की लहर



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को विधानसभा गौरीगंज के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ जननेता तेजभान सिंह दादा के आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में राजनीतिक, सामाजिक एवं आम जनजीवन से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है। तेजभान सिंह दादा का सादगीपूर्ण सार्वजनिक जीवन जनसेवा, ईमानदारी और जनहित के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। दादा तेजभान सिंह ने विधायक के रूप में क्षेत्र के विकास और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य किया। जीवन के अंतिम समय तक वे लोगों के सुख-दु:ख में सहभागी बने रहे और अपने सहज, सरल एवं आत्मीय व्यवहार से सभी का विश्वास और सम्मान अर्जित किया। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों और क्षेत्रीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की अपूरणीय क्षति बताया है। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान कर शोकाकुल परिवार, समर्थकों और समस्त क्षेत्रवासियों को इस गहन दु:ख को सहन करने की शक्ति दें।

### मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन, 11 जुलाई तक आमजन दे सकेंगे सुझाव एवं आपत्तियां

**बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद बाराबंकी के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 266-कुर्सी, 267-रामनगर, 268-बाराबंकी, 269-जैदपुर (अ.जा.), 270-दरियाबाद एवं 272-हैदरगढ़ (अ.जा.) के मतदेय स्थलों की सूचियों का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि संबंधित उपजिलाधिकारियों एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट (प्रथम) द्वारा मतदेय स्थलों की शत-प्रतिशत जांच उपरांत निर्धारित प्रारूप में सूचियां तैयार कराई गई हैं। उक्त आलेख्य सूचियां 04 जुलाई 2026 से 11 जुलाई 2026 तक जनसामान्य के नि:शुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची के संबंध में कोई सुझाव अथवा आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वह 11 जुलाई 2026 तक संबंधित तहसील अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय, बाराबंकी में लिखित रूप से अपना अभिमत प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों का नियमानुसार परीक्षण किया जाएगा।

### कमेला में अवैध कटान, ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के कमेला गांव में अवैध पेड़ कटान का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पूर्व ही एक ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे स्थित प्रतिबंधित आम के बाग को दिनदहाड़े काटकर लकड़ी गायब कर देने का मामला सामने आया था, जिसमें वन विभाग ने जांच के बाद आरोपी पर जुर्माने की कार्रवाई की थी। अभी यह मामला पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि दूसरे ही दिन उसी क्षेत्र में फिर से अवैध कटान का नया मामला उजागर हो गया। जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने बिना किसी वैध परमिट के चोरी-छिपे एक विशालकाय हरे-भरे गुलर के पेड़ तथा तीन शीशम के पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी लेकर रफूचक्कर हो गया घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने जांच की तो पाया कि एक गुलर और तीन शीशम के पेड़ों का कटान किया गया है। हालांकि मौके पर लकड़ी नहीं मिली, केवल कटे हुए पेड़ों की टहनियां और अवशेष ही बरामद हुए। वन दरोगा अनुज कुमार सिंह ने जांच के बाद अवैध कटान के लिए जिम्मेदार ठेकेदार अब्दुल अजीम पुत्र इमाम अली निवासी महराजपुर, थाना सुबेहा के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह यादव ने बताया कि वन विभाग की तहरीर पर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# टला बड़ा हादसा, डिवाइडर से टकराया तेज रफ्तार ट्रेलर



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र में मोहनगंज चौराहे पर शुक्रवार को शाम एक तेज रफ्तार गिट्टी लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे के बाद ट्रेलर सड़क की दूसरी ओर चला गया, जिससे कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ। पुलिस को सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहन यूपी 43 बीटी 3769 को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। मोहनगंज प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि अनियंत्रित ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर सड़क के दूसरे किनारे चला गया था। उन्होंने पुष्टि की कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने यह भी बताया कि वाहन को किनारे करवाकर यातायात बहाल कर दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# शादी से इनकार पर की युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



- पूछताछ में आरोपी ने बताया कुछ दिनों पहले उसकी इंस्टाग्राम से हुई थी काजल से दोस्ती

कोतवाली क्षेत्र अमेठी के रणवीर नगर मजरे जंगल रामनगर में 19 वर्षीय युवती काजल की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने तीन दिन के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी 22 वर्षीय सुरजीत सिंह निवासी पूरे नेवल, थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। मामले के अनावरण पर जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दो दिन पूर्व एक खेत में काजल का शव मिला था। सूचना पर थाना अमेठी एवं फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका के पिता अमरजीत सिंह की तहरीर पर थाना अमेठी में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों, सर्विलांस और अन्य तकनीकी माध्यमों की मदद से पुलिस आरोपी सुरजीत सिंह तक पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कुछ दिनों पहले उसकी काजल से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी। वह काजल से शादी करना चाहता था। इसी उद्देश्य से वह दिल्ली से अमेठी आया और काजल को घर के बाहर बुलाकर अपने साथ चलने के लिए कहा। आरोपी के अनुसार, जब काजल ने उसके साथ जाने और शादी करने से इनकार कर दिया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान उसने काजल का मुंह दबाकर उसे जमीन पर गिरा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

वारदात के बाद आरोपी ने शव को खेत की मेड़ के किनारे रखकर उस पर झाड़-झंखाड़ डाल दी और मौके से फरार हो गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीराम पांडेय, उ.नि. प्रेमचंद गौतम, उ.नि. रमेश यादव, सर्विलांस प्रभारी बृजेश सिंह, स्वाट प्रभारी अनूप कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# गांव में लगी उप संचालक चकबन्दी की अदालत, 20 का निस्तारण

- कोरिहर पंचायत भवन में आयोजित न्यायालय से ग्रामीणों को मिली त्वरित राहत

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़ ।**



उप संचालक चकबन्दी (पीठासीन अधिकारी)/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव ने तहसील सदर के ग्राम कोरिहर स्थित पंचायत भवन में पहुंचकर चकबंदी न्यायालय का आयोजन किया।

गांव में चल रही चकबंदी एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही के क्रम में प्रभावित पक्षकारों द्वारा उप संचालक चकबन्दी न्यायालय में चक निगरानी वाद दायर किए गए थे, जिनकी सुनवाई के लिए न्यायालय स्वयं गांव पहुंचा। इस दौरान उप संचालक चकबन्दी ने सभी पक्षकारों की बात गंभीरता से सुनी तथा प्रस्तुत अभिलेखों एवं तथ्यों के आधार पर कुल 28 वादों की सुनवाई की। इनमें से 20 वादों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को तत्काल न्यायिक राहत प्राप्त हुई। शेष वादों के शीघ्र एवं विधिसम्मत निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। उप संचालक चकबन्दी ने कहा कि न्याय लोगों के द्वार तक पहुंचे, यही शासन की प्राथमिकता है। गांव में न्यायालय आयोजित किए जाने से वादकारियों को बार-बार न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, समय एवं धन दोनों की बचत होगी तथा चकबंदी प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनेगी। उन्होंने चकबंदी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पूर्ण निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं न्यायसंगत तरीके से किया जाए। साथ ही चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक मामलों की सुनवाई गांव स्तर पर ही सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों को त्वरित न्याय उपलब्ध हो सके।

ग्रामीणों ने गांव में ही न्यायालय लगाए जाने की पहल का स्वागत करते हुए इसे प्रशासन की जनहितैषी एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली बताया। मौके पर चकबंदी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आयोजित हुआ 'आम भंडारा'

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

एक से सात जुलाई वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत जनपद में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को तिलोई वन रेंज के अंतर्गत आदर्श पब्लिक इंटर कॉलेज, बहादुरपुर में ÷आम बहार-आपके द्वार÷ थीम के तहत आम भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि वन महोत्सव अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं फलदार पौधों के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों को आम के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जनपद में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके और हरित वातावरण के निर्माण को बढ़ावा मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बिना भर्ती कर्मचारी को 4.56 लाख भुगतान? सचिव पर गंभीर सवाल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत मखुवापुर में तैनात ग्राम पंचायत सचिव पर बिना अधिकृत नियुक्ति वाले व्यक्ति के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान कराने के आरोप लगे हैं। सूत्रों का दावा है कि यदि भुगतान अभिलेख सही हैं, तो यह सरकारी धन के उपयोग और पंचायत वित्तीय नियमों की गंभीर जांच का विषय है। सूत्रों के अनुसार कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से नैमिष कुमार शर्मा के नाम पर, जिसे सूत्रों के अनुसार ÷कर्मचारी÷ के रूप में दर्शा रहे हैं, कुल ?4,56,392 का भुगतान किया गया। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के अतिरिक्त इस प्रकार की किसी नियमित नियुक्ति का उन्हें कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यह भुगतान किस आदेश और किस नियम के तहत किया गया।

सूत्रों के अनुसार कि यदि संबंधित व्यक्ति की नियुक्ति विधिसम्मत नहीं थी, तो उसके नाम पर बार-बार भुगतान कैसे स्वीकृत हुआ और उसका सत्यापन किस स्तर पर किया गया। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है।

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी?**

इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), खैराबाद ओमप्रकाश ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया जाएगा और जवाब प्राप्त होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अब उठ रहे हैं ये सवाल**

यदि संबंधित व्यक्ति की नियुक्ति अधिकृत थी, तो उसका आदेश और सेवा अभिलेख क्या हैं? यदि नियुक्ति नहीं थी, तो 4.56 लाख का भुगतान किस आधार पर किया गया? भुगतान स्वीकृत करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी कैसे तय होगी? क्या मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर रिकवरी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी? ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर भुगतान अभिलेखों का सत्यापन कराने तथा यदि किसी स्तर पर वित्तीय अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाए तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## सांप काटने से किसान की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में खेत पर काम कर रहे एक किसान की कथित तौर पर सांप के काटने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार देर रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शिवपुर मजरे भदमर निवासी पुत्ती लाल उर्फ रामनाथ खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें गंभीर हालत में तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सांप के काटने से मौत का प्रतीत हो रहा है।

# सीडीओ ने किया निरीक्षण, कमियां दूर करने के निर्देश

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शनिवार को विकासखंड ऐलिया स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कचनार का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर, कक्षा-कक्ष, छात्रावास, रसोईघर, खाद्य सामग्री, बर्तन, पेयजल, खेलकूद सामग्री, औषध सामग्री एवं शौचालयों का बारीकी से जायजा लिया गया।

निरीक्षण में विद्यालयों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने स्वच्छ भारत अभियान की तर्ज पर परिसर को स्वच्छ रखने, पर्याप्त लाइटिंग सुनिश्चित करने तथा निरीक्षण में पाई गई सभी कमियों को एक सप्ताह के भीतर दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से उपस्थित रहने के आदेश भी दिए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में उपस्थित छात्राओं से संवाद कर उन्हें दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने छात्राओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा।

# 23 वर्ष पुराने खड़ंजा निर्माण को लेकर हुआ विवाद

- जांच के दौरान तीन लोग हिरासत में
- सूचना पर प्रेमपुर चौकी पुलिस और डायल-112 की टीम पहुंची

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र की प्रेमपुर चौकी अंतर्गत ग्राम भूलभूलियापुर (मौजा भरौली सिरखनेपुर) में 23 वर्ष पुराने मार्ग पर खड़ंजा निर्माण को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को फिर गरमा गया। राजस्व विभाग की जांच के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक पक्ष से एक तथा दूसरे पक्ष से दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधान रामअवतार यादव ने गांव की पानी की टंकी तक आवागमन के लिए यह मार्ग उपलब्ध कराया था। उनका दावा है कि तब से ग्रामीण इसी रास्ते का उपयोग करते आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पूर्व में मनरेगा के तहत कई बार कार्य कराया जा चुका है। हाल ही में जिला पंचायत द्वारा यहां खड़ंजा निर्माण कराया जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब एक सप्ताह पहले कुछ लोगों ने जेसीबी से निर्माणाधीन खड़ंजा को क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे कार्य रुक गया। उनका कहना है कि संबंधित लोग पहले भी विकास कार्यों में बाधा डालते रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

शनिवार को लेखपाल गणेश यादव और कानूनगो धर्मपाल सिंह मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर रहे थे।

इसी दौरान विवाद बढ़ गया। सूचना पर प्रेमपुर चौकी पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दूसरे पक्ष के कृपाल सिंह यादव का कहना है कि संबंधित खेत में कोई सड़क नहीं है, इसलिए वहां खड़ंजा निर्माण उचित नहीं है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नंदी के जन्मोत्सव की तैयारियों पर हुई बैठक

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के आगामी जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार शाम नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित रामेश्वरम पैलेस गेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, प्रचार-प्रसार तथा अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का आयोजन मंत्री नंदी के जनप्रतिनिधि दीपक गुप्ता (कानपुर) एवं सहयोगी अंकुश चौरसिया द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को 12 जुलाई को प्रयागराज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र भी वितरित किए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 जुलाई को शाम 5 बजे नगर के गंगेश्वर नाथ मंदिर में मंत्री नंदी के पुनः प्राप्त जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर आमंत्रण देने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के संयोजक पीयूष गुप्ता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप गुप्ता ने सभी सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों सहित क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। इस दौरान भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, कृष्ण अवतार गुप्ता (बाबा), प्रदीप कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, नितिन कुमार गुप्ता, नगर मंत्री भाजपा सक्षम गुप्ता, वैश्य व्यापारी संघ के प्रदेश महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता, रविन्द्र गुप्ता, आनंद गुप्ता ( महिंद्रा ट्रैक्टर एजेंसी), पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, वैश्य समाज जिलाध्यक्ष मामन चंद गुप्ता, नगर मंत्री सौरभ गुप्ता, सागर गुप्ता व आदेश कुमार गुप्ता (पप्पू) सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक देश-एक छात्र पहचान अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें अभिभावक: बीएसए

**कन्नौज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने जनपद के सभी अभिभावकों से बच्चों की अपार आईडी बनवाने में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के एक देश-एक छात्र पहचान अभियान के तहत तैयार की जा रही यह डिजिटल पहचान विद्यार्थियों के शैक्षिक भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाएगी। बीएसए ने बताया कि अपार आईडी के माध्यम से छात्र-छात्राओं का संपूर्ण शैक्षिक रिकॉर्ड सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। विद्यालय या कक्षा बदलने पर भी रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे छात्रवृत्ति, प्रवेश प्रक्रिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। भविष्य में उच्च शिक्षा, रोजगार तथा अन्य सेवाओं में भी यह आईडी उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का आधार नंबर विद्यालय में उपलब्ध कराने तथा अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने का अनुरोध किया।

# गोंडा से स्केटिंग करते अजमेर और हाजी अली जा रहे श्रद्धालुओं का किया गया स्वागत

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



गोंडा से स्केटिंग करते हुए अजमेर शरीफ फिर वहां से हाजी अली जा रहे दो युवकों का नगर की जामा मस्जिद के पास फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया। करनैलगंज गोंडा निवासी मोहम्मद रवी लखनऊ के बाराबंकी निवासी अपने दोस्त फैजल मलिक के साथ स्केटिंग करते हुए अजमेर शरीफ जाने के लिए मंगलवार को करनैलगंज से निकले और 5वें दिन शनिवार की शाम नगर की जामा मस्जिद के पास पहुंचते ही लोगों ने कुछ देर उनके लेटने बैठने की व्यवस्था की। इससे पूर्व उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं फैज ने कहां छिबरामऊ के लोगों ने जो उनको प्यार दिया ऐसा लगा जैसे वह अपने परिवार के ही साथ है।

उन्होंने बताया लगभग 1 वर्ष पूर्व वह अपने दोस्त हुजैफा के साथ स्केटिंग करते हुए अजमेर शरीफ के लिए निकले थे तब भी उन्हें छिबरामऊ में प्यार और सहयोग मिला था। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा यह सफर उनका लगभग 1 माह तक चलेगा। अजमेर शरीफ पहुंचने पर ख्वाजा गरीब नवाज से सभी के लिए दुआएं करेंगे और वहां से हाजी अली के लिए रवाना होंगे। इस दौरान जामा मस्जिद मुतवल्ली वसीम कुरैशी, साबिर अली, सरीफ़ कुरैशी मुंशी जी, राशिद अंसारी लकी टेलर, सकील नेता, हुसैन, सानू मंसूरी, सनी, उवैस, तालिब सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर के सौरिख रोड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर बाबा की बगिया में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन शनिवार को बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। भक्तों ने आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनकी दीर्घायु तथा स्वास्थ्य की कामना की। महिलाओं ने ढोलक की ताल पर मंगल गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत में बाबा के सभी भक्तों में शर्बत व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में भक्ति और आस्था का अद्भुत मेल देखने को मिला। इस अवसर पर प्रिया श्रीवास्तव, अर्जुन श्रीवास्तव, नेहा गुप्ता, सपना गुप्ता, राम प्रकाश गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, अंजू गुप्ता, अनामिका गुप्ता, बाबा कृष्ण अवतार गुप्ता, गीता मिश्रा, श्रीनिवास दुबे, अमित दुबे, चंचल त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, शिव देवी चौहान, अर्पित श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा, धीरज मिश्रा, राधिका राठौर, संतोष पाठक, तरुण त्रिपाठी, प्रिया चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, नैतिक व हर्षित सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने शिरकत की।

# 1531 मतदान स्थलों की ड्राफ्ट सूची जारी, मांगे सुझाव

- मतदान केन्द्रों के सम्भाजन, समायोजन व भवन परिवर्तन के बाद प्रस्ताव तैयार
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक में दी जानकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों के सम्भाजन (रैशनलाइजेशन) की प्रक्रिया के तहत शनिवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में प्राप्त सुझावों और निर्धारित मानकों के आधार पर 42-कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली छिबरामऊ, तिर्वा और कन्नौज (अजा) विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की ड्राफ्ट सूची प्रकाशित कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में 579 के स्थान पर 540, तिर्वा में 505 के स्थान पर 493 तथा कन्नौज (अजा) में 514 के स्थान पर 498 मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं।

इस प्रकार जनपद में पहले के कुल 1598 मतदेय स्थलों की संख्या घटकर 1531 प्रस्तावित की गई है। इस दौरान नए मतदेय स्थलों का सम्भाजन, कई केंद्रों का समायोजन तथा कुछ मतदान केंद्रों के भवन भी बदले गए हैं। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट सूची पर यदि किसी व्यक्ति या मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह 10 जुलाई 2026 तक संबंधित उपजिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### महेंद्र सिंह निम बने सपा के प्रदेश सचिव



**छिबरामऊ, कन्नौज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने महेन्द्र सिंह निम, निवासी-विधूना रोड, सौरिख को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया है। प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महेंद्र सिंह निम ने कहा मैं अखिलेश यादव जी और श्याम लाल पाल जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। सपा को मजबूत बनाने, जनता की समस्याओं को हल करने और उत्तर प्रदेश में समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करूंगा। महेंद्र सिंह निम के प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर वरिष्ठ सपा नेता बाबा राम प्रकाश यादव, शैलेंद्र सिंह राठौर बबल, अच्छे खान, सुमित यादव एडवोकेट, जितेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, मनोज यादव, दिनेश गुप्ता, जसवंत सिंह यादव व आलोक यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### सड़क हादसे में घायल बैंककर्मी की मौत, घर पहुंचा शव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला बस्तीराम निवासी 47 वर्षीय प्रशांत पाठक पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद पाठक की सड़क हादसे में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही उनके परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि 27 मई को प्रशांत पाठक बाइक से फर्रुखाबाद से वापस लौट रहे थे। बहुरिकपुर के पास सामने से आ रही एक फोर व्हीलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, यहां प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बाद में परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए कानपुर के एक निजी अस्पताल ले गए। बुधवार रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने कार और उसके चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। प्रशांत पाठक की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।

### संचारी रोगों के इलाज की है पूरी व्यवस्था: सीएमएस



- मौसम बदलते ही जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मौसम में बदलाव के साथ ही संयुक्त जिला अस्पताल की ओपीडी और वार्डों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. जी.एन. द्विवेदी लगातार अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दे रहे हैं। सीएमएस डॉ. द्विवेदी ने बताया कि अस्पताल में संचारी रोगों के इलाज की पूरी व्यवस्था की गई है और आवश्यक दवाएं व चिकित्सकीय संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से बदलते मौसम में पूरे बाजू के कपड़े पहनने, कटे हुए फल न खाने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि अस्पताल के सभी वार्डों में एसी और कूलर दुरुस्त करा दिए गए हैं तथा साफ-सफाई पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अस्पताल परिसर में कहीं भी गंदगी नहीं होने दी जाएगी। साथ ही तंबाकू निषेध नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान तंबाकू सेवन या गुटखा खाने वाले कुछ लोगों के चालान भी किए गए। अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मरीजों और तीमारदारों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ठेका प्रथा खत्म करने के लिए 20 को विस घेरेंगे सफाई कर्मचारी

- बबलू चौधरी टाइगर वाल्मीकि 8 जुलाई को मांगेंगे समर्थन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



एकजुट हों, अधिकार के लिए लड़ें

महासंघ ने नारा दिया है-आइए. एकजुट हों, ठेका प्रथा खत्म करें, अपने अधिकार और सम्मान के लिए आंदोलन को सफल बनाएं। संगठन का कहना है कि ठेका प्रथा के कारण सफाई कर्मचारियों का शोषण हो रहा है और उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा नहीं मिल पा रहा।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ ने ठेका प्रथा खत्म करने की मांग को लेकर 20 जुलाई को लखनऊ विधानसभा के सामने आंदोलन का ऐलान किया है।

आंदोलन को सफल बनाने के लिए महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी टाइगर वाल्मीकि 8 जुलाई को सहारनपुर नगर निगम पहुंचेंगे और सफाई कर्मचारी भाइयों से समर्थन मांगेंगे। यह जानकारी देते हुए सफाई कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राजा सिंह बाल्मीकि ने बताया कि 8 जुलाई को नगर निगम में बैठक का आयोजन रखा गया है उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी टाइगर वाल्मीकि 8 जुलाई 2026 को सुबह 10:00 बजे नगर निगम सहारनपुर में सफाई कर्मचारियों के बीच पहुंचेंगे। यहां वे ठेका प्रथा के खिलाफ होने वाले आंदोलन के लिए रणनीति बनाएंगे और कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील करेंगे।

### 20 जुलाई को विधानसभा के सामने करेंगे प्रदर्शन

महासंघ ने 20 जुलाई को लखनऊ विधानसभा के सामने बड़े आंदोलन की घोषणा की है। संगठन का दावा है कि प्रदेशभर से हजारों सफाई कर्मचारी इसमें शामिल होंगे। महासंघ ने जिला अध्यक्ष ने कहा कि सहारनपुर के समस्त सफाई कर्मचारी भाइयों से आवाहन किया है कि 8 जुलाई को नगर निगम और 20 जुलाई को लखनऊ में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाएं। संपर्क के लिए मोबाइल नंबर 8303301631 जारी किया गया है।

# किराना दुकान से चोरी के आरोप में पकड़ा गया युवक

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम नकटपुर स्थित एक किराना दुकान में चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक के कोतवाली से फरार होने की चर्चा से शनिवार को हड़कंप मच गया। हालांकि पुलिस ने इस बात का खंडन कर दिया है। दुकानदार शिवांग अग्निहोत्री के अनुसार भगवंतपुर निवासी एक युवक उनकी दुकान में घुसकर गोलक से नकदी चोरी कर ले गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद युवक को पकड़कर कोतवाली लाया गया और पुलिस को तहरीर दी गई। वहीं हल्का नंबर चार के प्रभारी दयाशंकर पांडेय ने बताया कि आरोपी शराब के नशे में था और उसे डायल-112 पुलिस लेकर आई थी। हालांकि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने पुलिस अभिरक्षा से आरोपी के फरार होने की बात से इनकार करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता स्वयं आरोपी को लेकर आए थे और बाद में चले गए। आरोपी का पुलिस कस्टडी से फरार होने वाली बात बिल्कुल गलत है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पुस्तकीय ज्ञान के संग न्यायिक व्यवस्था की व्यावहारिक समझ भी जरूरी : जिला न्यायाधीश

**कन्नौज।** जनपद न्यायालय परिसर में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एलएलबी के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार झा तथा सचिव एवं न्यायाधीश अनुजा सिंह ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा ने कहा कि विधि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि न्यायिक व्यवस्था की व्यावहारिक समझ भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को न्यायालय की कार्यप्रणाली, विधिक सहायता तंत्र, मध्यस्थता केंद्र और कारागार भ्रमण के माध्यम से न्याय व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं को निकट से समझने का अवसर मिला।

# आकाश एजुकेशन सेंटर ने यूपी में हासिल की 7वीं रैंक, जनपद में रहा प्रथम

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




**मुख्य उपलब्धियाँ**

1- प्रदेश स्तर पर रैंक : 7वीं (28,529 विद्यालयों में)
2- जनपद कन्नौज में रैंक : प्रथम (350 विद्यालयों में)
3- विद्यालय ग्रेड ए + स्टार रेटिंग : 6/7 स्टार
4-कुल प्राप्त अंक: 172/200

शिक्षा के क्षेत्र में कन्नौज जनपद के लिए गर्व का विषय बनते हुए आकाश एजुकेशन सेंटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरसहायगंज ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद UPMSP की विद्यालय ग्रेडिंग एवं रैंकिंग में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय ने प्रदेश के 28,529 विद्यालयों में 7वीं रैंक प्राप्त कर पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता का परचम लहराया है। वहीं कन्नौज जनपद के 350 विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम प्रदेशभर में गौरवान्वित किया है। UPMSPकी रिपोर्ट के अनुसार विद्यालय को ए+ ग्रेड प्राप्त हुआ है तथा 7 में से 6 स्टार रेटिंग भी प्रदान की गई है। विद्यालय ने कुल 200 अंकों में 172 अंक अर्जित किए हैं, जो उसकी शैक्षणिक गुणवत्ता, परीक्षा परिणाम, आधारभूत सुविधाओं, छात्र उपलब्धियों एवं समग्र प्रदर्शन को दर्शाता है। रिपोर्ट में बोर्ड परीक्षा परिणाम, मेधावी छात्रों की उपलब्धियों, विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य गुणवत्ता मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इसमें आकाश एजुकेशन सेंटर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के हजारों विद्यालयों को पीछे छोड़ दिया।

विद्यालय के प्रबंधक डॉ. आर के कटियार ने इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि आज गुरसहायगंज और पूरे कन्नौज जनपद के लिए गर्व का दिन है। प्रदेश के 28 हजार से अधिक विद्यालयों में 7वीं रैंक और जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। यह उपलब्धि एक दिन में नहीं आई। इसके पीछे हमारे प्रधानाचार्य अरविंद कुमार के कुशल नेतृत्व, शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के विश्वास और प्रबंधन समिति के निरंतर सहयोग का परिणाम है।उन्होंने आगे कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ अंक और रैंक लाना नहीं है, बल्कि बच्चों को संस्कार, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। ए+ ग्रेड और 6 स्टार रेटिंग इस बात का प्रमाण है कि हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ आधारभूत सुविधाओं पर भी बराबर ध्यान दे रहे हैं। मैं सभी अभिभावकों और क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि यह सिर्फ शुरुआत है। आने वाले समय में आकाश एजुकेशन सेंटर प्रदेश में नंबर 1 बनकर कन्नौज का नाम और रोशन करेगा। विद्यालय की इस शानदार सफलता पर क्षेत्र के शिक्षाविदों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए इसे गुरसहायगंज एवं कन्नौज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## पति-पत्नी को 18 माह की सजा लगा 11 हजार का जुर्माना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** थाना तालग्राम क्षेत्र के 12 साल पुराने मारपीट के मामले में शुक्रवार को अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया न्यायालय एफटीसी/एसीजे एम मजिस्ट्रेट कन्नौज ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए डेढ़-डेढ़ साल यानी 18-18 माह के साधारण कारावास और 5,500-5,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस के अनुसार ग्राम ताहपुर निवासी दिनेश चंद्र पुत्र दाताराम और उनकी पत्नी धन देवी के विरुद्ध गाली-गलौज और मारपीट के आरोप में थाना तालग्राम में मु.अ.सं.-133/12 धारा 323/324/504 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ था। विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सजा दिलाने के लिए थाना प्रभारी, पैरोकार, अभियोजन पक्ष और मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार प्रभावी पैरवी की गई। इसी के परिणामस्वरूप दिनांक 04.07.2026 को माननीय न्यायालय ने सुनवाई के बाद दोनों अभियुक्तों को उपरोक्त धाराओं में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। दंडित किए गए अभियुक्तों के नाम हैं 1. दिनेश चंद्र पुत्र दाताराम 2. धन देवी पत्नी दिनेश चंद्र निवासी ग्राम ताहपुर, थाना तालग्राम, जनपद कन्नौज पुलिस ने इसे चिन्हित सनसनीखेज प्रकरण बताते हुए कहा कि अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से न्यायालय में पैरवी कर रही है, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

# हाईवे किनारे अवैध कट बंद करने की कार्रवाई, बुलडोजर से खोदी गई खाई

- अधिकारियों और संचालकों के बीच हुई तीखी नोकझोंक
- रेस्टोरेंट संचालकों को जारी किया गया था नोटिस

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**





कानपुर- गाजियाबाद ग्रीनफील्ड हाईवे पर क्षेत्र के जेवा टोल प्लाजा के पास स्थित आराध्या गेस्ट हाउस एंड रेस्टोरेंट, राजीव कृष्णा ढाबा और ग्रीनवुड रेस्टोरेंट सहित कई प्रतिष्ठानों के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम ने शनिवार को अवैध कट बंद करने की कार्रवाई की। इस दौरान भवनों के सामने करीब ढाई फीट चौड़ी और दो फीट गहरी खाई खोद दी गई, जिससे हाईवे से सीधे आवागमन का रास्ता बंद हो गया। एनएचएआई के अनुसार, लगभग एक सप्ताह पहले संबंधित होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को नोटिस जारी कर अवैध पहुंच मार्ग हटाने और अनधिकृत कट बंद करने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को जब एनएचएआई की टीम पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने पहुंची तो कुछ प्रतिष्ठान संचालकों और उनके परिजनों ने विरोध जताया। इस दौरान अधिकारियों और संचालकों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।ग्रीनवुड रेस्टोरेंट के संचालक रोहन ने बताया कि उन्हें एक सप्ताह पहले ही नोटिस मिला था, जिसके बाद उन्होंने एनओसी के लिए आवेदन कर दिया है। उनका कहना है कि एनओसी मिलने में समय लगता है, लेकिन उससे पहले ही हाईवे प्रशासन ने गड्ढे खोद दिए। उन्होंने कहा कि होटल-रेस्टोरेंट ही परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन हैं और अब कारोबार प्रभावित होने से परिवार के भरण-पोषण की चिंता बढ़ गई है। इस दौरान जलालपुर चौकी प्रभारी प्रशांत गौतम, यातायात प्रभारी रविशंकर त्रिपाठी, सदर कोतवाली उपनिरीक्षक मो0 अकरम, टीएसआई अरशद अली सहित पुलिस और एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध कट बंद होने से दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश

जलालाबाद। हाईवे के मेंटिनेंस मैनेजर नवीन कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में हाईवे पर बने अवैध और अनधिकृत कट बंद किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान में हाईवे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे के बाद सड़क सुरक्षा को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## गुलज़ारीलाल नंदा की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न गुलज़ारीलाल नंदा जी की 128वीं जयंती कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा के साथ मनाई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्र ने नंदा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। नगर के रामगंज शिविर कार्यालय में कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा कि गुलज़ारीलाल नंदा भारतीय राजनीति में सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के प्रतीक थे। वह दो बार देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने हमेशा श्रमिकों, किसानों और आमजन के हितों के लिए काम किया। उनका पूरा जीवन गांधीवादी विचारधारा और त्याग को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि नंदा ने प्रधानमंत्री रहते हुए 卐जय जवान, जय किसान卐 का नारा बुलंद किया और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। उनकी कार्यशैली आज भी युवाओं और जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणा है। पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्र ने कहा कि आज के समय में जब राजनीति में भ्रष्टाचार और दिखावे का बोलबाला है, तब गुलज़ारीलाल नंदा का जीवन हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अपने पद का कभी दुरुपयोग नहीं किया और एक सामान्य नागरिक की तरह जीवन जिया। कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके आदर्शों पर चलकर जनसेवा के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी सदस्य राजेश द्विवेदी, पूर्व क्षेत्रीय प्रवक्ता विवेक नारायण मिश्र, जिला उपाध्यक्ष एहसानुल हक, पुष्पेन्द्र पांडेय, सर्वेश यादव, महेश पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष इमरान अली, लियाकत अली, आकाश कटियार, जितेंद्र सिंह, रमाकांत कटियार, मेराज सिद्दीकी, आदिल अंसारी, पंकज गुप्ता, आमिर अंसारी, कलीम खान, वीनू तिवारी, अजय मिश्रा, राशिद, उज्जाम अहमद, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने नंदा के जीवन और कार्यों पर चर्चा की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सूचना

मैने अपने पुत्र नितिन कुमार व उसकी पत्नी कल्पना से उनके गलत आचरणों के चलते उनसे सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अब इन दोनो के किसी भी कृत्य, लेन-देन व खरीद-फरोख्त आदि से हमारा व परिवार के शेष सदस्यों से कोई वास्ता नहीं होगा।

**दिनेश चंद्र, पुत्र राधेरमण निवासी ग्राम बस्ता थाना ठठिया जनपद-कन्नौज।**

# फौजी की पुत्री ने लाइसेंसी राइफल से गोली मारकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- अपर पुलिस अधीक्षक व फॉरेसिंक टीम ने पहुंचकर की जांच
- दस दिन पहले ही दिल्ली हॉस्टल से छुट्टी पर आयी थी घर

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंसुआ में शुक्रवार देर शाम सेना के एक जवान की 20 वर्षीय पुत्री ने घर में रखी लाइसेंसी राइफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने भी पहुंचकर जांच की तथा फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। युवती दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीएससी की छात्रा थी। वह 10 दिन पहले ही कॉलेज से घर आई थी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के नलकूप कॉलोनी बेवर रोड धनसुआ निवासी सैनिक राजेश पाल पंजाब के भटिंडा में तैनात हैं। उनकी पत्नी व पुत्र की एमआरपी-99 के नाम से दुकान है। बीती रात उनकी 20 वर्षीय पुत्री अंजली ने शुक्रवार रात लाइसेंसी राइफल से कमरे में गोली



मृतका का फाइल फोटो

मारकर आत्महत्या कर ली। रात नौ बजे सैनिक की पत्नी रागिनी और पुत्र ललित पाल मोहल्ला मछली मंडी में स्थित एमआरपी 99 नाम दुकान बंद कर घर पहुंचे और दरवाजा खटकाया तो उन्हें मेनगेट का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज देने पर अंजली गेट खोलने नहीं आई, तब उन्होंने अंजली को कॉल की।



पोस्टमार्टम हाउस में खड़े मृतका के परिजन

कॉल रिसीव न होने पर ललित ने पड़ोसी के घर से अपनी छत पर पहुंचकर नीचे आकर गेट खोला। कमरे में पड़े बेड पर अंजली का शव लहूलुहान हालत में पड़ा था और पास में ही राइफल पड़ी थी। पुत्री का शव देखकर मां रागिनी व भाई ललित दहाड़े मारकर रोने लगे। शोर शराबे की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए।

घटना के संबंध में ललित ने रात 1:53 बजे डायल 112 पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक तेज सिंह, सेंट्रल जेल चौकी प्रभारी शिवकुमार ने जांच की। वहीं फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। सूचना मिलने पर अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। सूचना मृतका के पिता को दी गई। पुत्री की मौत की सूचना मिलते ही शनिवार दोपहर को अंजली के पिता भटिंडा से घर आ गए। उन्होंने बताया कि उनकी लाइसेंसी राइफल बक्से में रखी थी। जिससे अंजली ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि अंजली दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीएससी की छात्रा थी। वह 10 दिन पहले ही घर आई थी।

उसे 10 जुलाई को कॉलेज जाना था। पुत्र ललित नीट की तैयारी कर रहा है। प्रभारी निरीक्षक तेज सिंह ने बताया कि अंजली ने राइफल की नाल गले में रखकर पैर से टिगर दबाकर आत्महत्या कर ली। गोली गर्दन के पीछे से निकलकर दीवार में लगी। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने साक्ष्य संकलित किए।

पुलिस ने सैनिक की लाइसेंसी राइफल कब्जे में ले ली, लेकिन अंजली का मोबाइल फोन नहीं मिला। पुलिस ने रात में ही सर्विलांस से मोबाइल फोन की लोकेशन निकलवाई तो वह घर पर ही मिली। प्रभारी निरीक्षक तेज सिंह ने बताया कि राइफल कब्जे में ली गई है। फोन नहीं मिला है। फोन की तलाश की जा रही है। फोन मिलने पर जांच की जाएगी। पुलिस ने अंजली के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## रोडवेज व प्राइवेट बस की आमने-सामने भिड़ंत, एक यात्री घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज–अलीगंज दिल्ली मार्ग पर शनिवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। भौरुआ गांव के पास रोडवेज और प्राइवेट बस की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह उस वक्त हुआ जब दिल्ली की ओर से आ रही एक प्राइवेट बस और दिल्ली जा रही रोडवेज बस भौरुआ गांव के पास आमने–सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि प्राइवेट बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की हादसे के बाद दोनों बसों में सवार यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। अधिकांश यात्रियों को मामूली चोटें आईं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं प्राइवेट बस में सवार छिबरामऊ थाना क्षेत्र के कछपुरा गांव निवासी प्रवीन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से उसे तत्काल कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कायमगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों क्षतिग्रस्त बसों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और ओवरटेक को हादसे की वजह माना जा रहा है।



क्षतिग्रस्त बस

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने की आत्महत्या

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव नरसिहपुर में एक 13 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरसिहपुर निवासी नेहा जोशी पुत्री शीलू उम्र 13 वर्ष ने घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार व क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से घटना के संबंध में पूछताछ की है। घटना के बाद मृतका की मां शिल्पी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय चर्चा के अनुसार, किशोरी का गांव के ही एक युवक विकास नट के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि आज परिजनों ने दोनों को एक साथ देख लिया था, जिसके बाद किशोरी को डांट दिया गया था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। हर एंगल से जांच की जा रही है।



जांच पड़ताल करती पुलिस



रोते बिलखते परिजन

## पास्को एक्ट में अभियुक्त को सात वर्ष की सजा

लगाया गया 40 हजार का जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश रेखा शर्मा ने अभियुक्त आनंद शाक्य को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व 40 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।
वर्ष 2021 में थाना मऊदरवाजा निवासी पीड़िता ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया कि घटना के समय छोटी पुत्री के साथ खेत पर गयी थी, घर पर बड़ी पुत्री थी। जब शाम को लौटी तो देखा कि अलमारी खुली पड़ी, जेबर व रुपया सब गायब था। काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। सुबह गांव के ही अहिबरन पुत्र भजनलाल, शीशराम पुत्र स्व0 पातीराम ने बताया कि हम लोग शाम 7 बजे बाजार कर घर आ रहे थे, तहसील के पास मुख्य मार्ग पर गांव के आनन्द पुत्र स्व0 राधेश्याम व उसकी मां कलावती, भाई मिजाजी व गांव के रंजीत पुत्र स्व0 श्याम सिंह को एक ई–रिक्शा में पुत्री को बेहोशी की हालत बिठालते देखा था। पूछने पर बताया कि तबियत खराब हो गयी है मां को खेत पर सूचना दे दी है और लोहिया अस्पताल लेकर जा रहे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश रेखा शर्मा ने अभियुक्त आनंद शाक्य को दोषी करार देते हुए धारा 4 पास्को एक्ट में 7 वर्ष का कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं धारा 363 के आरोप में पांच वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। धारा 366 के आरोप में पांच वर्ष का कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## डीएम ने की जिला पोषण समिति एवं संभव अभियान की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- एनआरसी में भर्ती बच्चों का हीमोग्लोबिन 11 से अधिक होने पर ही उन्हें एनआरसी से डिस्चार्ज किया जाए: डीएम
- कुपोषण मुक्त जनपद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ करें कार्य

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं संभव अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

डीएम ने निर्देश दिए कि लोहिया अस्पताल के एनआरसी कक्ष में भर्ती अति कुपोषित बच्चों का परीक्षण कराकर उनका टीकाकरण कराएं और जब तक भर्ती बच्चों का हीमोग्लोबिन 11 से अधिक न हो जाए तब तक उन्हें एनआरसी से डिस्चार्ज न किया जाए, इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात चिकित्सा अधीक्षक, आशा एवं एएनएम के कार्यों की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त जनपद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि अति कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों की नियमित पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण तथा आवश्यक उपचार एवं पोषण सेवाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं।



बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत उपलब्ध कराया जाए तथा जन-जागरूकता गतिविधियों को और प्रभावी बनाया जाए। संभव अभियान की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग निर्धारित समय-सीमा में लंबित कार्यों का निस्तारण करें तथा फील्ड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और पात्र लाभार्थियों को शासन की योजनाओं का समय पर लाभ दिलाना सभी अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित पोषण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की प्रगति तथा संभव अभियान के तहत चिन्हित बच्चों की प्रगति, आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, टीकाकरण, पोषण ट्रैकर, वजन एवं लंबाई मापन, अनुपूरक पोषाहार वितरण तथा स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास परियोजना के समन्वय की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी, सीज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज के आसपास कई जगहों पर धड़ल्ले से खनन का खेल चल रहा है। जिसमें खनन माफिया निर्भीक होकर खनन को अंजाम दे रहे हैं, जबकि बीते दिनों जिला खनन अधिकारी को भ्रष्टाचार निवारण की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया था, तब से लोग आस लगाए बैठे थे कि अब जिले में अवैध तरीके से चल रहा खनन का खेल खत्म हो जाएगा, लेकिन अब यह नहीं पता की किसकी सह पर जिले में खनन का खेल चल रहा है। जिसकी जांच पड़ताल को निकले नायब तहसीलदार अनवर हुसैन जब अपने क्षेत्र भ्रमण पर आए तो उन्होंने कस्बे में मिट्टी लगे ट्रैक्टर को रोका जो ट्रैक्टर मोहम्मदाबाद रोड पर पेट्रोल पंप के पास जा रहा था। जिसकी जानकारी नायब तहसीलदार अनवर हुसैन ने चालक से जुटाए तो अज्ञात चालक ने एक खनन माफिया का नाम बताया। जिसके चलते राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार अनवर हुसैन ने ट्रैक्टर चालक को रोककर थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस को नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर सपोर्ट कर दिया और थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को बताया कि वह एसडीम को सूचना कर ट्रैक्टर को सीज करने का आदेश दिया। जिसके चलते थाना पुलिस ट्रैक्टर को थाने ले आई, लेकिन पुलिस विभाग में भी राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा पकड़े गए खनन में ट्रैक्टर को लेकर हड़कंप मच गया। खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर थाने में खड़ा था और लिखा पड़ी में ट्रैक्टर चालक व खनन माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है और ट्रैक्टर को चीज किया जाएगा।



पकड़ी गयी ट्रैक्टर ट्राली

## गृह कलह से परेशान विवाहिता ने पीया कीटनाशक, लोहिया रेफर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव महमदीपुर कुआंखेड़ा में गृह कलह के चलते 24 वर्षीय विवाहिता ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां से गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।
जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाव महमदीपुर कुआंखेड़ा निवासी सविता 24 पत्नी सुतांश राजपूत ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर ससुरालीजन उसे आनन–फानन में कायमगंज सीएचसी लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। सविता के कीटनाशक पीने की सूचना मिलते ही मायके पक्ष से पिता अमर सिंह निवासी माधवपुर, थाना उसैत, बदायूं सहित कई लोग सीएचसी पहुंच गए। पिता अमर सिंह ने दामाद सुतांश पर शराब पीकर बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर सीएचसी में दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी और हंगामा होने लगा। सीएचसी में हंगामा बढ़ता देख अस्पताल में तैनात रिटायर्ड फौजी गार्ड ने तत्परता दिखाते हुए दोनों पक्षों को अलग–अलग बैठाकर समझाया–बुझायात्र जिसके बाद मामला शांत हुआ। सीएचसी में तैनात डॉक्टर ने सविता का प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक होने पर उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।



अस्पताल में भर्ती महिला

## चेकिंग अभियान के दौरान चोरी की बाइक सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, सृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक चोरी की बाइक बरामद हुई। कोतवाली मोहम्मदाबाद प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि 04 जुलाई को कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान ताजपुर की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ से आ रहे एक मोटरसाईकिल सवार को चेकिंग हेतु रोका। जिसकी बाइक पर नंम्बर प्लेट नहीं थी बाइक सवार से बाइक का नम्बर व मोटरसाईकिल के स्वामी के बारे में पूछा गया तो मोटरसाईकिल सवार सकपकाने लगा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हैप्पी कुमार पुत्र रामकिसन नि0 शाप नं0 186 न्यू अनाज मण्डी वार्ड नं0 सुनाम थाना सिटी सुनाम जनपद सगरूर पंजाब हाल निवासी एकता कालोनी एसयूएस कालेज के पीछे सुनाम थाना सिटी जनपद सगरूर पंजाब बताया। कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि 3 जुलाई को सुबह के समय मैने यह मोटरसाइकिल बेवर जनपद मैनपुरी से चुराई थी। जिसके बाद कोतवाली मोहम्दाबाद पुलिस द्वारा ई-चालान ऐप के माध्यम से उक्त गाड़ी के वाहन स्वामी की जानकारी की गई जो कि बेवर जनपद मैनपुरी के रहने वाले है तथा ई चालान एप से वाहन स्वामी का मोबाइल नम्बर प्राप्त कर वार्ता की गयी तो उनके द्वारा बताया कि मै ही उक्त वाहन का स्वामी हूं तथा 3 जुलाई को मेरी मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था। जिसकी सूचना वाहन स्वामी द्वारा थाना बेवर जनपद मैनपुरी में दी गई थी। गिरफ्तारी व चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध कोतवाली मोहम्मदाबाद पर धारा 317(2) बीएनएस व धारा 35(1)/106(1) बीएनएसएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मैं खिमसेपुर दोस्त के यहां शादी में आया हुआ था घूमता हुआ बेवर पहुंच गया।

जहां 03 जुलाई को सुबह करीब 3 बजे मैने यह पल्सर मोटरसाईकिल काजी टोला बेवर मैनपुरी से चुरायी थी। इसे लेकर फर्रुखाबाद की तरफ होता हुआ घर जा रहा था, तभी पुलिस ने पकड़ लिया।



पुलिस हिरासत में आरोपी

## फार्मर रजिस्ट्री न बनाने पर 352 कर्मचारियों पर कार्रवाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के अभियान में लापरवाही बरतने वाले 352 कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। वहीं अच्छा काम करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 3 जुलाई को हुई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि शासन के निर्देश पर जिले के सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाई जा रही है। इसके लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में पंचायत सहायक, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक और लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ और उर्वरक का वितरण केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनके पास फार्मर रजिस्ट्री आईडी होगी। समीक्षा में 25 जून से 2 जुलाई के बीच जिन कर्मचारियों ने एक भी फार्मर रजिस्ट्री नहीं बनाई उनकी सूची तैयार की गई। इसके तहत 215 पंचायत सहायक, 41 पंचायत सचिव, 35 ग्राम रोजगार सेवक और 61 लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाएं ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में कोई दिक्कत न हो।

# नवाबगंज नगर से चार दिन से लापता किशोर सकुशल लौटा घर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

- क्रिकेट टीम में चयन का सपना लेकर गये थे मुंबई, आधार कार्ड न होने पर मिली थी मायूसी
- थाना प्रभारी बोले, तीनों किशोर क्रिकेट के बेहद शौकीन हैं और क्रिकेट टीम में चयन के उद्देश्य से बिना बताए चले गए थे मुंबई

कस्बा नवाबगंज नगर से चार दिन पहले रहस्यमय ढंग से लापता हुए तीनों किशोर आखिरकार सकुशल घर लौट आए। क्रिकेट टीम में चयन का सपना लेकर बिना किसी को बताए मुंबई पहुंचे तीनों किशोर आधार कार्ड न होने के कारण चयन प्रक्रिया में शामिल ही नहीं हो सके।

उम्मीदें टूटने के बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और घर लौटने का फैसला किया। शुक्रवार देर रात भाई के संपर्क में आने के बाद मथुरा से उन्हें कार द्वारा नवाबगंज थाने लाया गया। चार दिन से परेशान परिजनों ने बच्चों को सकुशल देखकर राहत की सांस ली।

नवाबगंज नगर के मोहल्ला बरतल रोड निवासी बृजेश कुमार शाक्य का 14 वर्षीय पुत्र अहम शाक्य, बाईपास मार्ग निवासी 15 वर्षीय आयुष राजपूत पुत्र संजीव उर्फ संजू तथा 15 वर्षीय सत्यम शाक्य पुत्र शिवराम शाक्य मंगलवार दोपहर बिना किसी को बताए घर से निकल गए थे।

देर शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। रात में नवाबगंज थाने में सूचना दी गई और बुधवार को गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। तीनों किशोरों की तलाश में पुलिस की तीन टीमें, एसओजी और सर्विलांस टीम लगातार लगी रहीं।

नगर के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। परिजन फर्रुखाबाद, कमालगंज, कानपुर, लखनऊ सहित कई स्थानों पर बच्चों की तलाश करते रहे, लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार रात घटनाक्रम में बड़ा मोड़ तब आया जब सत्यम के मित्र सौम्य राघव के इंस्टाग्राम पर सत्यम का कॉल आया। सत्यम ने डर की वजह से सीधे घर फोन न करने की बात कही और बताया कि वे लोग वापस घर आना चाहते हैं। इसके बाद रात करीब साढ़े नौ बजे सत्यम ने ट्रेन से किसी यात्री का मोबाइल लेकर अपने भाई शिवम को फोन किया। उसने बताया कि वे दिल्ली की ओर लौट रहे हैं। शिवम ने तुरंत उन्हें मथुरा जंक्शन उतरने के लिए कहा और खुद कार लेकर मथुरा रवाना हो गया। रात करीब डेढ़ बजे शिवम तीनों किशोरों को लेकर नवाबगंज थाने के लिए रवाना हुआ और शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे नवाबगंज थाने पहुंच गया। पूछताछ में किशोरों ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन एक वेबसाइट पर क्रिकेट टीम में सिलेक्शन के लिए आवेदन किया था।



थाने में बैठे तीनों युवक

पॉकेट मनी से बचाए गए करीब आठ से दस हजार रुपये लेकर वे 2 जुलाई को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के पास स्थित एक संस्थान में चयन प्रक्रिया में शामिल होने पहुंचे थे। तीनों ने बताया कि वे ई-रिक्शा से हाजियापुर, फिर टैक्सी से कायमगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से ट्रेन द्वारा हाथरस, बस से दिल्ली और फिर ट्रेन से मुंबई पहुंचे।

वहां से वह पैदल वानखेडे स्टेडियम के पास बीनू मार्कण्ट एसोसिएशन नामक संस्थान में चयन के लिए पहुंचे। जहां चयन प्रक्रिया के दौरान आधार कार्ड मांगा गया, लेकिन किसी के पास पहचान पत्र नहीं था। इसके चलते उन्हें टेस्ट में शामिल होने का मौका ही नहीं मिला। सपना टूटने के बाद उन्हें घर की याद आई और उन्होंने वापस लौटने का निर्णय लिया। नवाबगंज थाने में थाना प्रभारी राजीव कुमार ने तीनों किशोरों से पूछताछ की। उनका मेडिकल कराया गया और आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी की गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तीनों किशोर क्रिकेट के बेहद शौकीन हैं और क्रिकेट टीम में चयन के उद्देश्य से बिना बताए मुंबई चले गए थे। गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज था। अब आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। चार दिन तक पूरे जनपद में चर्चा का विषय बने इस मामले का अंत सुखद रहा। बच्चों की सकुशल वापसी से परिवार ही नहीं, पूरे नवाबगंज क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं यह घटना अभिभावकों के लिए भी एक बड़ी सीख बनकर सामने आई है कि बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों और उनके सपनों पर समय रहते संवाद और निगरानी बेहद आवश्यक है।

# विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता और संस्कार का अभावः डॉ. सुनील कुमार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विद्यार्थी किसी भी राष्ट्र के भविष्य के निर्माता होते हैं। उनके चरित्र, अनुशासन और संस्कार ही समाज तथा देश की प्रगति का आधार बनते हैं। किन्तु वर्तमान समय में विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता और संस्कारों का अभाव एक गम्भीर चिन्ता का विषय बन गया है। यह समस्या केवल विद्यालयों तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित कर रही है।

आर्मी पब्लिक स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक एवं शिक्षाविद् डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आज के युग में तकनीकी साधनों का अत्यधिक



जानकारी देते अध्यापक डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी

प्रयोग, सोशल मीडिया का प्रभाव, पारिवारिक व्यस्तता तथा नैतिक शिक्षा की उपेक्षा अनुशासनहीनता के प्रमुख कारण हैं। अनेक विद्यार्थी अध्ययन की अपेक्षा मोबाइल फोन, वीडियो गेम और मनोरंजन के अन्य साधनों में अधिक समय व्यतीत करते हैं। इसके अतिरिक्त माता-पिता के पास बच्चों को पर्याप्त समय न दे पाने के कारण उनमें उचित मार्गदर्शन और नियन्त्रण का अभाव देखने को मिलता है। संस्कार व्यक्ति को विनम्रता, सम्मान, कर्तव्यपरायणता और सदाचार की शिक्षा देते हैं। जब विद्यार्थियों में संस्कारों का अभाव होता है, तब वे शिक्षकों, अभिभावकों और बड़ों के प्रति सम्मान की भावना खोने लगते हैं। असहिष्णुता, असभ्य व्यवहार, झूठ बोलना, जिम्मेदारियों से बचना तथा सामाजिक मर्यादाओं की अवहेलना जैसी प्रवृत्तियाँ विकसित होने लगती हैं। इससे उनका व्यक्तित्व और भविष्य दोनों प्रभावित होते हैं। अतः इस समस्या के समाधान के लिए परिवार, विद्यालय और समाज को संयुक्त प्रयास करने होंगे। माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें नैतिक मूल्यों और संस्कारों की शिक्षा देनी चाहिये। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, योग, प्रार्थना, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा अनुशासन सम्बन्धी कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिये। शिक्षकों को भी अपने आचरण से विद्यार्थियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिये। विद्यार्थियों में अनुशासन और संस्कार जीवन की अमूल्य निधि हैं।

इनके बिना शिक्षा अधूरी है। यदि हम चाहते हैं कि भविष्य की पीढ़ी योग्य, जिम्मेदार और चरित्रवान् नागरिक बने, तो हमें उनमें अनुशासन और संस्कारों का विकास करना होगा। यही एक सशक्त, सभ्य और उन्नत राष्ट्र के निर्माण का मार्ग है।

# चिकन गली के लोगों ने की 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर लगाने की मांग

▸ बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का करना पड़ रहा है सामना

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

कस्बा नवाबगंज की चिकन गली के निवासियों ने क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली समस्या से परेशान होकर विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मोहल्ले में लगा वर्तमान ट्रांसफॉर्मर कम क्षमता का होने के कारण उस पर अत्यधिक विद्युत भार पड़ता है। इसके चलते आए दिन फ्यूज उड़ जाता है और कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। बार-बार बिजली गुल होने से लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही घरेलू कार्य, विद्यार्थियों की पढ़ाई तथा छोटे व्यापार भी प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में



ज्ञापन दिखाते ग्रामीण

मोहल्लावासियों ने बताया कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अभी तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने विभाग से मांग की है कि क्षेत्र का शीघ्र निरीक्षण कराकर 100 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए, ताकि लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके। अधिशासी अभियंता से मांग की गई कि जनहित को देखते हुए इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में आनंद कुमार, शिवी गुच्छा, रामू, सुधीर, संदीप राठौर, नीलेश कुमार, रामवीर, देवेश, महेश चंद, विक्रांत, अनुज कश्यप सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासी मौजूद रहे।

# गंगा सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरुक



स्वच्छता अभियान में भाग लेते गंगा सेवक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में मां गंगा को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने के लिए गंगा घाट पांचाल घाट पर साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में कई गंगा योद्धा एवं स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। सभी ने मिलकर गंगा घाट पर फैली अपशिष्ट सामग्री, खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन, कपड़े, कांच आदि लगभग दो कुंतल कूडा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया। निहारिका पटेल ने बताया कि गंगा तट पर लोग स्नान करने आते हैं, परंतु गंगा घाट पर भारी मात्रा में गंदगी छोड़ जाते हैं, जिससे न सिर्फगंगा का जल दूषित हो रहा है, बल्कि कई प्रकार कोई समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। यदि लोग इसी तरह से गंगा तट पर गंदगी करते रहेंगे तो भविष्य में हमें इसके खतरनाक परिणाम देखने को मिलेंगे। गंगा नदी से बहुत से लोग अपना जीविकोपार्जन करते हैं। जिस तरह से अपने घर को स्वच्छ रखते हैं। उसी प्रकार से हमें गंगा तट को स्वच्छ रखना चाहिए। प्रयास करें कि किसी भी प्रकार की अपशिष्ट सामग्री गंगा के तट पर ना छोड़े। गंगा को साफ सुथरा बना कर माँ गंगा का सम्मान करें। एक छोटा सा प्रयास करके भी हम बहुत बड़ा योगदान निभा सकते हैं। युवाओं ने गंगा स्नान करने आए लोगों को अपशिष्ट सामग्री को वित्सर्जन करने से रोका गया। इसके अतिरिक्त घाट पर पंडित पुजारी, दुकानदारों, नविकों आदि को भी गंगा नदी को स्वच्छ बनाए रखने एवं घाट पर आने वाले अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। अभियान में रोहित दीक्षित, सुमित कुमार, विकास कुमार, मीना कटियार, शुभम, हर्ष एवं अन्य युवाओं ने सहयोग किया।



लक्खीशाह की जयंती मनाते सपाई

## सपा नेताओं ने मनाई लक्खीशाह बंजारा की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा नेताओं ने महान समाज सुधारक, साहसी योद्धा लक्खीशाह बंजारा की जयंती मनाकर उन्हें याद किया। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर देश तथा समाज के लिए दिए गए उनके योगदान एवं जीवन काल पर चर्चा हुई। इस दौरान मुजाहिद अंसारी, इजहार खां, शिवम पटेल, कमल हसन, विशाल कठेरिया, राजन शर्मा, सागर सिंह चौहान, सुधीर यादव, विवेक भारद्वाज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल याकूतगंज की कमेटी घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक याकूतगंज शिव मंदिर में जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने याकूतगंज व्यापार मण्डल का विस्तार किया। उन्होंने कहा कि याकूतगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अनूप दुबे व महामंत्री रमन वर्मा को बनाया है।

उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता, दुर्विजय राजपूत, पूरन शर्मा बने। वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीतू गुप्ता बने। करन महामंत्री, पवन राजपूत कोषाध्यक्ष बने। अनमोल गुप्ता, नंदराम राठौर, सतेन्द्र यादव को मंत्री बनाया। विमल गुप्ता व लक्ष्मीकांत को संगठन मंत्री



स्वागत के दौरान मौजूद व्यापारी

बनाया। सदस्य की जिम्मेदारी भानू, मिट्ठू कटियार, शिवकुमार गुप्ता, शिवम गुप्ता, फूल सिंह, विनोद गुप्ता, राजीव शर्मा, नितिन दुबे, रंजीत कटियार को दी गई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा, जिला प्रवक्ता लाखन सिंह, मनोज दीक्षित, विश्वनाथ, योगेश गुप्ता, संजीव त्रिपाठी, अमित मिश्रा, देवेन्द्र कुमार सक्सेना, ऋषिकांत मिश्रा, अवनीश कुमार, विमल गुप्ता, दुर्विजय राजपूत, शिल्लू वर्मा, अनमोल गुप्ता, नंदराम राठौर, सतेन्द्र सिंह, मिट्ठू कटियार, राजू, प्रियांशु, भानू, राहुल, नितीश गुप्ता, राकेश गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। सभी नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## खबरें एक नजर में

### देवर ने भाभी व भाई को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सादिकपुर निवासी सुरजीत सिंह की पत्नी पूनम शनिवार सुबह लगभग 7 बजे घर पर काम कर रही थी। उसी दौरान घर आए देवर ने घरेलू बातों को लेकर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर पूनम को मारपीट की। पूनम को बचाने आए पति सुरजीत सिंह को भी मारपीट की। थाने पहुंची पूनम पत्नी सुरजीत सिंह ने देवर के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

### दबंग ने सास-बहू को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना के गांव बछलैया निवासी रामोद कुमार की पुत्री नीलम को शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे गांव के ही निवासी युवक व उसके परिजनों ने गाली गलौज किया। विरोध करने पर युवक व उसके साथियों ने नीलम को मारपीट की। नीलम को बचाने आई मां रेखा देवी को भी मारपीट की। पुलिस को रेखा देवी पत्नी रामोद कुमार ने युवक व उसके साथियों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### विशेष लोक अदालत के तहत आपसी सहभागिता सहमति से होगा समाधान




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्याय को सरल एवं सुलभ तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) का आयोजन 21 अप्रैल से प्रारम्भ किया है। जिसकी परिणति 21, 22 तथा 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी। विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में होगा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन किया जायेगा। इस अभियान के तहत विशेष लोक अदालत पूर्व सुलह-बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका या उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकारण व समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जायेगा। जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ अथवा सचिव, विधिक सेवा प्राधिकार पक्षकारों की मदद करेंगे और पक्षकार इन सुलह-प्रयास बैठकों या वार्ताओं में सशरीर अथवा आभासी ऑनलाइन रूप से शामिल हो सकते हैं। सचिव (पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी सम्बन्धित पक्षों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिये आमंत्रित किया जाता है। अपने मामले जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं को इस समारोह में शामिल करने तथा हर प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए समाधान समारोह हेतु बनाए गए वन स्टॉप सेन्टर (वार रूम) इंजार्ज के सम्पर्क नम्बर 011-23115652, 011-23116464, सीआरएपी निदेशक के सम्पर्क नम्बर 011-23115652, 011-23116465 अथवा वन स्टॉप सेन्टर (कक्ष संख्या 806 एवं 808, बी ब्लॉक, अतिरिक्त भवन परिसर, सर्वोच्च न्यायालय) के लैंडलाइन नम्बर 011- 23116464 एवं ईमेल पर या स्थानीय स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क किया जा सकता है।

### सिगरेट न पिलाने पर दबंग ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी कन्हैया शनिवार दोपहर बाद अपने मित्र पिंकू के साथ मंझना रोड पर स्थित एक दुकान से सामान खरीद रहा था। उसी दौरान गांव बरतल निवासी युवक ने आकर कन्हैया से सिगरेट पिलाने को कहा। कन्हैया के मना करने पर युवक व उसके साथियों ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस को कन्हैया ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# तहसील से मेन चौराहे तक ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से लगता है जाम

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर में तहसील तिराहे से लेकर मैन चौराहे तक का सफर लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। इस पूरे मार्ग पर ई-रिक्शा चालकों की मनमानी के चलते आए दिन भीषण जाम लग रहा है। सवारी बैठाने की होड़ में ई-रिक्शा चालक बीच सड़क पर ही वाहन रोक देते हैं, जिससे पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील तिराहा, अस्पताल गेट, कोतवाली के सामने और मैन चौराहे पर ई-रिक्शा चालकों का जमावड़ा लगा रहता है।

ये चालक बिना स्टैंड के सड़क पर ही तीन-तीन, चार-चार की कतार में ई-रिक्शा खड़े कर देते हैं। जैसे ही कोई सवारी दिखती है, सभी एक साथ



जाम में फंसे वाहन

आगे बढ़ने लगते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। सुबह 9 से 2 बजे तक हालात सबसे ज्यादा खराब होते हैं। इसी दौरान स्कूली बच्चे, कर्मचारी और व्यापारी घर से निकलते हैं। जाम में फंसने से उन्हें रोजाना देरी होती है। कई बार एंबुलेंस भी इस जाम में फंस जाती हैं। ई-रिक्शा के लिए नगर में न तो कोई रूट निर्धारित है और न ही कोई अधिकृत स्टैंड। इसके चलते ये चालक मनमाने तरीके से पूरे नगर में घूमते हैं। सबसे ज्यादा दबाव तहसील-मैन चौराहा मार्ग पर रहता है, क्योंकि यही मुख्य बाजार और सरकारी कार्यालयों को जोड़ता है।

दुकानदार राकेश वर्मा ने बताया ई-रिक्शा वाले बीच सड़क पर गाड़ी रोककर सवारी से मोलभाव करते हैं। पीछे कितनी भी गाड़ियां हॉर्न बजाएं, इन्हें फर्क नहीं पड़ता।

पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है नगर के लोगों और व्यापारियों ने एसडीएम व कोतवाली पुलिस से मांग की है कि तहसील से मैन चौराहे तक के मार्ग को नो-पार्किंग जोन घोषित किया जाए।

ई-रिक्शा के लिए रूट और स्टैंड तय किए जाएं और मनमानी करने वाले चालकों पर जुर्माना लगाया जाए। व्यस्त समय में इस मार्ग पर स्थायी ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की भी मांग उठ रही है।

## कांग्रेसियों ने लोहिया अस्पताल में एम्स जैसी सुविधायें दिये जाने की उठायी मांग



जानकारी देते शुभम तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य व पूर्व अमृतपुर विधान सभा प्रत्याशी शुभम् तिवारी ने अपने निवास पर वार्ता कर कहा कि लोहिया अस्पताल को एम्स एसजीपीआई जैसी सुविधायें दी जाये। इस संबंध में उन्होंने २ जून को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा था। उन्होंने ज्ञापन देकर मांग की थी उसे प्रशासन ने संज्ञान में नहीं लिया। लगातार लोहिया अस्पताल की दुर्दशा देखने को मिल रही है। जनप्रतिनिधि मूकदर्शक बने बैठे हैं। काँग्रेसीजन पुनः मांग करते हैं की जनप्रतिनिधि सदन में लोहिया के लिए उच्च स्तरीय सुविधाओ को मांग करे। वार्ता के दौरान लोहिया अस्पताल में सुविधाओं के लिए मांग उठाते हुए काँग्रेसीजनो ने पोस्टर जारी किया और इस मुददे पर जनांदोलन करने की रूपरेखा साझा की। इस दौरान शुभम तिवारी, इमरान अंसारी, प्रभात यादव, अर्चित कश्यप, मेराजुद्दीन, मोहित शुक्ला, विपिन प्रजापति, दिलीप यादव आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर भाकियू श्रमिक जन शक्ति का चौथे दिन धरना जारी

▸ ईओ ने किसान नेताओं से की वार्ता, नहीं निकला कोई समाधान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चल रहे धरने में चौथे दिन ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर पहुंचकर ईओ नगर पालिका विनोद कुमार ने किसान नेताओं से वार्ता की। किसान नेताओं ने ईओ के समक्ष मांग रखी की ग्राम पंचायत रामपुर डफरपुर में पिछले 17 वर्षों से नगर पालिका के आ रहे गंदे नाले का पानी से फसलें बर्बाद हो रही है। किसान परेशान है। 20 मई को नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन



किसान नेताओं से वार्ता करते ईओ

सौंपकर अवगत कराया था कि किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। जिस पर 1 जुलाई से किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है। किसान संगठनों ने मांग की है कि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो धरना जारी रहेगा। जिसमें रामपुर डफरपुर के पश्चिम में नालों का पक्का निर्माण कराया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र वाले गांव में मुख्य तिराहे, चौराहों पर सौर्य ऊर्जा की लाइटें लगवायी जाये। अमेठी कोहना व कमालगंज के ग्राम गदनपुर में पात्र लाभार्थियों को आवास एवं शौचालय दिया जाये। बिलावलपुर के मजरा पृथ्वीपुर पिछले वर्ष आयी बाढ़ में कई ग्रामीण बेघर हो गये है। ऐसे में उन्हें जगह आवंटित कर रहने के लिए भवन बनवाया जाये आदि मांगों को लेकर धरना जारी रहा। इस मौके पर राजेश, चन्द्रशेखर, हिमांशु, रामरहीस, फूल सिंह, प्रांशु राजपूत, अनमोल राजपूत, सुधीर सिंह, विकास राजपूत, नरदेव राजपूत, सोनू राजपूत, हर्ष, अशोक कुमार, रामपूत आदि लोग मौजूद रहे।

## बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, नौ घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के कढ़िउली गांव में बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान लाठी-डंडे भी चल गये। जिसमें दोनों ओर से कुल नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से शिव रतन, राम प्रसाद, मधु, संतोष और देवकी घायल हुए हैं। मधु ने बताया कि संतोष और बबिता खेत में बकरी चरा रहे थे, तभी परिवार के कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। संतोष ने फोन पर परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। घायलों में शामिल राम प्रसाद की छह दिन बाद बारात जानी है। दूसरे पक्ष से अरुण, टिंकू, मालती और विनीता घायल हुए हैं। अरुण के अनुसार, पूरन की बकरी खेत में चली गई थी, इसी बात को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने जानकारी दी कि दोनों पक्षों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**INFORMATION**

I, Army No.-16119201L, Rank- Nk, Name -VIJAY KANT, R/o Vill + Post Babarpur, Tehseel Sawaijpur, Distt - Hardoi- 241123 (U.P.) have changed my father's name from MITHILESH KUMAR DIXIT to MITHILESH KUMAR and DOB from 10/10/1960 to 01/01/1960 for all future purposes.

**सूचना**

मेरे पुत्र की स्वास्थ पॉलिसी ऑपटीमा रिस्टोर सं0-2805203515500206 में उसका घरेलू नाम (हैरी चौरसिया) HARRY CHAURASIYA अंकित है, जबकि उसका सही नाम (समर्थ चौरसिया) SAMARTH CHAURASIYA है। दोनों ही नाम मेरे पुत्र के है, उसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। मेरे पुत्र की स्वास्थ पॉलिसी में उसका सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। **रोहित कुमार चौरसिया पुत्र किशन लाल चौरसिया निवासी गढ़ी अब्दुल मजीद खां, तहसील सदर, फर्रु0।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र गुरुवचन (सचिन) के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सतीश पुत्र होमकरन निवासी ग्राम लखमीपुर थाना कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची की गयी प्रकाशित

▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने 18 जुलाई तक मांगे सुझाव और आपत्तियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 के उपबंधों के अनुपालन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फर्रुखाबाद में मतदेय स्थलों (पोलिंग स्टेशनों) की प्रस्तावित सूची का आलेख्य प्रकाशन कर दिया गया है। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने आयोग के पूर्व अनुमोदन से इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी की है। जारी की गई सूचना के अनुसार, यह सूची 40-फर्रुखाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट निम्नलिखित चार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रस्तावित की गई है। जिसमें 192-कायमगंज (अ0जा0), 193-अमृतपुर, 194-फर्रुखाबाद, 195-भोजपुर इन क्षेत्रों के मतदाताओं के समूहों के लिए मतदान केंद्रों के रूप में प्रस्तावित इस सूची को 04 जुलाई को जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जनपद के आम नागरिकों और सभी राजनैतिक दलों से अपील की है कि वे इस आलेख्य सूची का भली-भांति अवलोकन कर लें। यदि इस सूची के बाबत किसी को भी कोई आपत्ति या सुझाव देना है, तो वे दिनांक 18 जुलाई से पूर्व लिखित रूप में अपने सुझाव या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित तिथि से पहले लिखित सुझाव और आपत्तियां कार्यालयों में प्रस्तुत की जा सकती हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय फर्रुखाबाद, संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का कार्यालय, संबंधित तहसीलदार/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का कार्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अंतिम तिथि 18 जुलाई के बाद प्राप्त होने वाले सुझावों या आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## स्नातक व प्रवक्ता संवर्ग के शिक्षकों की भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम अब अंग्रेजी में भी होगा उपलब्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उ0प्र0 शिक्षा सेवा आयोग माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त चल रहे 23,213 पदों पर भर्ती की तैयारी कर रहा। जिसमें प्रधानाचार्य के 1502, प्रधानाध्यापक के 1003, पीजीटी के 2705, टीजीटी के 16,114 तथा सहायक अध्यापक के 1889 पद शामिल है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों (एडेड कालेज) में रिक्त 23,213 पदों की अधियाचन की सूचना शिक्षा सेवा आयोग को भेज दी है। रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आयोग ने तैयारियां शुरु कर दी है। आयोग ने भर्ती प्रक्रिया में बढ़ा बदलाव करने की भी तैयारी कर ली है। जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी), प्रवक्ता शिक्षक और प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक तथा सहायकत अध्यापक संबद्ध प्राइमरी पदों की नई भर्ती परीक्षा में इस बार पाठ्यक्रम हिन्दी के साथ अंग्रेजी में भी उपलब्ध कराया जायेगा। अभी तक आयोग की बेवसाइट पर केवल हिन्दी माध्यम से ही पाठ्यक्रम अपलोड होता था। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार के मुताबिक विगत दिनों आयोजित टीजीटी और पीजीटी की भर्ती परीक्षाओं के दौरान यह बात सामने आई कि प्रश्न पत्र हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होते है, परन्तु पाठ्यक्रम केवल हिन्दी के उपलब्ध रहता है, इससे सीबीएसई, यूपी बोर्ड, अंग्रेजी माध्यम और आईसीएसई पृष्ठभूमि के अभ्यार्थियों को कठिनाई होती थी। क्योंकि उनकी शैक्षिक पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होती है। आगामी शिक्षक भर्ती को अध्यन में रखते हुए आयोग दोनों भाषाओं में पाठ्यक्रम तैयार करने के दिशा में काम कर रहा है।

## उप्र राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग ने की सुनवाई

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक पिछड़ेपन के समकालीन एवं अनुभवजन्य अध्ययन के उद्देश्य से सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की गई। सार्वजनिक सुनवाई की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। इस अवसर पर आयोग के सदस्य श्री बृजेश कुमार (सेवानिवृत्त डीएनजे), संतोष कुमार विश्वकर्मा (सेवानिवृत्त एडीजे), डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया (सेवानिवृत्त आईएएस) एवं एस.पी. सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस) उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं संबंधित पक्षों ने स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक प्रतिनिधित्व एवं राजनीतिक पिछड़ेपन से संबंधित अपने सुझाव, अभिमत एवं तथ्य आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए।

**सूचना**

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ में दुकान (Restaurant) आवंटन के लिए उपलब्ध हैं जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। Restaurant में सभी प्रकार के मेन्यू बनाने वह Get Together कराने की व्यवस्था होनी चाहिए। इस सन्दर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ के पते पर दिनांक 14 जुलाई 2026 से पहले सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर के मुख्य द्वार पर रखे हुए बीड बोक्स में डालें या रजिस्टर्ड डाक करें। 14 जुलाई 2026 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकान का आवंटन उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।

## पिता की तहरीर पर पुलिस ने किया गिरफ्तार, नकदी-जेवर समेत डीवीआर बरामद

# घर में चोरी का राज 48 घंटे में खुला, बेटा ही निकला चोर

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** गोला कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की एक वारदात ने रिश्तों पर ऐसा सवाल खड़ा कर दिया, जिसने पूरे इलाके को हैरान कर दिया। जिस पिता ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी, जांच आगे बढ़ी तो शक घर के ही छोटे बेटे पर जाकर टिक गया। पुलिस ने जब सख्ती और साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ की तो बेटे ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इसके बाद चोरी का लगभग पूरा सामान भी बरामद हो गया।

पूर्वी दीक्षिताना निवासी सुखदेव प्रसाद ने 2 जुलाई को कोतवाली गोला में तहरीर देकर बताया था कि उनका बड़ा बेटा विक्की और बहू नेहलता यूपी-टीईटी परीक्षा देने सीतापुर गए थे। वह स्वयं अपनी दुकान पर थे। इसी



बीच दिनदहाड़े कोई घर में घुसा और सीसीटीवी का डीवीआर, सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी लेकर फरार हो गया। तहरीर में करीब 60 हजार रुपये नकद चोरी होने की बात कही गई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी, स्थानीय सूचनाओं और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान घटनास्थल और परिस्थितियों का विश्लेषण करने पर शक परिवार के ही छोटे बेटे अर्जुन कुमार पर गहरा गया, जो अलग रह रहा था। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो वह ज्यादा देर तक सच छिपा नहीं सका और चोरी की पूरी वारदात स्वीकार कर ली। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 15,590 नकद, सोने-चांदी के कई आभूषण और चोरी के बाद हटाया गया सीपी प्लस कंपनी का डीवीआर बरामद कर लिया। पूछताछ में यह भी साफ हुआ कि घर से 60 हजार नहीं बल्कि करीब 15 हजार रुपये ही चोरी हुए थे। पिता और आरोपी बेटे से अलग-अलग पूछताछ के बाद पुलिस ने इसे स्पष्ट करते हुए शत-प्रतिशत बरामदगी का दावा किया।

गिरफ्तार आरोपी अर्जुन कुमार (30 वर्ष) पुत्र सुखदेव प्रसाद, निवासी पूर्वी दीक्षिताना, थाना गोला के खिलाफ पहले से दर्ज मुकदमे में बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराएं बढ़ाते हुए न्यायालय भेज दिया गया।

इस कार्रवाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में अंजाम दिया गया।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, कांस्टेबल परीक्षित सैनी, अनुज सागर और पवन कुमार शामिल रहे।

## 17 साल से अपराध की दुनिया में सक्रिय 15 मुकदमों का हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** खमरिया पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25 हजार रुपये के इनामी और 15 मुकदमों के हिस्ट्रीशीटर सोनेलाल पुत्र राजाराम निवासी सुरजनपुर को गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2009 से अपराध की दुनिया में सक्रिय सोनेलाल वर्ष 2022 में खमरिया पंडित गांव में हुई चर्चित चोरी के मामले का वास्तविक आरोपी भी निकला। पुलिस ने उसे चौरा मोड़ (समैसा) के पास घेराबंदी कर दबोचा। उसके कब्जे से चोरी की एक जोड़ी चांदी की पायल, तीन जोड़ी बिछिया, एक अवैध .315 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2022 की चर्चित चोरी के मामले में शुरुआत में अन्य लोगों पर संदेह जताया गया था, लेकिन विवेचना में सामने आए साक्ष्यों से सोनेलाल का नाम वास्तविक आरोपी के रूप में सामने आया। इसके बाद उसे मुकदमे में नामजद किया गया, न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी हुआ और गिरफ्तारी न होने पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया था। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक सोनेलाल पिछले 17 वर्षों से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है।



## खबरें एक नजर में

### गो-रक्षा यात्रा के तहत खीरी पहुंचे जगद्गुरु शंकराचार्य

गोवंश को 'राष्ट्रीय माता' का दर्जा देने की उठाई मांग



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्मगुरु जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' शुक्रवार को गो-रक्षार्थ निकाली जा रही 'गविष्टि (गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्रा' के तहत लखीमपुर खीरी पहुंचे। जिले के निघासन, मोहम्मदी और गोला गोकर्णनाथ में उनका भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया और 'जय श्रीराम ', 'हर-हर महादेव' तथा 'जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज की जय' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। निघासन के जेपी पैलेस एवं गोपाल जी लॉन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य ने कहा कि गो-रक्षा यात्रा का उद्देश्य देशभर में गोवंश संरक्षण के प्रति जनजागरण करना तथा सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और जीवन मूल्यों का प्रतीक है। इसलिए गो-रक्षा धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व भी है। अपने संबोधन में शंकराचार्य ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की गो-रक्षा संबंधी नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि लंबे समय से मांग किए जाने के बावजूद गोवंश को अब तक 'राष्ट्रीय माता' का कानूनी दर्जा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गो-रक्षा के प्रति गंभीर है तो इस दिशा में प्रभावी कानून बनाया जाना चाहिए तथा गोहत्या रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने लोगों से गो-रक्षा के मुद्दे को लोकतांत्रिक तरीके से जन-जन तक पहुंचाने और इस विषय को प्राथमिकता देने वाले जनप्रतिनिधियों का समर्थन करने का आह्वान किया। मोहम्मदी के गिरिराज मैरिज लॉन में भी उनका भव्य स्वागत हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन से हुई। पूर्व मंत्री एवं मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष डॉ. आर.ए. उस्मानी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जगद्गुरु को सौंपते हुए गोवंश को 'राष्ट्रीय माता' घोषित किए जाने की मांग रखी। इस अवसर पर जयकरन बाजपेई, कार्तिक तिवारी, लक्ष्मण गुप्ता, सपा नगर अध्यक्ष इकरार अहमद खां, असलम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसके बाद गोला गोकर्णनाथ के मोहम्मदी रोड स्थित रॉयल लॉन तथा पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर भी शंकराचार्य का स्वागत किया गया। उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए गो-रक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

### ब्लॉक मुख्यालय पर डीएम-एसपी ने किया पौधरोपण

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया ब्लॉक मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य श्रीमती मनु कालिया ने संयुक्त रूप से पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। डीएम पवन कुमार गंगवार ने परिसर में पौधा लगाकर कैन से पानी दिया। इस दौरान एसपी अपर्णा रजत कौशिकव विधिक प्राधिकरण सदस्य मनु कालिया साथ खड़ी रहीं। अन्य प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी व स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए। एसपी ने कहा कि वृक्ष जीवनदाता हैं और पुलिस विभाग भी हरियाली अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है। सदस्य मनु कालिया ने कानूनी सेवा शिविर के साथ पर्यावरण जागरूकता को जोड़ने पर जोर दिया।

### मुकदमा विहीन गांवों की पहल को मिला सम्मान प्रधान, सचिव व शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में बेहतर प्रशासन, विवादमुक्त वातावरण और जनहित के कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों, अधिकारियों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष एवं पोखडौर के ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ को ग्राम पंचायत के प्रभावी संचालन तथा पोखडौर को मुकदमा विहीन गांव के रूप में स्थापित करने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा गलरिया के ग्राम प्रधान गुलाब सिंह पटेल तथा अहुगी कलां की ग्राम प्रधान नगीना देवी को भी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडीओ (पंचायत) नरेंद्र कानापुरिया, पंचायत सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय एवं मनोज कुमार को पंचायत संचालन एवं जनसेवा में सराहनीय कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## रामनगर कलां में सहकारी समिति का उद्घाटन

▶ विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ, किसानों को नजदीक ही मिलेंगी सेवाएं



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बिजुआ ब्लॉक क्षेत्र के गांव रामनगर कलां में नवगठित सहकारी समिति (बी पैक्स) का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोला विधायक अमन गिरि ने फीता काटकर किया। सहकारी समिति का मुख्य उद्देश्य सदस्यों की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा करने और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरी ने कहा कि सहकारी समिति के खुलने से अब किसानों को बीज एवं खाद्य के लिए दूर-दूर तक नहीं भटकना पड़ेगा। इसका सीधा लाभ क्षेत्रीय किसानों को मिलेगा सहकारी समिति का मुख्य लक्ष्य किसानों को मजबूत करना और उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाना है। बी पैक्स समितियां किसानों को खाद, बीज, ऋण और अन्य सहकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।अपने नजदीक समिति खुलने से काश्तकारों ने खुशी जताई।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) श्यामलाल वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, मंडल महामंत्री आदित्य मोहन शुक्ला एवं सतीश गौतम, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र भूषण, गन्ना सहकारी समिति के निदेशक अनिल दीक्षित, ग्राम प्रधान हर्षदीप सिंह, अभिषेक बाजपेयी, देवेंद्र सिंह, महेश सिंह, डॉ. बच्चू सिंह, ईश्वर सिंह, अवतार सिंह, कुलभूषण त्रिवेदी, मंजीत सिंह, पवन वर्मा, चमन पाल सिंह, सोढ़ी सिंह, राजीव मिश्रा, धीरेन्द्र दीक्षित तथा सुधीर वाजपेयी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अनूप सिंह ने की संचालन समिति सचिव हृदयेश शंकर शुक्ला ने किया।

किसानों को मिली नई सौगात

## बिजुआ सीएचसी में 4 दिवसीय दस्तक अभियान प्रशिक्षण शुरू

▶ आशा-आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर सर्वे व रोग पहचान का दिया जा रहा प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।** संचारी रोगों की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिजुआ में शनिवार से चार दिवसीय दस्तक अभियान प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में बीसीपीएम राम मोहन अवस्थी तथा आईसीडीएस विभाग के अधिकारियों ने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। अधीक्षक डॉ. सुभाष वर्मा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत 11 जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान से पूर्व सभी फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कर्मियों को चार दिवसीय प्रशिक्षण देकर उन्हें फील्ड कार्य के लिए तैयार किया जा रहा है।

## जीरो-डोज बच्चों तक टीकाकरण पहुंचाने को लेकर जागरूकता बैठक

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** आकांक्षी विकास खंड हलिया के बरया प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को जीरो-डोज बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने के लिए समुदाय स्तरीय अभिमुखीकरण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संगठनों की टीम ने ग्रामीण महिलाओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में बताया। ब्लॉक में ऐसे बच्चों की पहचान करना जिन्हें जन्म से अब तक टीके की एक भी खुराक नहीं मिली है। इन्हें जीरो-डोज बच्चे कहा जाता है। गावी, यूनिसेफ और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चल रहे ब्रीचिंग जीरो डोज चिल्ड्रन इन इंडिया अभियान के तहत इन बच्चों तक पहुंचकर उनका संपूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना है। महिलाओं को किया जागरूक बैठक में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय महिलाओं ने हिस्सा लिया। टीम ने टीकाकरण से छूटे बच्चों के स्वास्थ्य जोखिम, नियमित टीकाकरण का शेड्यूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। पंपलेट वितरित कर घर-घर सर्वे में सहयोग की अपील की गई। स्टोर रूम के बाहर कुर्सियों पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया। महिलाओं ने भी टीकाकरण को लेकर अपनी शंकाएं साझा कीं। जिनका मौके पर समाधान किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि 0-5 वर्ष तक के सभी बच्चों का समय पर टीकाकरण कराएं। टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं और गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। गांव-गांव जाकर जीरो-डोज बच्चों की सूची तैयार की जा रही है ताकि कोई भी बच्चा टीके से वंचित न रहे।

## विधिक सेवा व सशक्तिकरण शिविर में लगी विशेष लोक अदालत

▶ वन-जनजाति मामलों का हुआ निस्तारण




**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मीरजापुर के तत्वावधान में शनिवार को हलिया ब्लॉक परिसर में ष्विधिक सेवा व सशक्तिकरण शिविरष् तथा ष्विशेष लोक अदालतष् का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य वनवासी एवं अनुसूचित जनजाति समुदायों के लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण करना रहा। कौन-कौन रहे मौजूद मुख्य अतिथि सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक प्राधिकरण लखनऊ डॉक्टर श्रीमती मनु कालिया जिला जज अनुपम कुमार, जिला सचिव विधिक प्राधिकरण मिर्जापुर आनंद कुमार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी सिंह, डीएम पवन कुमार गंगवार, डीएफओ आरुषि मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार सहित अन्य न्यायिक अधिकारी व प्रशासनिक अधिकारी मंच पर मौजूद रहे। जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष अनुपम कुमार के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया गया। इन मामलों का हुआ निस्तारण विशेष लोक अदालत में भारतीय वन अधिनियम 1927, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006, भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 से जुड़े मामलों की सुनवाई कर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।शिविर का उद्देश्य आयोजन का लक्ष्य वन व जनजाति समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और कानूनी विवादों का मौके पर ही समाधान कर त्वरित न्याय उपलब्ध कराना था। शिविर में विधिक सहायता, सरकारी योजनाओं की जानकारी व आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोक अदालत आपसी सुलह का बेहतर माध्यम है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है और किसी की हार-जीत नहीं होती। वनवासी समुदाय के लोगों से अपील की गई कि वे अपने विवादों के निस्तारण के लिए लोक अदालत का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, रेंजर संतोष कुमार मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में वादकारी, अधिवक्ता, राजस्व व वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वन महोत्सवः जागरूकता रैली निकाल 'एक पेड़ मां के नाम' का दिलाया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** वन महोत्सव सप्ताह के तहत राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज, बाली-निचलौल में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) निरंजन सुर्वे एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी मधवलिया अजीत कुमार रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरजाशंकर अग्रवाल तथा उप-प्रधानाचार्य अनिल पटेल के नेतृत्व में निकली रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर निचलौल कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के प्रति लोगों को जागरूक किया। अपने संबोधन में डीएफओ निरंजन सुर्वे ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ उसकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए।



उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रकृति के संरक्षण के साथ मातृ सम्मान का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा छात्र-छात्राओं के बीच पौधों का वितरण कर उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में निचलौल रेंज के कुड़िया माता मंदिर परिसर में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मंदिर के महंत हरिलाल गिरी, बब्लू कुशवाहा, ग्राम प्रधान हरेन्द्र सिंह (बजहां उर्फ अहिरौली) सहित स्थानीय लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर रेंजर सुनील राव, वन दारोगा अशोक सिंह, धीरेंद्र प्रताप, अर्जुन कुमार तथा अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी सुरक्षा एवं नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

## भटवारी आंगनबाड़ी केंद्र का डीएम-सीडीओ ने किया निरीक्षण, बच्चों से पूछे सवाल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** आकांक्षी विकास खंड हलिया के भटवारी गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर शनिवार को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी आईएएस विशाल कुमार ने औचक निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने केंद्र पर मौजूद बच्चों से सीधा संवाद कर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। डीएम पवन कुमार गंगवार ने जमीन पर दरी बिछाकर पढ़ रहे बच्चों के पास जाकर एबीसीडी, गिनती और पहाड़े सुने। बच्चों की कॉपियां भी चेक कीं। दीवारों पर लगे अक्षर, आकृतियों व पहाड़ा चार्ट के जरिए बच्चों के सीखने के स्तर का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ विशाल कुमार ने आंगनवाड़ी केंद्र की साफ-सफाई, पठन-पाठन सामग्री, पोषण आहार वितरण और उपस्थिति पंजिका की जांच की।



कार्यकत्री से बच्चों की नियमित उपस्थिति और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।डीएम ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दी जाए ताकि उनका बुनियादी ज्ञान मजबूत हो। समय से केंद्र खोलने, बच्चों को नियमित बुलाने और पोषाहार गुणवत्तापूर्ण देने को कहा।

## महराजगंज डॉक्टर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित, डॉ. पीके श्रीवास्तव अध्यक्ष बने

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** महराजगंज डॉक्टर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को शहर के एक होटल में आयोजित आमसभा एवं चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से किया गया। चुनाव में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पीके श्रीवास्तव को अध्यक्ष, डॉ. अरुण गुप्ता को सचिव तथा डॉ. राजेश मद्धेशिया को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। नई कार्यकारिणी के गठन पर उपस्थित चिकित्सकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज के स्वास्थ्य प्रहरी हैं। वे केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते, बल्कि



सेवा, समर्पण, विश्वास और मानवीय संवेदनाओं के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बदलते समय में चिकित्सा सेवा के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी चिकित्सकों की बड़ी जिम्मेदारी है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. पीके श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन चिकित्सकों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की एकजुटता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। साथ ही जनहित में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भी संगठन अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। नीमा, आईडीए एवं होम्योपैथिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखते हुए चिकित्सकों से पेशेवर दायित्वों के साथ मानवीय मूल्यों और चिकित्सा नैतिकता का पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सकों को उनके उल्लेखनीय योगदान और मानवीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसीएमओ डॉ. एवी त्रिपाठी, डॉ. वीरेंद्र आर्या, डिप्टी सीएमओ डॉ. केपी सिंह सहित डॉ. एसके वर्मा, डॉ. एसजेड अब्दीन, डॉ. अफसाना, डॉ. आरआर कौशिक, डॉ. राजीव मद्धेशिया, डॉ. प्रीति मद्धेशिया, डॉ. सलीम खान, डॉ. टी. सुल्ताना, सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।

### नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग का मिला प्रशिक्षण

जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत जिले के एग्री जंक्शन एवं आईएफएफडीसी बिक्री केंद्र प्रभारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र एवं इफको के विशेषज्ञों ने आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देते हुए किसानों तक नई तकनीकों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि अपर जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार निषाद ने कहा कि बदलते कृषि परिदृश्य में अधिक उत्पादन के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है।

## सीएमओ का घुघली सीएचसी पर औचक निरीक्षण

▶ स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश



**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सुरेन्द्र चौधरी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) घुघली का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी, आकस्मिक विभाग, प्रसव कक्ष, वार्ड, फार्मेसी, दवा स्टॉक रजिस्टर एवं अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। सीएमओ ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, अभिलेखों के समुचित रखरखाव और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता और अनुशासन से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अस्पताल की सभी व्यवस्थाएं हमेशा चुस्त-दुरुस्त रहें और मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।